

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रात:नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791



वर्ष : 3, अंक : 141 रांची, मंगलवार, 05 मई, 2026 (ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष 04, संवत 2083) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये,
email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com

# भगवामय हुआ बंगाल, असम में हैट्रिक, दक्षिण में बड़ा बदलाव


## बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार, तमिलनाडु में नई राजनीतिक ताकत उभरी, केरल में कांग्रेस की वापसी, पुडुचेरी में फिर एनडीए का परचम

**पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु और केरल समेत पांच राज्यों के चुनावी नतीजों ने देश की राजनीति में बड़ा संदेश दिया है। इन परिणामों ने साफ कर दिया कि मतदाता चुपचाप लिया गया फैसला भी सत्ता के समीकरण पूरी तरह बदल सकता है। कहीं सत्ता परिवर्तन हुआ, तो कहीं जनता ने मौजूदा सरकार पर भरोसा कायम रखा।**

एजेंसी




### पश्चिम बंगाल





| पार्टी | 2026 |
|---|---|
| भाजपा | 206 (+129) |
| टीएमसी | 81 (-135) |
| कांग्रेस | 2 (+2) |
| लेफ्ट फ्रंट | 2 (+1) |
| अन्य | 2 (+2) |

### केरल




| पार्टी | 2026 |
|---|---|
| यूडीएफ | 102 (+61) |
| एलडीएफ | 35 (-64) |
| एनडीए | 3 (+3) |
| अन्य | 0 (0) |

### तमिलनाडु




| पार्टी | 2026 |
|---|---|
| टीवीके | 107 (+107) |
| अन्नाद्रमुक+ | 51 (-24) |
| डीएमके+ | 65 (-94) |
| अन्य | 11 (+11) |

### असम




| पार्टी | 2026 |
|---|---|
| भाजपा+ | 102 (+27) |
| कांग्रेस+ | 21 (-29) |
| अन्य | 3 (+2) |

### पुडुचेरी




| पार्टी | 2026 |
|---|---|
| एनडीए | 18 (+2) |
| कांग्रेस+ | 6 (-2) |
| अन्य | 6 (0) |

**नई दिल्ली/कोलकाता/चेन्नई/गुवाहाटी।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों ने देश की राजनीति में बड़ा बदलाव दर्ज किया है। पश्चिम बंगाल में पहली बार भारतीय जनता पार्टी ने स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता हासिल की है, वहीं असम में पार्टी ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर हैट्रिक पूरी की है। दक्षिण भारत में भी तमिलनाडु और केरल के नतीजों ने नई राजनीतिक तस्वीर पेश की है।

**बंगाल में बदला सियासी मिजाज :** पश्चिम बंगाल में भाजपा ने 200 से अधिक सीटें जीतकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। लंबे समय से सत्ता में रही ममता बनर्जी को इस बार हार का सामना करना पड़ा। कई मंत्रियों की हार के साथ ही 15 वर्षों का उनका शासन समाप्त हो गया। अब राज्य में पहली बार केंद्र और राज्य में एक ही दल की सरकार बनने जा रही है।

**असम में तीसरी बार कमल खिला :** असम में हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में भाजपा ने लगातार तीसरी बार जीत हासिल की। 126 सीटों में से 80 से अधिक सीटों पर जीत के साथ पार्टी ने अपनी मजबूत पकड़ साबित की। खास बात यह रही कि सरकार का कोई भी मंत्री चुनाव नहीं हारा।

**तमिलनाडु में नई ताकत का उदय :** तमिलनाडु में इस बार राजनीति ने चौंकाने वाला मोड़ लिया। अभिनेता विजय की पार्टी ने सबसे अधिक सीटें जीतकर सरकार बनाने की राह खोल दी। लगभग छह दशक बाद राज्य में ऐसी सरकार बनने जा रही है, जिसमें पारंपरिक दलों का वर्चस्व नहीं होगा। वहीं एम.के. स्टालिन को भी हार का सामना करना पड़ा।

**केरल में कांग्रेस की वापसी :** केरल में सत्ता विरोधी रुझान के चलते कांग्रेस नीत गठबंधन ने बहुमत हासिल किया। पिनाराई विजयन अपनी सीट नहीं बचा सके। इसके साथ ही देश में वामपंथी दलों की सरकार का अंत हो गया, जो कई दशकों बाद एक बड़ा राजनीतिक बदलाव माना जा रहा है।

**पुडुचेरी में फिर एनडीए की सरकार :** पुडुचेरी में एन. रंगासामी के नेतृत्व में गठबंधन ने एक बार फिर सरकार बनाने की स्थिति हासिल की। यह उनकी पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनने की राह तैयार करता है। कुल मिलाकर, इन चुनाव परिणामों ने यह साफ कर दिया है कि देश की राजनीति में मतदाता अब निर्णायक बदलाव करने से पीछे नहीं हटता। कहीं स्थिरता को समर्थन मिला, तो कहीं नई ताकतों को मौका देकर नई दिशा तय की गई।

## संक्षिप्त

### लालू परिवार को राबड़ी आवास खाली करने का अल्टीमेटम

**पटना।** बिहार की राजनीति में एक बड़ी हलचल सामने आई है, जहाँ सम्राट सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनके परिवार को पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास राबड़ी आवास खाली करने के लिए 15 दिनों का समय दे दिया है। यह वहीं आवास है जहां पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव रहते हैं। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, सम्राट सरकार ने पहले भी करीब एक साल पहले 25 नवंबर को आवास खाली करने का आदेश दिया था, लेकिन लालू परिवार की ओर से अब तक आवास खाली नहीं किया गया। इसके बाद अब सम्राट सरकार ने सख्त रुख दिखाकर अंतिम चेतावनी दी है। भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा जारी नोटिसों में राबड़ी देवी के अलावा, हाल ही में चुनाव हार चुके कई पूर्व विधायकों को भी सरकारी बंगले खाली करने को कह दिया गया है।

### लिपुलेख मार्ग से कैलाश मानसरोवर यात्रा पर नेपाल की आपत्ति

**नई दिल्ली।** नेपाल ने एक बार फिर लिपुलेख दर्रे के माध्यम से प्रस्तावित कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर कूटनीतिक मोर्चा खोल दिया है। काठमांडू ने भारत और चीन दोनों देशों को संदेश भेजकर इस मार्ग के उपयोग पर अपनी आधिकारिक आपत्ति दर्ज कराई है। नेपाल सरकार का तर्क है कि 1816 की सुगौली संधि के आधार पर लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी उसके संप्रभु क्षेत्र का हिस्सा हैं। यह विवाद ऐसे समय में दोबारा गरमाया है जब भारत ने जून और अगस्त के बीच इस पारंपरिक मार्ग से तीर्थयात्रा आयोजित करने की योजना साझा की है। नेपाल का कहना है कि महाकाली नदी के पूर्व में स्थित ये तमाम इलाके उसके अभिन्न अंग हैं और उसने कूटनीतिक माध्यमों से अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है।
नेपाल के इन दावों पर भारत के विदेश मंत्रालय ने कड़ी और स्पष्ट प्रतिक्रिया दी है।

## गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक भाजपा की सरकार : नितिन नवीन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** देश के पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजों में भारतीय जनता पार्टी के ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद पार्टी मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताया। भाजपा मुख्यालय में आयोजित जीत के जश्न में आए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नितिन नवीन ने कहा कि ये सभी के लिए ऐतिहासिक क्षण है। आज पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में देवतुल्य जनता ने भाजपा को जो समर्थन दिया है, उसके लिए इन सभी पांच राज्यों के लोगों का अभिनंदन है। भाजपा के नेतृत्व के प्रति और भाजपा-एनडीए के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आज 4 मई का दिन है और नतीजे आए हैं, लेकिन 4 जून, 2024 का दिन को याद दिलाते हुए उन्होंने कहा कि जनता ने हमारे नेतृत्वकर्ता को जो समर्थन और विश्वास दिया था, उसमें कहीं न कहीं एक कसक रह गई थी। आज जब 4 मई को प्रचंड बहुमत और जीत देकर 2024 की उस कसक को पूरा किया है और उसके बाद हुए सभी चुनाव में जनता ने भाजपा को प्रचंड जीत देने का काम किया और नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व के प्रति आस्था और विश्वास व्यक्त किया है। नितिन नवीन ने कहा कि आज जब पश्चिम बंगाल, असम और पुदुचेरी के जो परिणाम आए हैं, इन तीनों राज्यों के परिणामों ने ये स्पष्ट किया है कि आज देश की जनता का अटूट विश्वास और समर्थन हमारे नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति है। देश की जनता का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत में आने वाले समय में भी कमल खिलेगा। पश्चिम बंगाल में कार्यकताओं की अथक परिश्रम, उनकी तपस्या रंग लाई। आज भाजपा की सरकारें राज्यों में दोबारा आ रही है। आज जनता ने भरोसा जिताया, नरेन्द्र मोदी को जनता का स्नेह, समर्थन मिला है। आज भी1 2 सालों के बाद भी वो ही स्नेह जनता प्रधानमंत्री के प्रति कायम है। उके नेतृत्व में गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक भाजपा की सरकार बन रही है। नितिन नवीन के कहा कि श्यामा प्रसाद मुर्खजी की जन्मस्थली को जनता ने भाजपा मय कर दिया।

### ऐतिहासिक जीत पर बंगाली धोती पहनकर मुख्यालय पहुंचे पीएम मोदी, बोले -

# वर्षों की साधना, मेहनत और समर्पण हुई सिद्ध

**बंगाली धोती पहनकर मुख्यालय पहुंचे पीएम मोदी, पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और लोकतंत्र की ताकत को बताया जीत का आधार**



**नई दिल्ली।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मजबूत प्रदर्शन के बीच राजधानी दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में जश्न का माहौल है। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में सरकार बनती नजर आ रही है, जबकि अंतिम परिणामों की औपचारिक घोषणा का इंतजार है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बंगाली परंपरागत धोती पहनकर भाजपा मुख्यालय पहुंचे और कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने इस जीत को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बताते हुए कहा कि यह वर्षों की साधना, मेहनत और समर्पण का परिणाम है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, सालों की साधना जब सिद्धि में बदलती है तो जो खुशी चेहरे पर होती है, वही खुशी आज देशभर के भाजपा कार्यकताओं के चेहरों पर दिखाई दे रही है।
उन्होंने खुद को एक कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि वह पार्टी के हर कार्यकर्ता की खुशी में सहभागी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस जीत को लोकतंत्र और जनता के विश्वास की जीत करार दिया। उन्होंने कहा कि यह दिन देश के उज्ज्वल भविष्य की उद्घोषणा है और परफॉर्मेंस की पॉलिटिक्स पर जनता की मुहर है। साथ ही एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को भी उन्होंने इस जीत का महत्वपूर्ण आधार बताया। उन्होंने कहा कि भारत का लोकतंत्र केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि एक संस्कार है जो देश की रगों में बहता है। उन्होंने जोर देकर कहा, आज लोकतंत्र ही नहीं, संविधान और संवैधानिक संस्थाएं भी जीती हैं।
प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावों में रिकॉर्ड मतदान का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल में करीब 93 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि केरल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में भी मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खास तौर पर महिलाओं की भागीदारी को उन्होंने लोकतंत्र की सबसे उजली तस्वीर बताया।

## पलामू में तीन अलग-अलग सड़क हादसों में चार की मौत

प्रात: नागपुरी संवाददाता

**पलामू।** जिले में रविवार शाम से देर रात तक हुए तीन अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। सभी शवों का पोस्टमार्टम मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) में कराया गया है। पुलिस के अनुसार, पांकी थाना क्षेत्र में रविवार को दो अलग-अलग स्थानों कोनवाई और तेतराई में हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की जान चली गई। कोनवाई बांदुबार गांव के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।
मृतकों की पहचान कोनवाई निवासी रूपक सिंह (शिक्षक विजय सिंह के पुत्र) और कृत रौशन (पिता-जगन्नाथ सिंह) के रूप में हुई है। तेतराई गांव में तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के नौडीहा निवासी चंदन कुमार (पिता-सिलवंत राम) की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य घायल को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में मेदिनीनगर रेफर किया गया है। पुलिस ने दोनों घटनाओं में संबंधित वाहनों को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। तीसरी घटना नावा जयपुर थाना क्षेत्र में हुई, जहां 75 वर्षीय शीतल महतो की सड़क हादसे में मौत हो गई। वे घोरीघाट बाजार से सब्जी बेचकर लौट रहे थे, तभी रास्ते में एक बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी।

## अवैध निकासी मामला : सीआईडी ने एक आरोपित को किया गिरफ्तार

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने हजारीबाग कोषागार से अवैध राशि निकासी मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई विशेष जांच दल (एसआईटी) की ओर से सोमवार को की गई। अनुसंधान के क्रम में टीम की ओर से मामले के अप्राथमिकी अभियुक्त सौरभ कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया है। वह बिहार के रोहतास जिले के काराकाट का रहने वाला है। इसके पास से बरामद एसबीआई खाता संख्या-33894930737 में पूर्व के अनुसंधानकर्ता की ओर से 01 करोड 50 लाख रुपए का फिक्स डिपॉजिट और 18 लाख 86 हजार 467 रुपए को फ्रिज किया गया है। गिरफ्तारी के कम में होण्डा बाइक, मोबाईल, एसबीआई का पासबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड जब्त किया गया है। मामले में पूर्व में पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश - आमजन को न हो पेयजल की असुविधा

# बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं में ढिलाई बर्दाश्त नहीं : सीएम

**क्षेत्रीय जल स्रोतों की हो नियमित मॉनीटरिंग और समस्याओं का त्वरित समाधान**

**सीधे संवाद से ही होगा समाधान, प्रशासनिक तत्परता और आपसी समन्वय से सुनिश्चित हो जन-सुविधाएं**

प्रात: नागपुरी संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के वरीय पदाधिकारियों एवं सभी उपायुक्तों के साथ बैठक कर भीषण गर्मी तथा बढ़ते तापमान की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य सेवाओं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक निगरानी को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मी के इस मौसम में आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह जिला प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए कि अपने-अपने जिलों में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी क्षेत्र में जल-संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। जलापूर्ति योजनाओं, चापाकलों, टैंकरों और अन्य वैकल्पिक जल-स्रोतों की नियमित निगरानी की जाए तथा जहां भी समस्या की सूचना मिले, वहां त्वरित कार्रवाई की जाए।
मुख्यमंत्री ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था की भी समीक्षा करते हुए कहा कि गर्मी के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला प्रशासन संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर बिजली कटौती, ट्रांसफॉर्मर की खराबी तथा आपूर्ति बाधित होने जैसी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करे। स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में मुख्यमंत्री ने सभी जिलों को विशेष सतर्कता बरतने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा अन्य चिकित्सा संस्थानों में हीटवेव और लू से प्रभावित लोगों के उपचार की समुचित व्यवस्था रहे। आवश्यक दवाइयों, ओ।आर।एस।, पेयजल, चिकित्सा उपकरणों और स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करें और जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं का भौतिक निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने भ्रमण की जानकारी मुख्यालय को साझा करें, जहां भी जाएं, वहां की तस्वीरें भी भेजें।

### सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में विधायक प्रदीप यादव को एक साल की सजा

**दुमका।** सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में सोमवार को गोड्डा के पोड़ैयाहाट से कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव को एक साल की सजा सुनायी गयी है। सजा एमपी-एमएलए की विशेष न्यायाधीश मोहित चौधरी की अदालत ने सुनाया। वहीं भाजपा के पूर्व विधायक रंधीर सिंह समेत 14 नामजद आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी करने का आदेश सुनाया। जानकारी के अनुसार केस वर्ष 2010 का है। तत्कालीन झारखंड विकास मोर्चा के नेता प्रदीप यादव एवं रंधीर सिंह रहते हुए सूखाड़ के मुद्दे लेकर देवघर समहारणालय का घेराव किया था।

# टीएसपीसी का सब-जोनल कमांडर गिरफ्तार, हथियार बरामद

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** बुढ़मू थाना पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी ) के सब-जोनल कमांडर विरम राम उर्फ अरविन्द को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक नाइन एमएम पिस्टल, एक मैग्जीन, सात 07 गोली, दो राउटर और एक माबाईल फोन बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी गौरव गोस्वामी ने सोमवार को प्रेस वार्ता में बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बुढ़मू थाना क्षेत्र स्थित ईट भट्ठा में की गई फाईरिंग सहित कई उग्रवादी घटनाओं में फरार प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी का सब जोनल कमाण्डर विरम राम उर्फ अरविन्द लातेहार जिला अंतर्गत चंदवा शहर के धोबी टोला में देखा गया है। उग्रवादी के गिरफ्तारी के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर खलारी डीएसपी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम की ओर से टीएसपीसी का सब जोनल कमांडर विरम राम उर्फ अरविन्द के मकान चन्दवा शहर स्थित धोबी टोला में स्थानीय पुलिस के सहयोग से घेराबंदी कर छापेमारी की गई। इस बीच मौका पाकर विरम राम उर्फ अरविन्द घर के पीछे से भागने का प्रयास किया। लेकिन छापेमारी टीम के सदस्यों ने उसे पकड़कर पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। पकड़ाए सब जोनल कमांडर विरम राम उर्फ अरविन्द ने पूछताछ में कई उग्रवादी घटनाओं में अपना अपराध स्वीकार करते हुए बुढ़मू थाना क्षेत्र में ईट भट्ठा पर फायरिंग की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उसकी निशानदेही पर बुढ़मू थाना क्षेत्र के छापर गांव स्थित अर्धनिर्मित मकान से एक पिस्टल, मैग्जीन सहित 07 गोली, 02 राउटर और मोबाईल फोन बरामद किया गया। गिरफ्तार सब जोनल से पूछताछ करने पर बताया गया कि यह पिछले 15 वर्षों से टीएसपीसी उग्रवादी संगठन से जुड़ा है और बुढ़मू, ठाकुरगांव, पतरातु, खलारी, कांके, केरेडारी, पिपरवार, पिठोरीया मैक्लुस्कीगंज, रातु थाना क्षेत्र में सब जोनल कमांडर के रुप में कार्यरत है। यह संगठन में रहकर जमीन कारोबारियों, ठेकेदारों, ईंट भट्ठा मालिकों, कोयला व्यवसायियों और क्रेसर मालिकों को फोन पर धमकी देकर रंगदारी-लेवी की मांग करता है एवं नहीं देने वाले पर गोली बारी-आगजनी की कार्रवाई करता है।




# संकुल स्तरीय प्रधानाचार्यों की बैठक डकरा में संपन्न, शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार पर जोर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**डकरा।** संकुल केंद्र सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में संकुल स्तरीय प्रधानाचार्यों की एक महत्वपूर्ण योजनाबैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी शैक्षणिक सत्र की रूपरेखा तैयार करना तथा विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाना रहा। बैठक की अध्यक्षता संकुल संयोजक अवधेश कुमार सिंह ने की। इसमें डकरा संकुल के सभी पांच विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे, जिनमें डकरा के प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा, मैक्लुस्कीगंज के प्रधानाचार्य लखन कुमार गुप्ता, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह, पिपरवार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य लालू उरांव तथा पुरानी राय के प्रधानाचार्य गणेश महतो शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके उपरांत सभी प्रधानाचार्यों का स्वागत किया गया। बैठक में नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन, संकुल स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं तथा शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## संक्षिप्त

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बच्चे की मौत, चालक फरार

**खूंटी।** जिले के रनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत भालूटोली गांव में सोमवार को हुए सड़क हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान भालू टोली निवासी आयुष तोपनो (08) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार की दोपहर में आयुष अपने घर के पास सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान कामडारा से तोरपा की ओर जा रही एक तेज रफ्तार डिजायर कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आयुष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद बालक के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई थीं। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए और इसकी जानकारी रनिया थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर रनिया थाना प्रभारी श्यामल कुंभकार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मृतक के परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक आयुष के पिता प्रफुल्ल तोपनो हिमाचल प्रदेश में मजदूरी करते हैं। आयुष संत पॉल इंग्लिश मीडियम स्कूल, रायकेरा में पढ़ाई करता था। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और फरार वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

### भाजपा को बहुमत पर राहे भाजपा ने खुशी मनाई



**राहे।** असम, पांडिचेरी ओर पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में भाजपा की बहुमत आने पर राहे मंडल के भाजपा कार्यकताओं ने मिठाई बांट कर जश्न मनाया। मंडल अध्यक्ष मेघनाथ महतो के नेतृत्व में कार्यकताओं ने कहा कि जनता ने मोदी और भाजपा पर विश्वास जताया है। जनता के विश्वास का परिणाम है कि बहुमत पर सीट आई है। कार्यकताओं ने नारेबाजी कर जश्न मनाया। मौके पर गंगाधर साव, जगन्नाथ मुखर्जी,पप्पू सिंह,युधिष्ठिर महतो, सुरेंद्र महतो, ज्ञान रंजन महतो, गुलाम अहीर, राजेंद्र प्रमाणिक, लील मोहन यादव,आदि मौजूद थे।

# बिना मेहनत सफलता की कल्पना करना भ्रम : शिल्पी नेहा तिर्की

**संत जॉन हाई स्कूल में मैट्रिक उत्तीर्ण छात्रों का सम्मान, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मेहनत और अनुशासन पर दिया जोर**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** रांची के नवाटांड़ (मांडर) स्थित संत जॉन हाई स्कूल में वर्ष 2026 की मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल राज्य की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र जीवन संघर्षों से भरा होता है और बिना मेहनत के सफलता प्राप्त करना संभव नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी उपलब्धि को अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरूआत मानने और भविष्य की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार रखने का आह्वान किया।
मंत्री ने कहा कि इस विद्यालय के अधिकांश छात्र-छात्राएं ऐसे परिवारों से आते हैं, जहां आर्थिक संसाधन सीमित हैं। कई विद्यार्थी सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों से हैं, जिनके माता-पिता कड़ी मेहनत कर उनकी शिक्षा सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने छात्रों से ईमानदारी और लगन के साथ पढ़ाई करने की अपील करते हुए कहा कि उनकी मेहनत निश्चित रूप से भविष्य में रंग लाएगी। उन्होंने अपने क्षेत्रीय भ्रमण का उल्लेख करते हुए कहा कि कई बेटियां पढ़ाई के साथ-साथ घरेलू जिम्मेदारियां भी निभा रही हैं, फिर भी वे अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित हैं, जो सराहनीय है।
मंत्री ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ मित्रता, खेलकूद और सकारात्मक गतिविधियों में भाग लेने की सलाह दी तथा मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से दूर रहने की भी नसीहत दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार, प्रधानाध्यापक बेंजामिन समद, सिल्वेस्टर सुरीन, मंगा उरांव, फिलिप सहाय एक्का सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## रामगढ़ कैंट प्रधान डाकघर में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष मंजू जोशी और मांडू प्रखंड अध्यक्ष पिंकी राय को दिया गया गंगाजल

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** रामगढ़ कैंट प्रधान डाकघर में सोमवार को जिले के मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय ने डाकघर की विभिन्न योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से राजनीतिक दलों के सक्रिय सदस्यों से मुलाकात की ।इसी क्रम में उन्होंने प्रधान डाकघर में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष मंजू जोशी और मांडू प्रखंड अध्यक्ष पिंकी राय से डाकघर की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारियाँ साझा की। उन्होंने जिलाध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्ष को डाकघर का गंगाजल दिया। इनलोगों ने डाकघर से मेल सेवा में सहभागिता निभाते हुए 100 पोस्टकार्ड खरीदा और कहा कि आज देश में भले ही करियर ने अपना स्थान बनाया है लेकिन डाक पत्र का अपना महत्व और पहचान के साथ विश्वसनीयता है। आज भी मात्र 50 पैसे में हम अपनी संवाद और भावना को अपने परिजनों तक पहुँचाते हैं। इसका सारा श्रेय डाकघर के कर्मचारियों को जाता है।

## खलारी में सीआईएसएफ की बड़ी कार्रवाई, 1.66 टन अवैध कोयला जब्त

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**खलारी।** चूरी माइन्स क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ सीआईएसएफ ने सोमवार सुबह सघन छापेमारी अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। सुबह 6 बजे से 8 बजे तक चले इस अभियान के दौरान विभिन्न चिन्हित स्थानों से कुल 1.66 टन अवैध कोयला जब्त किया गया।
जानकारी के अनुसार, जब्त किया गया कोयला ग्रामीण महिलाओं द्वारा अलग-अलग स्थानों पर संग्रहित किया गया था। सीआईएसएफ की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी कर कोयले को कब्जे में लिया और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।
इस अभियान का नेतृत्व इंस्पेक्टर रंजीत ने किया, जबकि डिप्टी कमांडेंट दिनेश कुमार के पर्यवेक्षण में पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। टीम में कुल 11 जवान शामिल थे, जिनमें 2 अधीनस्थ अधिकारी, 5 अन्य रैंक के जवान, 2 खुफिया कर्मी और 3 क्यूआरटी सदस्य शामिल रहे। रक अनिल कुमार राय और कांस्टेबल अतुल पंत सहित अन्य जवानों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।
सीआईएसएफ अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई क्षेत्र में सक्रिय कोल माफियाओं पर शिकंजा कसने और अवैध खनन व तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से की गई है।

## विहिप ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का दूध से किया अभिषेक, 51 किलो लड्डू का वितरण

**बोस की प्रतिमा को भगवा वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया**

**बंगाल में लंबे समय से चली आ रही कथित हिंदू विरोधी कुरीतियों का अंत, हिन्दुत्व की जीत : छोटू वर्मा**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनाव के परिणामों को लेकर रामगढ़ में उत्साह का माहौल देखने को मिला। पश्चिम बंगाल में हिंदुत्व की जीत पर रामगढ़ के सुभाष चौक पर सोमवार को विश्व हिन्दू परिषद रामगढ़ के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इसे हिंदुत्व की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया। कार्यक्रम के तहत महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का दूध से अभिषेक किया गया तथा उन्हें भगवा वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उपस्थित लोगों के बीच 51 किलो लड्डू का वितरण कर खुशी का मनाया गया। तथा पूरे सुभाष चौक को भगवा ध्वज से भगवामय किया गया। विहिप रामगढ़ जिला मंत्री छोटू वर्मा ने कहा कि यह जीत बंगाल में लंबे समय से चली आ रही कथित हिंदू विरोधी कुरीतियों के अंत का प्रतीक है। आयोजन समिति ने स्पष्ट किया कि यह जीत किसी एक राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि सनातन धर्म की आस्था और विश्वास की जीत के रूप में देखी जा रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और पूरे आयोजन स्थल पर उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में विहिप जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल,बिजू गोयनका, जिला सत्संग प्रमुख संतोष सिंह, अवधेश वर्मा, विनय शर्मा, दुर्गा वाहिनी रामगढ़ जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव, अनीता पाठक, राजदीप सिंह, सुजल वर्मा, दिलीप मालाकार, अर्जुन साहू, मनीष, पिंकी सिंह, शीला देवी, मुस्कान देवी, सरस्वती देवी, गायत्री देवी, चंपा देवी,जानकी देवी, संजीत कौर,प्रेमलता देवी सहित अन्य शामिल थे।

### चान्हो : भाजपा की जीत पर जश्न, कार्यकर्ताओं में उत्साह




**चान्हो।** प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चान्हो मंडल के कार्यकताओं ने पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर जोरदार जश्न मनाया। जैसे ही चुनाव परिणाम घोषित हुए, कार्यकताओं में खुशी और उत्साह का माहौल छा गया। इस मौके पर कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जहां समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जीत का जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों का परिणाम है। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में पार्टी और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शालिक राम पाण्डेय, रांची जिला ग्रामीण महामंत्री सतीश साह, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय महतो, एसटी मोर्चा से सुनील उरांव, मंडल उपाध्यक्ष दीपक साहू, मंडल महामंत्री दयानंद सिंह, बिशेश्वर महतो, वरिष्ठ भाजपा नेता गोयो भगत, युवा मोर्चा अध्यक्ष अविनाश कुमार, महामंत्री राजीव गुप्ता, मंत्री जयमंगल पाहन, पुनय उरांव, मंडल कोषाध्यक्ष प्रकाश साहू, सक्रिय कार्यकर्ता देवंत साहू, अनिल ठाकुर, विजय ठाकुर, करमचंद उरांव एवं महादेव उरांव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मुरी-गोला पथ निर्माण में जमीन अधिग्रहण के रैयत पहुंचे अंचल कार्यालय, मुआवजे की राशि को लेकर जतायी नाराजगी




**सिल्ली।** गोला-मुरी फोरलेन सड़क निर्माण प्रोजेक्ट में भूमि अधिग्रहण के मुआवजा से नाराज रैयतों का आक्रोश तेज हो गया है। पूर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहु एवं मुखिया सोमरा मांझी के नेतृत्व काफी संख्या में रैयत सोमवार को अंचल कार्यालय पहुंचे और अंचल अधिकारी से मिलकर अपनी समस्याएं रखीं। रैयतों ने साफ कहा कि उन्हें पहले आश्वासन दिया गया था कि वर्तमान बाजार दर का चार गुना मुआवजा दिया जाएगा, लेकिन अब प्रति डिसमिल 4000, 7000,16000 रुपए की जो राशि बताई जा रही है, वह बेहद कम है और किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है। रैयतों ने नाराजगी जताते हुए कहा - अगर सरकार या भू-अर्जन विभाग हमें 4000 में कहीं प्लॉट दिला दे, तो हम वहीं जाकर बसने को तैयार हैं। रैयतों का यह भी कहना है कि भू अर्जन की धारा 37(2) के तहत दो साल बाद नोटिस में दी गई यह राशि उनके साथ अन्याय है। साथ ही उन्होंने मांग की कि जिनकी जमीन जीरो प्लॉट में चली गई है, उसका सुधार किया जाए, ताकि वे मुआवजा से वंचित न रहें। इधर अंचल अधिकारी ने स्पष्ट किया कि मुआवजा निर्धारण उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता, यह पूरी तरह भू-अर्जन विभाग का मामला है। हालांकि उन्होंने भरोसा दिलाया कि जमीन से जुड़ी गड़बड़ियों को दूर करने के लिए कैंप लगाकर निर्धारित समय सीमा में सुधार किया जाएगा। वहीं रैयतों चेतावनी देते हुए कहा कि वे मंगलवार को उपायुक्त एवं भू अर्जन पदाधिकारी के समीप अपनी मांगों को रखेंगे। बावजूद उनकी बात नहीं सुनी गई, तो वे आगे उग्र आंदोलन करने के लिए तैयार हैं। इस मौके पर पंचानन साहू, शिबू महतो, वार्ड सदस्य रविन्द्र कुमार, मो फारुख, शरद महतो, गुहीराम मांझी, मो असलम, ठाकुर महतो, करुणा साहु, विजय महतो मंगलनाथ महतो समेत काफी संख्या में रैयत उपस्थित थे।

## डकरा वीआईपी में त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न, श्रमिक सुविधाओं और मानकों की गहन समीक्षा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया के डकरा स्थित वीआईपी ऑफिसर क्लब में सोमवार को त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में खदानों की सुरक्षा व्यवस्था, श्रमिकों की सुविधाओं तथा विभिन्न परियोजनाओं में लागू सुरक्षा मानकों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में डीएमएस रांची अजीत कुमार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में डीडीएमएस (माइनिंग) पी. हनुमंथा राव, डीडीएमएस शेख मिन्हाजुद्दीन तथा डीडीएमएस दायामपा अदूनूर शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता एनके एरिया के महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता ने की, जबकि संचालन एरिया सेफ्टी ऑफिसर रागिनी रानी चौबे ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत, बैज एवं पौधा भेंट तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद रोहिणी परियोजना, चूरी भूमिगत खदान, डकरा परियोजना, पुरनाडीह सहित अन्य इकाइयों की सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

### 18 माह बाद बैठक पर नाराजगी रिपोर्ट पर उठे सवाल

बैठक के दौरान सुरक्षा समिति के सदस्यों ने 18 माह बाद बैठक आयोजित किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई। सदस्यों ने कहा कि इतने लंबे अंतराल के बाद समीक्षा बैठक होना सुरक्षा व्यवस्था की गंभीरता पर सवाल खड़ा करता है। सदस्यों ने प्रस्तुत रिपोर्टों पर असहमति जताते हुए आरोप लगाया कि कई बिंदुओं पर जमीनी स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में दर्शाई गई व्यवस्थाएं और वास्तविक स्थिति में बड़ा अंतर है। बैठक में परियोजनाओं में लाइट, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी तथा ठेका श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। सदस्यों ने सुझाव दिया कि प्रत्येक शिफ्ट शुरू होने से पहले सुरक्षा ब्रीफिंग अनिवार्य की जाए। इसके अलावा डंपर, डोजर जैसे भारी वाहनों की नियमित जांच, आउटसोर्सिंग एवं ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों के श्रमिकों को समान सुरक्षा सुविधा देने तथा खदानों के प्रवेश-निकास मार्ग, निगरानी व्यवस्था और आपातकालीन प्रणाली को मजबूत करने पर बल दिया गया।

### अधिकारियों का सख्त रुख

डीएमएस अजीत कुमार ने स्पष्ट कहा कि सुरक्षा मानकों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी परियोजनाओं में निर्धारित नियमों को सख्ती से लागू करने तथा शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

## पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत पर रामगढ़ भाजपा ने मनाया विजय उत्सव

**यह जीत नहीं प्रचंड जीत है, जो पार्टी जनता और राष्ट्र हित में काम करेगी वही जीतेगी : मनीष जायसवाल**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़ ।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों के रुझानों में भाजपा द्वारा बहुमत का आंकड़ा पार करने और ऐतिहासिक जीत दर्ज करने की खुशी में रामगढ़ भाजपा परिवार ने खुशी जाहिर किया है। भाजपा की जीत पर विजय उत्सव निकाली गई। जीत उत्सव में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल सम्मिलित हुए। सांसद श्री जायसवाल के नेतृत्व में रामगढ़ शहर के विभिन्न इलाकों में गाजे बाजे के साथ पैदल मार्च निकाला गया, जहाँ आतिशबाजी और अबीर-गुलाल के बीच कार्यकताओं ने जीत का जश्न मनाया। सांसद मनीष जायसवाल ने रामगढ़ शहर के चट्टी बाजार, बगड़िया, लोहार टोला और शिवाजी रोड होते हुए सुभाष चौक तक पैदल भ्रमण किया। उन्होंने राहगीरों, दुकानदारों और स्थानीय जनता के बीच स्वयं मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक इस दौरान ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमते और नारेबाजी करते नजर आए। अभियान का समापन सुभाष चौक पर हुआ, जहाँ सांसद ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और वहां भारी आतिशबाजी के बीच कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया।

# रांची में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता अभियान शुरू

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** न्यायमूर्ति-सह-झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) के कार्यपालक अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा रांची के न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में सोमवार को 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन, विशेषकर जरूरतमंद लोगों को विधिक रूप से जागरूक कर उन्हें उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। उन्होंने कहा कि जागरूकता बढ़ने से लोग सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं से जुड़ सकेंगे।

न्यायायुक्त ने यह भी बताया कि नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है, विशेष रूप से बाल विवाह प्रथा को समाप्त करने के लिए संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दूर-दराज के क्षेत्रों में जागरूकता की कमी के कारण लोग कई योजनाओं से वंचित रह जाते हैं, जिसे दूर करना इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) के सचिव राकेश रोशन ने बताया कि इस 90 दिवसीय अभियान का उद्देश्य जन-जन तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि पीएलवी एवं एलएडीसीएस के माध्यम से ग्रामीण और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में व्यापक विधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिससे लोग अपने अधिकारों के प्रति सजग होकर न्यायालय की ओर अग्रसर हो सकें।

इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय परिसर से प्रभात फेरी निकाली गई। न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने गुब्बारे उड़ाकर प्रचार वाहन को रवाना किया। प्रभात फेरी व्यवहार न्यायालय से निकलकर फिरायालाल चौक तक पहुंची। इस दौरान रंगदर्पण नुक्कड़ नाटक टीम द्वारा फिरायालाल चौक पर बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को उनके कानूनी अधिकारों, सरकारी योजनाओं और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

## झारखंड में 10 मई तक बारिश और वज्रपात की संभावना को लेकर येलो अलर्ट

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में 10 मई तक बारिश के साथ वज्रपात की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग की ओर से सोमवार और मंगलवार को राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ बारिश के साथ वज्रपात एवं ओलावृष्टि हो सकती है। इसे लेकर विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 38.5 डिग्री डाल्टनगंज में और सबसे कम न्यूनतम तापमान रांची के कांके में 16.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश बोकारो जिले के तेनुघाट में 22.4 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। उल्लेखनीय है कि पिछले लगभग 10 दिनों से राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। किसी जिले में भारी बारिश तो किसी जिले में गर्मी महसूस हो रही है। मौसम विभाग में पूरे मई महीने में इसी प्रकार के मौसम रहने की संभावना जताई है। सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री और न्यूनतम 19.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## संक्षिप्त

### पूजा सिंघल को पीएमएलए कोर्ट से विदेश जाने की मिली अनुमति



रांची। मनरेगा घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की आरोपित आईएएस पूजा सिंघल को पीएमएलए कोर्ट से विदेश जाने की अनुमति मिल गई है। उन्होंने याचिका दायर कर निजी कार्य से विदेश जाने की इजाजत मांगी थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। इससे पहले पूजा सिंघल की विदेश जाने की अनुमति संबंधी याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। उल्लेखनीय है कि मनरेगा घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने पूजा सिंघल, उनके पति अभिषेक झा और सीए सुमन कुमार सिंह के अलग अलग ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान सुमन कुमार सिंह के ठिकाने से 19.31 करोड़ कैश बरामद हुए थे। मामले में कार्रवाई करते हुए 11 मई 2022 को ईडी ने पूजा सिंघल को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के 28 माह जेल में रहने के बाद पूजा सिंघल को जमानत मिली थी। इस मामले में पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा भी चार्जशीटेड आरोपित हैं। ईडी ने उन्हें समन जारी कर कई दिनों तक पूछताछ की थी। अभिषेक झा ने भी याचिका दायर कर विदेश जाने की अनुमति मांगी है, जिस पर सात मई को सुनवाई होगी।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल की क्रिकेटर का एसजीएफआई के लिए चयन



रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल की कक्षा 10वीं की छात्रा मीत वर्मा का चयन स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए हुआ है। टूर्नामेंट 30 अप्रैल, 2026 से हरियाणा में आयोजित हो रहा है। सरला बिरला स्कूल सदैव उत्कृष्ट खेल, पेशेवर प्रशिक्षण और विद्यार्थियों को विभिन्न स्तरों पर अभ्यास एवं प्रतियोगिता के पर्याप्त अवसर प्रदान कर खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। विद्यालय की विश्वस्तरीय सुविधाएं निरंतर युवा खिलाड़ियों को अपनी क्षमता पहचानने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती हैं। प्राचार्या मनीषा शर्मा ने मीत वर्मा को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई दी। कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां विद्यालय की समग्र शिक्षा पद्धति का प्रमाण हैं, जहां शिक्षा और खेल साथ-साथ चलते हैं। उन्होंने उन्हें प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

### गोस्सनर कॉलेज में ह्यजनसंपर्क, शासन और प्रबंधनह्न पर विशेष सत्र आयोजित

# वर्तमान में रियल टाइम कम्युनिकेशन की मांग ज्यादा है : नीरज कुमार

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** गोस्सनर कॉलेज के बीबीए, मास कम्युनिकेशन एवं बॉटनी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय विशेष सत्र का आयोजन सोमवार को किया गया। इसका विषय जनसंपर्क, शासन और प्रबंधन था। इसके मुख्य अतिथि झारखंड के भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के निदेशक नीरज कुमार मौजूद थे।

मुख्य वक्ता नीरज कुमार ने ऑनलाइन जनसंपर्क जुडाव, सकारात्मक जागरुकता अभियान, समय प्रबंधन, भरोसा निर्माण, तुरंत कार्रवाई, धरना का जोखिम सहित अन्य विषयों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठा बनाने के लिए भरोसे का होना जरूरी है। यह हर किसी के लिए जिम्मेदारी भी है। पारदर्शिता, त्वरित संवाद और जवाबदेही आधुनिक जनसंपर्क की आधारशिला है। वर्तमान में रियल टाइम कम्युनिकेशन की मांग ज्यादा है।

श्री कुमार ने कहा कि आज के दौर में प्रबंधन और जनसंपर्क के विद्यार्थियों के लिए किसी भी विषय में गहन शोध आवश्यक है। जब विद्यार्थी शोध करते है, तब उन्हें विषय वस्तु की जानकारी होती है। पहले के दौर और अभी के दौर में बहुत कुछ बदल गया है। अब डिजिटल युग है। इसका सही इस्तेमाल आना चाहिए। एआई का भी सुरक्षित इस्तेमाल करे और अपने ज्ञान को बढ़ाए।

सत्र के बाद प्रश्नोत्तरी के दौरान मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों के सवालों के जवाब भी दिये। जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि आधार पूरी तरह आपके डाटा को सुरक्षित रखती है। उन्होंने रेलवे से सम्बन्धित कई सवालों का जवाब भी दिया। विद्यार्थियों को उत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी एनआईएसडी पर भी रजिस्ट्रेशन जरूर करें। इससे पहले विशेष सत्र की शुरूआत प्रो अनुज कुमार के स्वागत अभिभाषण के साथ हुई। प्रो महिमा गोल्डेन बिलुंग ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया। प्रो विनय कुमार हांसदा और प्रो सुरेंद्र कुमार ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। प्रतीक चिन्ह देकर अभिवादन किया। धन्यवाद डॉ मृदुला खेस के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर 150 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए।

### समर्पण शाखा ने दिव्यांग बच्चों के बीच बांटी खाद्य सामग्री

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की ओर से चलाए जा रहे 15 दिन-15 जन सेवा अभियान के तीसरे दिन सोमवार को दिव्यांग बच्चों के बीच सेवा कार्य किया गया। इस क्रम में मंच के सदस्य एवं पदाधिकारियों ने बरियातू रोड स्थित गुरुनानक होम फॉर हैंडीकैप्ड चिल्ड्रेन में बच्चों के बीच शरबत, फल और खाद्य सामग्री का वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन सखी वर्षा धानुका ने किया। इस अवसर पर शाखा की अध्यक्षा शुभा अग्रवाल ने कहा कि सामाजिक कार्यों के निर्वहन से मन को सुकून मिलता है। उन्होंने बताया कि ह्यप्यार बांटते चलोह्न स्लोगन के तहत चलाया जा रहा यह अभियान समाज के जरूरतमंद वर्गों तक सहायता पहुंचाने का प्रयास है। मौके पर मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच ने हमेशा बढ़-चढ़कर सामाजिक कार्यों में भागीदारी निभाई है और आगे भी इस तरह के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम में शाखा की अध्यक्षा शुभा अग्रवाल, सचिव रेखा राईका सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।




### तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दी बधाई, बोले- बंगाल में सनातन की जीत, अहंकार की हार



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मिली जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में यह जीत सनातन मूल्यों की जीत और अहंकार की हार का प्रतीक है। सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में संजय सेठ ने कहा कि पश्चिम बंगाल, जो रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा देवी, स्वामी विवेकानंद, सुभाषचंद्र बोस, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसी महान विभूतियों की पावन धरती है, अब परिवर्तन के एक नए दौर की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि वर्षों से चले आ रहे अत्याचार, अनाचार और भ्रष्टाचार के वातावरण से मुक्ति की दिशा में जनता ने सशक्त कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि वामपंथ के लंबे शासन के बाद तृणमूल कांग्रेस के कुशासन से त्रस्त जनता अब सुशासन, विकास और स्थिरता की नई उम्मीद के साथ आगे बढ़ने को तैयार है। पश्चिम बंगाल, जो अब तक अव्यवस्था और पीड़ा से जूझ रहा था, अब सुशासन के नए दौर की ओर देख रहा है। संजय सेठ ने इस जीत के लिए प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व और पश्चिम बंगाल के समर्पित कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि इस परिवर्तन के आधार बने पश्चिम बंगाल के प्रत्येक मतदाता के प्रति वे हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। साथ ही उन्होंने उन कार्यकताओं को नमन किया, जिन्होंने अत्याचार और अन्याय के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपना बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि यह विजय उन्हीं के त्याग और समर्पण को समर्पित है।

### रिम्स में रक्तदान शिविर आयोजित, 70 यूनिट रक्त संग्रह



रांची। राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान यानी रिम्स के रक्त केंद्र की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर रिम्स एकेडमिक बिल्डिंग में वर्ल्ड मिशन सोसाइटी चर्च ऑफ गॉड के सहयोग से आयोजित हुआ। शिविर में 200 से अधिक स्वयंसेवकों ने उत्साह के साथ भाग लिया और करीब 70 यूनिट रक्तदान किया। इससे रिम्स रक्त केंद्र को महत्वपूर्ण सहयोग मिला। यह कार्यक्रम रक्त केंद्र की प्रभारी डॉ। सुषमा कुमारी के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने नरेंद्र कुजूर और सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार जताते हुए कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान मानव जीवन बचाने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। साथ ही कहा कि इस तरह के शिविर से रक्त की उपलब्धता बनी रहती है और समाज में रक्तदान को लेकर जागरूकता भी बढ़ती है। रिम्स ने भविष्य में भी जनसेवा और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई है।

## राजनगर सीएचसी में मां-बेटी की मौत पर कार्रवाई, प्रभारी चिकित्सक निलंबित

**संयुक्त सचिव छवि रंजन ने जारी किया आदेश, कहा-लापरवाही बर्दाश्त नहीं**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में मां और पुत्री की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। वहां के प्रभारी चिकित्सक डॉ. शिवलाल कुंकल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव छवि रंजन ने आदेश जारी करते हुए कहा कि मां-बेटी की मौत जैसी गंभीर घटना को विभाग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही के लिए जिम्मेदार किसी भी अधिकारी या कर्मी को बख्शा नहीं जाएगा।

विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, निलंबन अवधि के दौरान डॉ. कुंकल का मुख्यालय चाईबासा निर्धारित किया गया है, जहां उन्हें प्रतिदिन अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। उन्हें स्व-घोषणा पत्र देना होगा कि वे कहीं अन्यत्र कार्यरत नहीं हैं। किसी प्रकार का व्यवसाय नहीं कर रहे हैं। निदेर्शों के अनुपालन के बाद ही उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि राज्य के सभी सीएचसी को मुख्यमंत्री अस्पताल रखरखाव योजना के तहत प्रति वर्ष 10 लाख रुपये उपलब्ध कराए जाते हैं, ताकि अस्पतालों का समुचित रखरखाव सुनिश्चित हो सके।

## स्पर्श योजना के तहत 18 विद्यार्थियों को मिली छात्रवृत्ति

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** भारत सरकार के डाक विभाग की दीनदयाल स्पर्श योजना (डाक टिकट संग्रह एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने हेतु छात्रवृत्ति) के अंतर्गत एस.आर. डीएवी पब्लिक स्कूल के 18 विद्यार्थियों को प्रति छात्र ?6,000 की वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान की गई। यह राशि विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान चेक के रूप में वितरित की गई। इस योजना का उद्देश्य कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियों में डाक टिकट संग्रह के प्रति रुचि विकसित करना, उन्हें शोध एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना तथा ज्ञानवर्धन को प्रोत्साहित करना है। राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर पूरे झारखंड से 40 विद्यार्थियों का चयन किया जाता है, जिनमें से 18 विद्यार्थी इसी विद्यालय के हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य तापस घोष, डाक विभाग के प्रतिनिधि संदीप कुमार महतो (प्रभारी, डाक टिकट अनुभाग, रांची प्रधान डाकघर) तथा सहायक शिक्षिका स्मृति सिंह उपस्थित रहीं। सभी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्रवृत्ति प्राप्त कर विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा गया। उन्होंने डाक टिकट संग्रह के क्षेत्र में आगे बढ़ने और इसे और अधिक लोकप्रिय बनाने का संकल्प लिया। डाक विभाग द्वारा इस प्रकार की योजनाएं हर वर्ष चलाई जाती हैं, जिससे विद्यार्थियों को आर्थिक सहयोग के साथ-साथ रचनात्मक और ज्ञानवर्धक दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

## जनगणना-2027 में सरना धर्म कोड का कॉलम शामिल करे केंद्र सरकार : कमलेश

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**जनगणना-2027 में सरना धर्म कोड की मांग तेज, झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष ने राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री को लिखा पत्र**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और झारखंड के राज्यपाल को पत्र लिखकर जनगणना-2027 में आदिवासी/सरना धर्म को अलग पहचान के रूप में धर्म कोड में शामिल करने की मांग की है। अपने पत्र में उन्होंने कहा कि झारखंड की पहचान समृद्ध आदिवासी सभ्यता, संस्कृति और प्रकृति पूजक परंपरा से जुड़ी है। राज्य के आदिवासी समाज का धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन प्रकृति पूजा, जंगल और जमीन पर आधारित है, जिसे सरना धर्म के रूप में जाना जाता है। उन्होंने इसे केवल आस्था नहीं, बल्कि सदियों से चली आ रही जीवन पद्धति बताया।

सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि आजादी के बाद अलग झारखंड राज्य के आंदोलन की नींव भी आदिवासी समाज की विशिष्ट पहचान और उनकी प्रकृति-आधारित आस्था पर टिकी रही है। ऐसे में जनगणना-2027 में सरना धर्म कोड को शामिल करना आवश्यक है, ताकि आदिवासी समाज की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान सुरक्षित रह सके और नीतिगत निर्णयों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी उल्लेख किया कि वर्ष 2011 की जनगणना में अलग धर्म कोड का कॉलम नहीं होने के बावजूद लगभग 50 लाख लोगों ने स्वयं को सरना धर्मावलंबी के रूप में दर्ज कराया था। इससे यह स्पष्ट होता है कि सरना धर्म को अलग पहचान देने की मांग लंबे समय से आदिवासी समाज की भावनाओं से जुड़ी हुई है।

# दो अंचल अधिकारी और राजस्व कर्मचारी को शोकॉज

**राजस्व अभिलेख में छेड़छाड़ की शिकायत पर जांच के आदेश**

**सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे पर उपायुक्त का रुख सख्त**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में रांची जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी समस्याएं रखीं। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने दो अंचल अधिकारी और राजस्व कर्मचारी को शोकॉज जारी किया। तुपुदाना निवासी बुजुर्ग भोलाराम का पेंशन नवंबर 2024 से बंद था, जनता दरबार में गुहार लगाने के बाद उन्हें राहत मिली। हेहल अंचल के आलोक कुमार द्वारा अपने पुत्र के लिए ईडब्ल्यू एस प्रमाण पत्र के लिए आवेदन दिया गया। आवेदन को जनता दरबार में प्राथमिकता के आधार पर लिया गया। अंचल कार्यालय ने सभी दस्तावेजों की जांच कर प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया।

सोनाहातू अंचल के गणेश महतो द्वारा पंजी-2 में कथित छेड़छाड़ की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने अंचल अधिकारी को पूरे मामले की जांच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। लापुंग अंचल में फर्जी कागजात के आधार पर जमीन कब्जा करने की शिकायत पर समय पर कार्रवाई नहीं करने पर श्री भजन्त्री द्वारा संबंधित अंचल अधिकारी को शो-कॉज करने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार, हेहल अंचल में शीला गाड़ी द्वारा आय प्रमाण पत्र नहीं बनने के कारण उनके पुत्र का नामांकन बाधित होने की शिकायत पर भी संबंधित अंचल अधिकारी को भी शोकॉज करने का निर्देश दिया गया।

फर्जी तरीके से जमीन बिक्री और म्यूटेशन पर रोक लगाने के लिए आपत्ति पर कार्रवाई नहीं करने पर उपायुक्त ने ईटकी अंचल के राजस्व कर्मचारी को शोकॉज करने का निर्देश दिया। मामला ईटकी अंचल के कुन्दी मौजा से संबंधित है, जिसे लेकर सेवानिवृत्त शिक्षक द्वारा जनता दरबार में आवेदन दिया गया था। ओरमांझी अंचल के गांगु टोला के ग्रामीणों द्वारा बांध की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत को उपायुक्त ने अत्यंत गंभीरता से लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री भजन्त्री ने सभी अंचल अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि भू-माफियाओं की गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखें।

## नारी सेना ने स्वदेशी मेले में झारखंडी व्यंजनों से जीता दिल

**आयोजकों के प्रति जताया आभार**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** वंदे मातरम् के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में आड्रे हाउस, रांची में आयोजित तीन दिवसीय सांसद सांस्कृतिक महोत्सव (स्वदेशी मेला) में नारी सेना की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। सामाजिक संस्था नारी सेना को स्वदेशी मेला आयोजन समिति द्वारा स्टॉल उपलब्ध कराया गया, जहां ग्रामीण महिलाओं ने अपने पारंपरिक झारखंडी व्यंजनों से लोगों का दिल जीत लिया। नारी सेना की केंद्रीय अध्यक्ष पूनम सिंह के निर्देशन में लगाए गए इस स्टॉल पर बर्रा, बालूशाही, धुसका, इडली, छिलका रोटी, कचरी जैसे स्थानीय व्यंजन परोसे गए। इन व्यंजनों की गुणवत्ता और स्वाद की आगंतुकों ने सराहना की। स्टॉल का अवलोकन केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची लोकसभा सांसद संजय सेठ, रांची की मेयर रौशनी खालखो सहित कई गणमान्य लोगों ने किया। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उनके उत्साहवर्धन किया। इस दौरान हिंदूवादी नेता भैरव सिंह, प्रसिद्ध हारमोनियम वादक मृणालिनी अखौरी, छात्र क्लब ग्रुप के वरीय संरक्षक बहुरन लोहारा, संरक्षक संजीव कुमार साहू, अनिल चौधरी, नीतू सिंह, डॉ. ए.के. लाल, स्वदेशी मेला आयोजन समिति के मुकेश काबरा, पूनम आनंद, मून साहू, ऐश्वर्य सेठ, डॉ. प्रणव कुमार बब्बू तथा विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। नारी सेना की ओर से केंद्रीय अध्यक्ष पूनम सिंह, संस्थापक सुरज सिंह भवानी, वरीय संरक्षक शिव किशोर शर्मा, संरक्षक महेश सिंह, धीरज जायसवाल सहित सीमा गुप्ता, किरण कुमारी, पार्वती देवी, अनमोल कुमार और अंजनी कुमार ने स्टॉल उपलब्ध कराने के लिए सांसद संजय सेठ, मेयर रौशनी खालखो और आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त किया।

# उपायुक्त ने की जिला समन्वय समिति की बैठक, दिये कई निर्देश

**मनरेगा और आवास योजना की प्रगति नहीं सुधरने पर नपेंगे बीडीओ**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**पलामू।** उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक हुई। इसमें उपायुक्त ने विभिन्न विभागों की कार्य प्रगति की समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने मनरेगा और आवास योजना की प्रगति सुधारने का निर्देश दिया। सुधार नहीं होने पर संबंधित बीडीओ पर कार्रवाई की बात कही। डीसी ने ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, श्रम,नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाजाति,अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला,बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग,कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग,पंचायती राज विभाग,पेयजल एवं स्वच्छता विभाग,जेएसएलपीएस के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के कार्य प्रगति की सूक्षमता से समीक्षा की। सर्वप्रथम उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के तहत अबुआ आवास योजना की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जियो टैग, प्लिंथ लेवल या अन्य जिस स्तर पर किस्त लंबित है, उन्हें जारी किया जाये। सभी बीडीओ को सप्ताह में एक बार आवास से जुड़ी योजनाओं का निरीक्षण करने की बात कही। इसी तरह ई-श्रम पोर्टल पर लंबित एंट्री को अद्यतन करने के निर्देश दिये। बैठक में डीसी श्री शेखावत ने कहा कि 15 दिनों के भीतर मनरेगा एवं आवास योजनाओं में प्रगति नहीं होने की स्थिति में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी। यह प्रखंड विकास पदाधिकारी का मूल कार्य है, इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी तरह भूमि हस्तांतरण के जितने मामले हैं, सभी का स्टेटस रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करने को लेकर निर्देशित किया।
इस अवसर पर सदर एसडीएम, समाहर्ता कुंदन कुमार, छत्तरपुर व हुसैनाबाद एसडीओ, डीआरडीए निदेशक, अलग-अलग विभागों के पदाधिकारी समेत विभिन्न बीडीओ-सीओ उपस्थित रहे।

# एसआई पर 10 हजार रिश्वत मांगने का आरोप, एसपी से की शिकायत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गुमला।** घाघरा निवासी संजय कुमार सिंह ने घाघरा थाना में पदस्थापित सब-इंस्पेक्टर राहुल कुमार पासवान पर रिश्वत मांगने और दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए इस संबंध में सोमवार को पुलिस अधीक्षक (एसपी) को लिखित की है। साथ ही उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पत्र में संजय कुमार सिंह ने बताया कि उनके विरुद्ध घाघरा थाना कांड संख्या 82/24 के तहत एक मामला दर्ज है, जिसकी जांच एसआई राहुल कुमार पासवान कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्हें नोटिस देकर जाति प्रमाण पत्र के साथ थाना बुलाया गया था। आरोप है कि चार मई की सुबह जब वे आवश्यक दस्तावेज लेकर थाना पहुंचे, तो एसआई ने खर्चा पानी देने के नाम पर 10 हजार रुपये की मांग की। पीड़ित के अनुसार, आर्थिक स्थिति कमजोर होने की बात कहकर जब उन्होंने 3,000 रुपये देने की बात कही, तो अधिकारी भड़क गए और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उनका कॉलर पकड़ लिया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि एसआई ने उन्हें जबरन थाना परिसर के अंदर ले जाकर जमीन पर बैठाया और एक सप्ताह के भीतर पैसे नहीं देने पर जेल भेजने की धमकी दी।

## संक्षिप्त

### भाजपा की जीत पर जमशेदपुर में जश्न, कार्यकर्ताओं ने मनाया विजयोत्सव

**पूर्वी सिंहभूम।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद जमशेदपुर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। सोमवार को साकची स्थित जिला कार्यालय में भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव सिन्हा के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता एकत्रित हुए और ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य करते हुए जीत का जश्न मनाया। जय श्री राम के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। मौके पर कार्यकताओं ने आतिशबाजी की और एक-दूसरे को लड्डू खिलाए एवं झाल मुरही बांटकर खुशी साझा की। महिला कार्यकताओं ने भी पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर संजीव सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय नेतृत्व की रणनीति के कारण पार्टी को यह ऐतिहासिक सफलता मिली है। उन्होंने तीनों राज्यों के मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता ने विकास, सुशासन और स्थिरता के पक्ष में अपना स्पष्ट जनादेश दिया है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में कार्यकताओं के संघर्ष और बलिदान को भी याद किया और इसे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों की विजय बताया।

### बंगाल और असम में भाजपा की जीत पर देवघर में जश्न का माहौल

**देवघर।** पश्चिम बंगाल, पुडडुचेरी और असम में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के बाद देवघर में भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार उत्सव मनाया। जिला भाजपा के नेता और कार्यकर्ता स्थानीय टॉवर चौक पर एकत्र हुए, जहां उन्होंने आतिशबाजी की, एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। इस मौके पर पूर्व विधायक नारायण दास, भाजपा जिला महामंत्री अभयानंद झा और नगर अध्यक्ष सोनधारी झा सहित कई प्रमुख नेता मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता डीजे की धुन पर नाचते-गाते नजर आए। पूर्व विधायक नारायण दास ने कहा कि यह जीत पश्चिम बंगाल और असम की जनता की जीत है और इसे भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं को समर्पित किया जाता है। उन्होंने कहा कि देश की जनता का विश्वास नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और मजबूत हुआ है। साथ ही अमित शाह की ओर से किए गए व्यापक जनसंपर्क और सभाओं का भी इस जीत में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

**सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लि?ए दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सोमवार को हुई। इसकी अध्यक्षता उपायुक्त अनन्य मित्तल ने की। बैठक में पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, पथ प्रमंडल, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने बताया कि जनवरी से मार्च के बीच में वर्ष 2025 में 47 सड़क दुर्घटनाएं हुई। 28 लोगों की मृत्यु हुई एवं 35 घायल हुए। वहीं वर्ष 2026 में 48 दुर्घटनाएं हुई और 32 लोगों ने अपनी जान गंवाई एवं 54 लोग घायल हुए।
उपायुक्त ने कहा कि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए केवल सड़क निर्माण ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि आम नागरिकों के बीच यातायात नियमों के प्रति जागरुकता और अनुशासन विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि सड़क सुरक्षा से जुड़े प्रत्येक पहलू पर समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
बैठक के दौरान यातायात नियमों के सख्त अनुपालन को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। उपायुक्त ने सड़क किनारे आवश्यक संकेतकों की स्थापना, हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग और नियमित वाहन जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने लगातार वाहन जांच अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही। इस अवसर पर जिले में चल रहे सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्यों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंताओं एवं निर्माण एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर और निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## आगामी मानसून को लेकर जल-जमाव की आशंका और समाधान की समीक्षा



**गढ़वा।** एसडीएम संजय कुमार ने आगामी मानसून में गढ़वा शहरी क्षेत्र में संभावित जल-जमाव की स्थिति से निपटने की ससमय तैयारियों की समीक्षा को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की।
बैठक में पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अजय सिंह, नगर परिषद गढ़वा के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, साज के टीम लीडर विकास प्रसाद गुप्ता तथा शिवालया कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधि बृजेश कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान शहर के चिनिया रोड क्षेत्र में संभावित जल-जमाव की स्थिति को देखते हुए समय रहते समन्वय बनाकर आवश्यक तैयारी करने के लिए पथ प्रमंडल एवं नगर परिषद को कहा गया। वहीं कचहरी रोड के चौड़ीकरण के बाद सड़क के ऊँचे हो जाने एवं नई नालियों के निर्माण के कारण दोनों ओर के इलाकों में जल-जमाव की संभावनाओं का आकलन कर ससमय उनके निराकरण के लिए नगर परिषद, साज एवं शिवालया कंस्ट्रक्शन को निर्देशित किया गया। कहा गया कि चूंकि अभी काम निमार्णाधीन है इसलिए यदि कोई खामी रह गई हो तो उसे इसी चरण में सुधार लें क्योंकि बाद में फिर परिवर्तन की गुंजाइश नहीं रह जाती है। चिनिया रोड और कचहरी रोड सड़क निर्माण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त हुए पेयजल आपूर्ति पाइपों की शीघ्र मरम्मती हेतु संबंधित निर्माण एजेंसियों, नगर परिषद एवं पेयजल प्रमंडल को समन्वय बनाकर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। समीक्षा के क्रम में यह भी सामने आया कि चिनिया रोड चौड़ीकरण के दौरान पथ निर्माण विभाग द्वारा नगर परिषद की पूर्व निर्मित नालियों को अतार्किक ढंग से स्लैब ढाल कर ढक दिया गया है, जिससे उनकी सफाई संभव नहीं हो पा रही है। इसके कारण बारिश के दौरान जल-जमाव की गंभीर समस्या भी उत्पन्न हो सकती है। साथ ही कुछ हिस्से में नाली का निर्माण हुआ ही नहीं है। इन सभी लापरवाही जनित विसंगतियों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने संबंधित विभागों को अगले 15 दिनों के भीतर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने पथ निर्माण विभाग से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने की बात रखी, जिस पर एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यपालक अभियंता को शीघ्र आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। एसडीएम ने स्पष्ट रूप से कहा कि नालियों को बिना उपयुक्त अंतराल पर ओपनिंग दिए ढकने से सफाई कार्य बाधित होता है, जिससे समस्या और गंभीर हो जाती है। अतः दोनों विभागों को समन्वय स्थापित कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कहा कि यदि शहर में वर्षा जल जमाव हुआ और इसके पीछे कहीं भी किसी निर्माण एजेंसी या कार्यकारी विभाग की लापरवाही उजागर होगी तो संबंधित एजेंसियों के अलावा जिम्मेदार विभागीय पदाधिकारियों पर भी कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।

### गुमला में मनरेगा वेंडरों ने सरकार को लगाया लाखों का चूना

**गुमला।** जिले के चैनपुर प्रखंड में मनरेगा योजनाओं के तहत कार्य करने वाले वेंडरों द्वारा सरकारी राजस्व को चूना लगाने का गंभीर मामला सामने आया है। उप विकास आयुक्त-सह-अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए चैनपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि एक सप्ताह के भीतर बकाया रॉयल्टी और डीएमएफटी की राशि जमा कराएं। डीडीसी द्वारा जारी पत्रांक 303 और 292 के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 में विभिन्न योजनाओं के तहत वेंडरों को भुगतान तो किया गया, लेकिन नियमानुसार वसूलनीय रॉयल्टी और डीएमएफटी की शत-प्रतिशत राशि जमा नहीं की गई। जिला स्तरीय जांच दल द्वारा की गई समीक्षा में यह पाया गया कि बार-बार निर्देश देने के बावजूद इसमें लापरवाही बरती जा रही है, जिससे सरकार को राजस्व की भारी हानि हो रही है। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित एक सप्ताह की अवधि के भीतर राशि जमा नहीं की जाती है, तो संबंधित वेंडरों को काली सूची में डाल दिया जाएगा। इसके साथ ही उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का भी आदेश दिया गया है। दोनों वित्तीय वर्षों की रिपोर्ट में कई प्रमुख नाम शामिल हैं, जिनका बकाया लाखों में है।
एम/एस वेरायटी स्टोर: वित्तीय वर्ष 2024-25 में इनकी 8,84,957 रॉयल्टी और 88,141 डीएमएफटी बकाया है।

## ग्रामीणों ने मवेशियों से भरा ट्रक पकड़ा, पुलिस को सौंपा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गुमला।** शहर के बाइपास रोड स्थित अरमई गांव के पास सोमवार की सुबह में ग्रामीणों ने मवेशियों से लदे एक ट्रक को पकड़ लिया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि बाइपास रोड से एक ट्रक मवेशियों को भरकर सिसई और रांची ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने ट्रक का पीछा किया और अरमई के पास बैरिकेडिंग कर उसे रोक लिया। घटना की सूचना तुरंत गुमला थाना को दी गई, जिसके बाद थाना के एसआई हेमा देवी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचीं और ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। ट्रक में छत्तीसगढ़ नंबर अंकित था और उसमें मवेशियों को कथित रूप से वध के लिए सिसई की ओर ले जाया जा रहा था। बताया जा रहा है कि ट्रक छत्तीसगढ़ के लोदाम टांगर टोली से रांची की ओर जा रहा था। ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रक पकड़ने के बाद तस्करों ने वाहन छोड़ने के लिए एक लाख रूपए की पेशकश भी की लेकिन बजरंग दल के कार्यकताओं और ग्रामीणों ने चालक और वाहन को कब्जे में लेकर पुलिस को सौंप दिया।

## डालसा लातेहार ने किया निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**लातेहार।** झालसा, रांची के निर्देश और भीषण गर्मी को देखते हुए आम जनता एवं व्यवहार न्यायालय आने वाले वादकारियों की सुविधा के लिए डालसा, लातेहार के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय के मुख्य द्वार पर निःशुल्क प्याऊ (पेयजल सेवा) का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, डालसा शेष नाथ सिंह ने फीता काटकर किया।
उद्घाटन के अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए पानी की व्यवस्था करना एक मानवीय कार्य है। न्यायालय परिसर में प्रतिदिन सैकड़ों लोग अपने कार्यों के लिए आते हैं, जिन्हें इस पेयजल सेवा से काफी राहत मिलेगी।
श्री सिंह ने समाज के अन्य वर्गों से भी अपील की कि वे इस तपती गर्मी में बेजुबान पक्षियों और जरूरतमंदों के लिए पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिले के अन्य न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता संघ के सदस्य, डीएलएसए के अधिवक्ता सहित व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# जल जीवन मिशन को गति देने के लिए दिए सख्त निर्देश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** जिले में जल जीवन मिशन कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से धरातल पर उतारने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक हुई। उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में योजनाओं की प्रगति, चुनौतियों और आगामी कार्यनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी, अभियंता एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत जिले के सभी क्षेत्रों में ह्यहर घर नल से जलह्ण योजना की वर्तमान स्थिति की गहन समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक प्रखंड में चल रही योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि अगली समीक्षा बैठक में पेयजल आपूर्ति कार्य से जुड़े सभी संवेदक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, ताकि कार्यों में समन्वय और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। साथ ही वन विभाग, एनएचएआई, सड़क निर्माण विभाग एवं पंचायती राज विभाग जैसे संबंधित विभागों की सक्रिय भागीदारी पर भी विशेष जोर दिया गया। एफएचटीसी कार्यों में हो रही देरी पर उपायुक्त ने गंभीर चिंता व्यक्त की और इसे तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी लंबित कार्यों को अगली बैठक तक शत-प्रतिशत पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया। कनिय अभियंताओं को नियमित रूप से कार्यों की निगरानी करने तथा अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन के साथ अगली बैठक में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया।

# शहर के पेट्रोल पंपों पर एसडीएम का औचक निरीक्षण

**ईंधन की कृत्रिम कमी उत्पन्न करने वालों पर होगी कार्रवाई : एसडीएम**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** नागरिकों से पिछले दो-तीन दिनों से फोन पर मिल रही शिकायतों के मद्देनजर सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने सोमवार अपराह्न में शहरी क्षेत्र के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति व्यवस्था और स्टॉक रजिस्टर की जांच की। उन्होंने मौके पर मौजूद ग्राहकों के साथ-साथ पेट्रोल पंप कर्मियों से भी फीडबैक लिया।
इस निरीक्षण के क्रम में यह पाया गया कि अधिकांश पेट्रोल पंपों पर ईंधन का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। किसी भी प्रकार की आपूर्ति-बाधा नहीं है। इस पर एसडीएम ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिया कि वे किसी भी परिस्थिति में ईंधन की कृत्रिम कमी की स्थिति उत्पन्न न होने दें। आम नागरिकों को पेट्रोल-डीजल की सहज एवं निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही, ना तो किसी पेट्रोल पंप को बिना पर्याप्त कारण बंद रखें और न ही ग्राहकों को वापस लौटायें।
यदि किसी पेट्रोल पंप को अपरिहार्य स्थिति में कुछ देर के लिए बंद करना पड़े तो बाहर स्पष्ट और बड़े अक्षरों में सूचना प्रदर्शित होना चाहिए कि उक्त पेट्रोल पंप उस समय किस कारण से बंद है।
निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईंधन स्टॉक रजिस्टर को अद्यतन एवं व्यवस्थित रखने का भी निर्देश दिया, ताकि आपूर्ति की स्थिति की आवश्यकता अनुरूप नियमित निगरानी की जा सके। एसडीएम ने बताया कि उन्होंने अपने अनुमंडल क्षेत्र के सभी अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को एलपीजी गैस एवं पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति व्यवस्था पर नियमित नजर रखने का निर्देश दिया हुआ है।

# ज्वेलरी व्यवसायी से एक करोड़ की लूट, एक सप्ताह बाद भी खुलासा नहीं


प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**गुमला।** घाघरा मुख्यालय स्थित पुटो रोड पर ज्वेलरी व्यवसायी से लगभग एक करोड़ रुपये मूल्य के आभूषणों की लूट की घटना के एक सप्ताह बीतने के बावजूद पुलिस की ओर से अबतक मामले का खुलासा नहीं करने पर व्यापारियों में आक्रोश है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही घटनाओं और पुलिस की धीमी कार्रवाई से नाराज भारतीय स्वर्णकार समाज और ज्वेलर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने सोमवार को घाघरा थाना पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग करते समय पर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी। व्यापारियों ने कहा कि दिनदहाड़े हथियार के बल पर लूट की घटना कानून-व्यवस्था की गिरती स्थिति को दर्शाती है। 27 अप्रैल को हुई इस वारदात से स्पष्ट है कि अपराधियों में पुलिस का भय समाप्त हो चुका है। वे बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से विशेष जांच टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करने, अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने और क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की।

# सारंडा जंगल में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आया हाथी, हालत गंभीर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर प्रखंड स्थित घने सारंडा जंगल से एक चिंताजनक मामला सामने आया है, जहां नक्सलियों की ओर से लगाए गए आईईडी विस्फोट की चपेट में आकर एक जंगली हाथी गंभीर रूप से घायल हो गया है। हाथी की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है और उसके बचने की संभावना भी कम मानी जा रही है। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर लगातार निगरानी और उपचार की कोशिशों में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार शाम जराइकेला थाना क्षेत्र के कोलबोंगा गांव के समीप अंकुआ कंपार्टमेंट संख्या-48 के जंगल में कुछ ग्रामीण मछली पकड़ने गए थे। इसी दौरान उनकी नजर घायल अवस्था में पड़े हाथी पर पड़ी। हाथी की गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दी, जिसके बाद विभागीय टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के सूत्रों का कहना है कि दो दिन पहले चिरिया ओपी क्षेत्र के पोंगा जंक्शन के पास जंगल में एक आईईडी ब्लास्ट की घटना हुई थी। आशंका जताई जा रही है कि उसी विस्फोट में यह हाथी घायल हुआ होगा और दर्द से कराहते हुए जंगल के अंदर इस स्थान तक पहुंच गया। मनोहरपुर प्रखंड के पशुपालन पदाधिकारी डॉ. संजय घोलटकर के अनुसार हाथी कई दिन पहले ही विस्फोट की चपेट में आ चुका था। गंभीर रूप से घायल होने के कारण वह चलने-फिरने में असमर्थ है और लगातार एक ही स्थान पर पड़ा हुआ है। वन विभाग की टीम उसे प्राथमिक उपचार देने के साथ-साथ विशेषज्ञों की मदद से रेस्क्यू की कोशिश कर रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में चिंता का माहौल है। सारंडा जैसे संवेदनशील और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आईईडी जैसे घातक विस्फोटकों की मौजूदगी न सिर्फ सुरक्षा बलों और आम लोगों के लिए खतरा है, बल्कि अब वन्यजीवों के लिए भी बड़ा संकट बनती जा रही है। इस घटना ने जंगलों में छिपे ऐसे खतरों को एक बार फिर उजागर कर दिया है।

# उच्चतम चेतना तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है तंत्र साधना : आचार्य विश्वदेवानंद

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**पूर्वी सिंहभूम।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ के वरिष्ठ आचार्य विश्वदेवानंद अवधूत ने सोमवार को गदरा स्थित जागृति कीर्तन मंडप हॉल में आयोजित आध्यात्मिक सभा में साधकों को संबोधित करते हुए तंत्र साधना की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि साधना का उद्देश्य केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मनुष्य को उसकी निम्न प्रवृत्तियों से ऊपर उठाकर उच्चतम चेतना तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। अपने प्रवचन में आचार्य ने स्पष्ट किया कि हर मनुष्य जन्म से ही विभिन्न प्रवृत्तियों के प्रभाव में रहता है, जिनमें पशुवत गुण भी शामिल होते हैं। लेकिन अनुशासित साधना, संयम और आत्मचिंतन से वह धीरे-धीरे अपने भीतर की शक्ति को जागृत कर वीरता की अवस्था में प्रवेश करता है। इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए साधक अंततः दिव्यता को प्राप्त करता है, जो जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य है। तंत्र शास्त्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने एक श्लोक के माध्यम से समझाया कि इस धरती पर सभी मनुष्य प्रारंभिक अवस्था में पशु प्रवृत्तियों से युक्त होते हैं, लेकिन ज्ञान और साधना के प्रकाश से उनमें वीरभाव का उदय होता है और उसी के सहारे वे क्रमशः देवत्व की ओर अग्रसर होते हैं। उन्होंने साधकों को प्रेरित करते हुए कहा कि जो लोग इस त्याग और साधना के मार्ग पर चल रहे हैं, वे न केवल अपने जीवन को ऊंचाई दे रहे हैं, बल्कि समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन ला रहे हैं।

## संक्षिप्त

### बारिश से मौसम हुआ सुहाना, मिली गर्मी से राहत

**कोडरमा।** जिले में सोमवार की शाम में हुई झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली, जबकि इस दौरान चली आंधी और तेज हवा के झोंको ने फसलों को नुकसान हुआ। इधर, दोपहर बाद आसमान में काले बादल छाये रहे और शाम होते ही बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। मई के शुरूआती सप्ताह में बढ़ते तापमान पर मौसम ने ब्रेक लगा दिया। कोडरमा का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं करीब 40 से 50 मिनट बारिश हुई। मौसम के जानकारों की मानें तो अले दो दिनों तक कोडरमा का मौसम ऐसे ही खुशनुमा बना रहेगा। छिटफुट बारिश होने की संभावना बनी रहेगी। हालांकि, कृषि के दृष्टिकोण से मौसम किसानों के लिए परेशानी का कारण बन सकता है। इधर तेज हवा के झोंका आम की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। वहीं खलिहान में रखे रबी की फसल को बारिश से नुकसान पहुंचा है। इधर, कोडरमा नगर पंचायत में कई जगहों पर नाला जाम रहने के कारण बारिश का पानी घरों में घुस गया।

### सड़क हादसे में किसान की मौत, पत्नी घायल

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बारकुंडिया गांव के पास हुए एक सड़क हादसे में किसान देवेन्द्र बिरुवा (35) की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी सोंगा बिरुवा गंभीर रूप से घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार, देवेन्द्र बिरुवा अपनी पत्नी सोंगा बिरुवा के साथ सोमवार को दोपहर बाइक से टोंटो देनासाई (मंझारी थाना क्षेत्र) जा रहे थे। रास्ते में बरकुंडिया गांव के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि देवेन्द्र बिरुवा पुलिया के नीचे जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनकी पत्नी भी हादसे में बुरी तरह जख्मी हो गईं। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों ने दोनों को बाहर निकाला और पुलिस की मदद से तुरंत सदर अस्पताल, चाईबासा पहुंचाया। अस्पताल में इलाज के दौरान चिकित्सकों ने देवेन्द्र बिरुवा को मृत घोषित कर दिया। वहीं सोंगा बिरुवा का इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार हादसे में उनका दायां पैर टूट गया है और उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# ड्रोन से लैस हुई धनबाद पुलिस हाईटेक निगरानी की शुरुआत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में धनबाद पुलिस ने आधुनिक तकनीक की ओर बड़ा कदम बढ़ाया है। इसी कड़ी में सोमवार को पुलिस केंद्र में तीन दिवसीय ड्रोन प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रभात कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर एसएसपी ने कहा कि बदलते समय के साथ पुलिसिंग के तौर-तरीकों में तकनीकी बदलाव बेहद जरूरी है। ड्रोन तकनीक पुलिस को आसमान से निगरानी की क्षमता प्रदान करती है, जिससे भीड़-भाड़ वाले इलाकों, संवेदनशील क्षेत्रों और दुर्गम स्थानों पर नजर रखना आसान होगा। उन्होंने बताया कि ड्रोन के माध्यम से गुप्त रूप से सूचनाएं एकत्र करने और आपात स्थितियों में त्वरित कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि ड्रोन के उपयोग से समय की बचत के साथ जोखिम भरे अभियानों में पुलिसकर्मियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकेगी। भविष्य में आवश्यकता अनुसार अत्याधुनिक ड्रोन उपलब्ध कराने की भी योजना है। प्रशिक्षण शिविर में पुलिस पदाधिकारी और जवानों को ड्रोन संचालन की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है। विशेषज्ञों की ओर से संचालित इस प्रशिक्षण में ड्रोन ऑपरेशन, सुरक्षा मानक और विभिन्न परिस्थितियों में इसके उपयोग की जानकारी दी जा रही है। साथ ही प्रतिभागियों को प्रैक्टिकल ट्रेनिंग भी दी जा रही है, ताकि वे वास्तविक परिस्थितियों में इसका बेहतर उपयोग कर सकें। प्रशिक्षकों ने बताया कि ड्रोन का उपयोग भीड़ प्रबंधन, सर्च ऑपरेशन, राहत और बचाव कार्यों और गैरकानूनी गतिविधियों पर नजर रखने में काफी प्रभावी साबित होगा। नाइट विजन ड्रोन के जरिए अंधेरे में भी निगरानी संभव होगी, वहीं संदिग्ध ड्रोन की पहचान कर उसे निष्क्रिय करने के उपाय भी सिखाए जा रहे हैं। इस अवसर पर सिटी एसपी ऋतविक श्रीवास्तव सहित कई पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यशाला बुधवार तक चलेगा।

# अग्नि दुर्घटनाएं लापरवाही और जागरूकता की कमी के कारण : डॉ. सुषमा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**देवघर।** अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर 04 मई से 10 मई तक चल रहे जागरूकता अभियान के तहत सदर अस्पताल, देवघर के सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ सुषमा वर्मा ने किया।

कार्यशाला में बताया गया कि इस सप्ताह के दौरान जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों, सामुदायिक स्थलों और शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। आम लोगों को आग से बचाव के उपाय, आपात स्थिति में किए जाने वाले जरूरी कदम और अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग की जानकारी दी जाएगी। डॉ सुषमा वर्मा ने कहा कि अधिकांश अग्नि दुर्घटनाएं लापरवाही और जागरूकता की कमी के कारण होती हैं। उन्होंने अस्पताल परिसर में अग्नि सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने, विद्युत उपकरणों की नियमित जांच करने और आपातकालीन निकास मार्ग को हमेशा सुगम बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने समय-समय पर प्रशिक्षण और मॉक ड्रिल आयोजित करने की आवश्यकता भी बताई। डीटीओ डॉ संचयन ने अग्नि सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए कहा कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थानों पर अग्निशमन व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त रहनी चाहिए।

# बंगाल में भाजपा की जीत पर मना जश्न कार्यकर्ता ने एक साल बाद कराया मुंडन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**धनबाद।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर पूरे देश में जश्न का माहौल है। इसी कड़ी में धनबाद में एक अनोखी तस्वीर देखने को मिली, जहां भाजपा कार्यकर्ता ने अपने संकल्प को पूरा करते हुए एक साल बाद मुंडन कराया। धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर भाजपा विधायक राज सिन्हा और कार्यकताओं ने जीत का जश्न मनाया। इस दौरान झाल मूरही बांटकर खुशी जाहिर की गई। धनबाद के भाजपा कार्यकर्ता सुनील कुमार पांडेय ने एक साल पहले प्रण लिया था कि जब तक पश्चिम बंगाल में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं बन जाती, तब तक वे अपने बाल और दाढ़ी नहीं कटवाएंगे। करीब एक साल तक अपने इस संकल्प पर अडिग रहने के बाद, जैसे ही भाजपा की जीत की खबर सामने आई, उन्होंने रणधीर वर्मा चौक पर विधायक राज सिन्हा और अन्य कार्यकताओं की मौजूदगी में मुंडन कराया।

# हॉस्टल में छात्र की मौत, परिजनों ने किया सड़क जाम

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**कोडरमा।** जिले के झुमरीतिलैया शहर के सेक्रेड हार्ट स्कूल के हॉस्टल में 10 वीं कक्षा के छात्र की संदिग्ध मौत को लेकर सोमवार को स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया। कोडरमा के दूधीमाटी निवासी विजय यादव के पुत्र उदित यादव (17) की रविवार को संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने के बाद इसे आत्महत्या की बात कही गयी थी। उदित के हॉस्टल के कमरे में गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या की जानकारी मिलते ही विद्यालय परिसर में जहां सनसनी फैल गई। वहीं आनन-फानन में विद्यालय प्रबंधन की ओर से छात्र को निजी वाहन से सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने रविवार देर शाम कोडरमा सदर अस्पताल में घटना को लेकर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ हंगामा किया। इस दौरान स्कूल के एक कर्मी से पूछताछ में कुछ नहीं बताने को लेकर हाथापाई भी हुई। वहीं सोमवार को मृतक का शव का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड की ओर से किया। इसके बाद मृतक के परिजनों ने झुमरीतिलैया में स्कूल के निकट रांची पटना रोड को कुछ देर के लिए जाम कर दिया। परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया ओर जमकर नारेबाजी की। इधर, एसडीओ ओम प्रकाश मंडल, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, इंस्पेक्टर अरविंद कुमार, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार दल बल के साथ पहुंचे और उनके आश्वासन पर जाम हटाया गया। मृतक के बड़े भाई आदित्य कुमार ने बताया कि रविवार को वह अपने भाई से मिलने दो बार स्कूल गए थे। पहली बार दोपहर में वे उसके गंदे कपड़े लेने पहुंचे थे, जबकि दूसरी बार शाम में साफ कपड़े और जरूरी सामान देने गए थे। दोनों बार उदित से उनकी सामान्य बातचीत हुई। वह ठीक लग रहा था।

### एशियाई खेल चयन के साथ टीएसएएफ और जेसीएपीसीपीएल में एमओयू



**पूर्वी सिंहभूम।** टाटा स्टील साहसिक प्रतिष्ठान (टीएसएएफ) के लिए सोमवार का दिन उपलब्धियों वाला रहा जब उसकी खेल आरोहण अकादमी के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ी अमन, अनीशा और जोगा का चयन वर्ष 2026 के एशियाई खेलों के लिए किया गया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा एक विशेष समारोह में की गई, जहां टीएसएएफ और जेसीएपीसीपीएल के बीच खेलों के विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी किया गया। समारोह में टाटा स्टील के उपाध्यक्ष (निगम सेवाएं) डीबी सुंदर रामम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि जेसीएपीसीपीएल के प्रबंध निदेशक कपिल मोदी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर टाटा स्टील के मुख्य खेल अधिकारी मुकुल विनायक चौधरी सहित दोनों संस्थाओं के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे।

### बंगाल-असम में भाजपा की जीत पर भाजपाइयों में खुशी की लहर



**गुमला।** पश्चिम बंगाल और असम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के ऐतिहासिक जीत पर गुमला जिला के भाजपा कार्यकताओं ने सोमवार को गुमला के शहीद टावर चौक में जश्न मनाया। कार्यकताओं ने दोपहर बाद विजय जुलूस भी निकाला और जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई और झाल मुरही खिलाकर बधाई दी। कार्यकताओं ने भारत माता की जय, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद, वंदे मातरम आदि नारे लगाए। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष सागर उरांव ने कहा कि देश के पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव परिणाम की बढ़त को देखते हुए भाजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर है। चुनावी परिणाम को लेकर सुबह से ही कार्यकर्ता उत्साहित नजर आ रहे थे। कार्यकताओं में सबसे ज्यादा उत्सुकता बंगाल को लेकर दिखी। जश्न मनाने के दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष सागर उरांव, महामंत्री संदीप प्रसाद, देवेंद्र लाल उरांव, श्याम गुप्ता, शुभा एल्बम तिग्गा, पायल तिवारी मोहम्मद शमीम खान, भूपन साहू, मीरा गुप्ता, सत्य नारायण पटेल, निर्मल गोयल, कौशल किशोर साहू, संजीव कुमार, कौशलेंद्र जमुआर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### टीएसएएफ ने किया स्टील ओअर्स किट लॉन्च



**पूर्वी सिंहभूम।** टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) ने अपनी महिला रोइंग टीम स्टील ओअर्स के आधिकारिक टीम किट (छोटे बच्चों)का भव्य शुभारंभ किया। यह टीम आगामी अस्मिता राष्ट्रीय महिला रोइंग लीग में हिस्सा लेगी, जिसे लेकर खिलाड़ियों और प्रबंधन में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम में टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट कॉरपोरेट सर्विसेज डीबी सुंदर रामम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि जेसीएपीसीपीएल के प्रबंध निदेशक कपिल मोदी विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस अवसर पर टाटा स्टील के चीफ स्पोर्ट्स मुकुल विनायक चौधरी सहित जेसीएपीसीपीएल और टाटा स्टील स्पोर्ट्स एवं एडवेंचर विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। टीएसएएफ रोइंग अकादमी के आधिकारिक साझेदार जेसीएपीसीपीएल ने क्षेत्र में रोइंग खेल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके निरंतर सहयोग से न केवल युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण मिला है, बल्कि अकादमी ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां भी हासिल की हैं।

# फायरिंग करने के दो आरोपित गिरफ्तार, हथियार बरामद

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**पूर्वी सिंहभूम।** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र स्थित घातकीडीह के कुरैशी मुहल्ला में 03 मई 2026 को हुई फायरिंग की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई में घटना में प्रयुक्त हथियार और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य भी बरामद किए गए हैं, जिससे पूरे मामले की तस्वीर साफ हो गई है। सोमवार को सिटी एसपी ललित मीणा ने बताया कि धातकीडीह निवासी सह गामा होटल के संचालक सरफराज कुरैशी उर्फ गामा के बयान पर रविवार को जानलेवा फायरिंग संबंधित नामजद मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस ने विशेष टीम गठित कर तकनीकी और गुप्त सूचना के आधार पर जांच शुरू की। इसी दौरान सूचना मिली कि नामजद आरोपित मो इमरान उर्फ गोरे और महफूज आलम शहर छोड़कर फरार होने की तैयारी में है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों को धर दबोचा। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपितों के पास से एक देशी ऑटोमैटिक पिस्टल, 7.65 एमएम की एक जिंदा गोली, घटना में इस्तेमाल किया गया खोखा और बिना नंबर प्लेट की एक बाइक बरामद की है। बरामद हथियार और सामग्री ने फायरिंग की घटना की पुष्टि कर दी है और जांच को निर्णायक दिशा मिली है। पुलिस अब हथियार की सप्लाई चेन और इससे जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश कर रही है। पूछताछ में सामने आया है कि मुख्य आरोपित इमरान और वादी के बीच पहले से विवाद चल रहा था। घटना से एक दिन पहले हुए विवाद के बाद इमरान ने बदला लेने की नीयत से हथियार की व्यवस्था की और फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि यह पूरी घटना पूर्व नियोजित थी। एसपी ने यह भी बताया कि इमरान उर्फ गोरे का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं। फिलहाल दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# एसडीपीओ की जांच में फर्जी चालान का खुलासा, बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**पलामू।** जिले के हैदरनगर-जपला मुख्य पथ पर निमियादोहर के समीप स्थित कुकही संस्कार भवन के पास सोमवार को वाहन जांच अभियान के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) दिव्यांश शुक्ला ने बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। उल्लेखनीय है कि प्रशासन की ओर से क्षेत्र में अवैध खनन और बालू के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत यह कार्रवाई की गई। जांच के क्रम में ट्रैक्टर चालक से परिवहन संबंधी कागजात की मांग की गई। प्रस्तुत किए गए बालू चालान की जब बारीकी से जांच की गई, तो चालान जपला-हुसैनाबाद थाना क्षेत्र का पाया गया, जबकि संबंधित ट्रैक्टर हैदरनगर थाना क्षेत्र में बालू गिरा रहा था। इससे स्पष्ट हुआ कि चालान का उपयोग निर्धारित स्थल के अतिरिक्त अन्य स्थान पर किया जा रहा था। इतना ही नहीं, चालान में अंकित समय और तिथि भी वास्तविक परिवहन से मेल नहीं खा रहे थे। प्रथम दृष्टया यह मामला फर्जी प्रतीत हुआ, जिससे प्रशासन को राजस्व क्षति पहुंचने की आशंका हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ ने तत्काल कारवाई करते हुए ट्रैक्टर को जब्त कर लिया और आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए हैदरनगर थाना पुलिस को सौंप दिया।

## संपादकीय

### इच्छाशक्ति की परीक्षा

**भारत** जैसे विविधतापूर्ण समाज में भाषण की स्वतंत्रता लोकतंत्र की ताकत मानी जाती है, लेकिन जब यही स्वतंत्रता नफरत फैलाने का माध्यम बन जाए, तो यह सामाजिक ताने-बाने के लिए खतरा बन जाती है। हाल के वर्षों में राजनीतिक और सामाजिक मंचों से दिए जा रहे भड़काऊ बयानों ने इस चिंता को और गहरा किया है कि आखिर क्यों नफरती भाषणों पर कानून बेअसर साबित हो रहा है। कानूनी दृष्टि से देखें तो देश में ऐसे भाषणों से निपटने के लिए पर्याप्त प्रावधान मौजूद हैं। भारतीय दंड संहिता में ऐसे कई सेक्शन हैं, जो धर्म, जाति या समुदाय के आधार पर वैमनस्य फैलाने, अफवाह फैलाने या शांति भंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का रास्ता खोलते हैं। इसके बावजूद, जमीनी स्तर पर इन कानूनों का असर कमजोर दिखाई देता है। इस विफलता की जड़ कानून की कमी नहीं, बल्कि उसके लागू होने में खामियां हैं। कई बार देखा गया है कि पुलिस शिकायत दर्ज करने में टालमटोल करती है या फिर कमजोर धाराओं में मामला दर्ज कर देती है, जिससे आरोपी आसानी से बच निकलते हैं। वहीं, राजनीतिक प्रभाव और दबाव भी निष्पक्ष कार्रवाई में बाधा बनते हैं। जब कानून का इस्तेमाल समान रूप से नहीं होता, तो उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। नफरती भाषणों का असर केवल तत्काल नहीं, बल्कि दीर्घकालिक होता है। यह समाज में अविश्वास को बढ़ाता है, समुदायों के बीच दूरी पैदा करता है और कई बार हिंसा को जन्म देता है। इससे लोकतांत्रिक संवाद की जगह कटुता और ध्रुवीकरण हावी होने लगता है, जो किसी भी स्वस्थ समाज के लिए घातक है। इस चुनौती से निपटने के लिए सबसे जरूरी है राजनीतिक और प्रशासनिक इच्छाशक्ति। सरकारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि कानून का पालन बिना किसी भेदभाव के हो। साथ ही, पुलिस और प्रशासन को अधिक जवाबदेह और संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है। न्यायपालिका ने भी यह स्पष्ट किया है कि यदि कानून के क्रियान्वयन में कमी है, तो उसे सुधारना कार्यपालिका और विधायिका की जिम्मेदारी है। अंततः, नफरती भाषणों पर अंकुश केवल कानून से नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी से संभव है। समाज, मीडिया और राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि अल्पकालिक लाभ के लिए फैलाया गया जहर अंततः पूरे देश को नुकसान पहुंचाता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तभी सार्थक है, जब वह समाज को जोड़ने का काम करे, न कि तोड़ने का।

# विकास की बर्बादी रोकने के लिए मूल ज्ञान को सत्याग्रही बना दिया

**विकास** की बर्बादी ने मुझे अपने खोए हुए मूल आदि ज्ञान की तरफ मुड़ने के लिए मजबूर किया है। 51 वर्ष पहले जब मुझे बबार्दी का एहसास हुआ था, उसी ने भारतीय मूल ज्ञान से पुनर्जनन का आभास कराया था। आवर्तन के बाद पुनार्वतन तो पुनर्जन्म प्रक्रिया द्वारा ही संभव है। इसलिए 51 वर्ष पूर्व मेरे मूल गांव डौला में बाढ़ मुक्ति के काम से शुरूआत हुई थी। जयपुर में अरावली खनन



जलपुरुष राजेन्द्र सिंह

के विनाश ने अंतर्चेतना को जगाया। जयपुर विश्वविद्यालय परिसर के घरों में जले हुए चवालीस मजदूर परिवारों के राहत कार्यों से सीख मिलनी शुरू हुई। 46 वर्ष पूर्व जयपुर शहर में झालनाडूंगरी खनन से बढ़ते तापक्रम का अध्ययन करने पर ज्ञात हुआ कि विकास के नाम पर खनन से कितना पर्यावरण, स्वास्थ्य, आर्थिकी और पारिस्थितिकी का विनाश हो रहा है। इन्ही प्रेरक घटनाओं ने मुझे अपने मूल ज्ञान से सीखने की संपूर्ण तैयारी करा दी थी। बस यही मेरी शिक्षा की विद्या (करके सिखाने की प्रक्रिया) में बदलाव मेरे जीवन का बदलाव बिन्दु बन गया था।

वर्ष 1982 में यह समझ बनी कि, जहां से लोग उजड़कर शहरों में आ रहे हैं, वहीं जाकर उनके साथ काम करना चाहिए। इसी सोच ने जयपुर शहर छोड़कर गांव में जाने की तैयारी करा दी। वर्ष 1983 में मालपुरा, केकड़ी, टोंक आदि क्षेत्रों के गाडूलिया लूहारों के साथ उनके डेरों के पुनर्वास का प्रयास शुरू किया। उनकी अपनी जमीन और स्थिर जीवन की परंपरा न होने के बावजूद प्रयास जारी रहे। इसी काल में टोरडी सागर गांव में गोबर की गांव में ही खाद और गांव में ही बीज एकत्रित कर खेती के प्रयोग शुरू किए गए। काम करते समय विचार आया कि ऐसी जगह काम करना चाहिए, जहां जल बिल्कुल नहीं है। तब गोपालपुरा, हरिपुरा, हमीरपुर, मालपुरा, रायपुरा, भाल, किशोरी, भीकमपुरा, जैतपुरा, सीलीबावड़ी और सत्ताईस गुवाड़ा-गुवाड़ी जैसे गांव मिले, जहां काम करने का निश्चय किया गया।

कुछ दिनों की तैयारी के बाद जब अलवर जिले के बिन पानी क्षेत्र में जाने का निर्णय हुआ तो कोई संपर्क नहीं था। जयपुर से जानकारी मिली कि, एक ही बस घाटगेट बस अड्डे से दोपहर दो बजे चलती है और शाम सात बजे किशोरी गांव पहुंचती है। बिना यह जाने कि किस गांव जाना है, बस में बैठ गए और कंडक्टर से अंतिम स्टॉप तक का टिकट ले लिया। रास्ते में उजड़ा हुआ गांव अजबगढ़ को देखकर उतरने का मन हुआ, पर बस नहीं रुकी। अंततः 25 नवंबर 1985 की शाम सात बजे किशोरी गांव पहुंचे। वहां कुछ बुजुर्गों ने पहले हम पर संदेह किया और बोले कि, ये पंजाब के आतंकवादी जैसे लगते हैं। दूसरों ने कहा कि, आतंकवादी यहां नहीं आयेंगे। उजड़ते लोगों के पास सहारा देने आतंकवादी नहीं आते हैं। गांव के ही एक सज्जन किसान बोले की इन्हें मंदिर में ही ठहरा दो। किशोरी के हनुमान मंदिर में हमें ठहरने की व्यवस्था कर दी। तीन दिन बाद भीकमपुरा गांव में सुमेर सिंह जी ने रहने की जगह दिलवा दी। मैंने वहीं से आसपास के गांवों में दवाई और पढ़ाई का काम शुरू किया। आयुर्वेद स्नातक होने के कारण जल और जीवन के संबंध की समझ मिली। मेरी औपचारिक शिक्षा सीमित थी, लेकिन मेरे दादा हमेशा सिखाते थे कि शिक्षा का अर्थ तभी है जब उसका प्रभाव धरती, प्रकृति और जीवन पर समझा जाए। जो सीखा है उसे जमीन पर उतारकर अनुभव करना चाहिए। यही अनुभव आगे का मार्ग दिखाता है। मेरे छोटे बाबा (दादा) लखपत सिंह जी के साथ खेतों में काम करते हुए प्रकृति से सीधा संबंध बना। वो 12 से 16 घंटे प्रकृति का काम करते थे। उन्होंने सिखाया कि धरती माता से जितना लिया जाए, उतना ही श्रम और पसीने से उसे लौटाना चाहिए। धरती हमें पोषित करती है। हम इसे पोषित करने का काम करें। आगे चलकर सब को स्वस्थ रखने की विद्या ग्रहण करने के लिए भारतीय ऋषिकुल कॉलेज में दाखिल हुआ। वहां पहले ही दिन कॉलेज के प्राचार्य ने कहा कि, धमार्थ, काम, मोक्ष, आयुर्वेद आरोग्य रक्षणम जीवन तो धर्म, मोक्ष के लिए है। आयुर्वेद शिक्षा में भी यही समझ मिली कि धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष का आधार आरोग्य जीवन हैं। बिना औपचारिक शिक्षा की दौड़ में शामिल रहते हुए भी सरकारी सेवा कार्य करने का अवसर मिला। अंततः जीवन विद्या ने मुझे वहां टिकने नहीं दिया और मैं अलवर जिले के गोपालपुरा गांव पहुंच गया। यहां मैंने जो विद्या पायी थी, उसी से स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा का कार्य शुरू किया। यह क्षेत्र कुपोषण, जल संकट, रतोंधी रोग से ग्रस्त और बेरोजगारी से जूझ रहा था। युवा गांव छोड़कर बाहर जा रहे थे। मैंने यहां दवाई और पढ़ाई का काम किया। नौ महीने के भीतर ही स्थानीय समुदाय के मांगू मीणा और नाथी बलाई से सीखकर जल संरक्षण का कार्य शुरू किया। इसका प्रभाव अद्भुत रहा। गांव के कुओं में जल आते ही लोग शहरों से वापस अपने गांव लौटने लगे, खेती में हरियाली आई और कुओं में पानी भरने लगा।

जब मैं यहां आया तो लोग अपने दुख के गीतों में गाते थे-

बादल आते हैं, हर साल मेरे गांव में, पर बरसते नहीं हैं, बिना बरसे वे कहां, चले गए हम जानते नहीं हैं। जब से बादल ने रूठना शुरू किये हैं, मेरा बेटा-बहू रूठ कर दिल्ली चले गए हैं, अब कुएं में पानी नहीं है, जीवन में खुशहाली नहीं है।

1985 में घर-घर मैंने इन गीतों के शब्दों को सुना है। ये लोग इतने बुरे हालात में भी मुझसे कभी कुछ मांगते नहीं थे। बस कहते थे कि, केवल पानी हो जायेगा तो सभी कुछ अपने आप ही आ जायेगा। मैंने इन्हीं से पूछा कि, पानी का काम कैसे होगा। तब इन्होंने ही मुझे कुल दो दिनों में मेरी जल में दो पीएचडी करवा दी। ये शिक्षा की पीएचडी नहीं थी, बल्कि ये विद्या में है। मुझे मेरे गुरू मांगू काका और अन्य साथियों ने 25 सूखे कुओं में चमड़े की चरस से नीचे उतारकर धरती का पेट दिखाया-सिखाया था। बाहर कुओं में से निकालकर, सवाल पूछकर ज्ञान का प्रमाणीकरण किया था। इनका लक्ष्य जल के वाष्पीकरण को रोकना था। यहां वर्षा जल बहुत कम ही था, फिर भी जो आता था, वह बहकर या वाष्प बनकर राजस्थान में अधिकतर उड़ जाता है। यह धरती के अंदर संग्रह करके वाष्पीकरण से बचाया जा सकता है। इसलिए मुझे यह सब प्रत्यक्ष ज्ञान विद्या द्वारा 25 कुओं में विविध प्रकार की मिट्टी, पत्थर के स्तरों को देखकर समझा आ गया था।

जल कार्य में स्थानीय लोगों से ही गहन सीख मिली। धरती के भीतर के जल को समझने के लिए कुओं में उतरकर मिट्टी और पत्थरों की परतों की समझ आयी। यह ज्ञान पुस्तकों से नहीं, प्रत्यक्ष अनुभव से मिला। एक ही दिन में पेड़-पौधे, घास, मिट्टी की विद्या को प्रत्यक्ष सीखना संभव हुआ। जो हम 19 वर्षों में शिक्षा की पीएचडी करके नहीं सीख सकते, वह एक दिन में सीखना संभव हो गया। ये इसलिए संभव हुआ, क्योंकि यह भूविज्ञान कृत्रिम बुद्धिमत्ता का नहीं था। इससे यह स्पष्ट हुआ कि बिना भूगर्भीय समझ के जल संरक्षण संभव नहीं है। यह विज्ञान आंकड़ों का नहीं, संवेदनशील समझ का विज्ञान है। संवेदनाओं से मिली सीख या सत्यशोधन आंकड़ों का विज्ञान नहीं है। यह तो आंतरिक अभ्यास से मिला ज्ञान विद्या है। जो आंतरिक साधना और प्रकृति के साथ संवाद से प्राप्त होती है। यह बाहरी मशीनों, समीकरणों के बजाय आंतरिक आध्यात्मिक ही साधना है। साध्य तो साधन से शोधन और शुद्धि से सिद्धि (सत्य) मिल जाता है। साध्य सिद्धी की राह पर साधना सबसे पहला चरण है। साधना के लिए साधनों की शुद्धि से हुई साधना सिद्धी (सत्य) खोज ही देती है।

मेरी पहली सत्य खोज गोपालपुरा गांव से शुरू होकर अरवरी नदी पुनर्जीवन को आंखों से देखकर पूरी हुई थी। इन्ही जल, जंगल, जमीन संरक्षण, भूजल पुनर्भरण काम के 10 वर्ष बाद, अरवरी नदी पुनर्जीवित हुई, 12 वर्ष बाद सरसा, रूपारेल, भगाणी, जहाजवाली नदी पुनर्जीवित होकर बहने लगी, और पंद्रह वर्षों में जलवायु परिवर्तन अनुकूलन, उन्मूलन के सकारात्मक प्रत्यक्ष प्रभाव दिखाई देने लगा। जल लौटने से जीवन, खेती, रोजगार और संस्कृति सब वापस आने लगे। यह स्पष्ट हुआ कि जल के बिना कुछ भी संभव नहीं है न जीवन, न जमीन, न जंगल, न समाज। इस तरह लोगों के गीत भी बदलने लगे, अब हमारे कार्यों के प्रभाव से आए बदलाव के गीत गाने लगे-

अब बादल आते हैं, मेरे गांव में, रूठते नहीं हैं वे, अब बरसते हैं मेरे खेतों में। पानी आ गया है, मेरे कुएं में, जिस दिन से पानी आया मेरे कुएं में, मेरा बेटा बहू और पोती लौट आयी हैं अपने गांव में, अब करते हैं ये खेती, खेतों में हैं, हरियाली कुएं में है पानी और अब लौट रही है मेरे जीवन में खुशहाली। मेरा बेटा-बहू बच्चे अब रहेंगे मेरे साथ।

भारतीय विद्या में ही जल का सम्पूर्ण ज्ञान सबसे पहले आरंभ हुआ था। भारतीय संस्कृति में जल को ब्रह्म माना गया है ह्लआपः ब्रह्मास्मि lह्व जल ही सृष्टि का आधार है। यही ब्राहाण्ड को चलाने वाला है। सबसे पहले यह सृष्टि अग्नि का गोला था, अग्नि ही ब्राहांड थी। समय और सिद्धांतों से पूर्व साढ़े तीन खरब वर्ष पूर्व अग्नि के ब्राहांड में एक महाविस्फोट हुआ था, जिसमें अग्नि के दो अणु हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के अणु अलग-अलग हुए। फिर दोनों ही हाइड्रोजन के दो अणु ऑक्सीजन के एक अणु से मिल गए और जल की उत्पत्ति हुई। बाद में भारत में जल विद्या और विज्ञान पर शोध शुरू हुई थी। मुझे भी इसमें रुचि थी। इसलिए मैंने वेदों और उपनिषदों को अध्ययन किया और समझा था। इसी समझ से 1992 में भारतीय आस्था और पर्यावरण रक्षा पुस्तक लिख दी थी। 1991 में पेरिस फ्रांस में दूसरे पृथ्वी शिखर सम्मेलन की तैयारी बैठक में 10 दिन के लिए यहां के राष्ट्रपति मित्राओं ने हमें बुलाकर दुनिया भर की जल, जंगल, जमीन को संरक्षित रखने हेतु सामुदायिक आस्थाओं के जानने हेतु भारत के अन्य पर्यावरणविदों के साथ मुझे भी बुलाया था। हमने प्रतिदिन भारतीय जल आस्था पर अपनी बातें रखी थीं। तब तक मेरा सामुदायिक विकेन्द्रित जल प्रबंधन का अनुभव भी मुझे हो गया था। इस विषय में भी मैंने दो दिन अपनी बात रखी थी। ये बातें तो मेरी पुस्तक से भी जान सकते हैं। दूसरा भाषण था, भारत का जल दर्शन व जल प्रबंधन यह भी मेरी दूसरी पुस्तकों से जाना जा सकता है। भारतीय जल विद्या और जल विज्ञान जानना भी जरूरी है।

वेदों और उपनिषदों के अध्ययन तथा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अनुभव साझा करने से मेरी जल, जंगल, जमीन की यह समझ और गहरी हुई कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए सामुदायिक आस्था और पारंपरिक ज्ञान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी ज्ञान के आधार पर मेरे जीवन का काम शुरू हुआ था। गांव का अनपढ़ व्यक्ति ही मुझे जमीन पर काम करके वेद-उपनिषदों की बातों का व्यवहार एवं संस्कार सिखा रहा था। मेरी आयुर्वेद विद्याा में मुझे पंचमहाभूत निर्मित हमारे शरीर के बारे में सिखाया गया था। हम और हमारी सृष्टि जल-जमीन से निर्मित हुई है। जीव का जन्मदाता जल ही है। पृथ्वी, नदी, पहाड़, आकाश सभी कुछ अग्नि से अलग होकर जल ने बनाए है लेकिन चलाने वाली शक्ति अग्नि ही है। जल ने मिट्टी बनायी और मिट्टी में वनस्पतियों का जन्म हुआ। जल में जलचरों की निर्मित हुई है। बस धीरे-धीरे पूरे ब्रह्मांड में जीव जगत बने।

जीव-जगत को प्राण वायु ने अग्नि से ऊर्जा लेना सिखाया। बस हम सभी चलने लगे, बढ़ने लगे। मिट्टी ने धरती, जल ने समुद्र, आकाश ने सभी को सहारा (आवास) दिया। हमारे आवासों ने दुनिया में लोभ, लालच, लाभ और विद्वान बनाए। इन्होंने दुनिया को जटिल बनाना शुरू किया तो आर्वतन-परावर्तन शुरू हुए। सतयुग-त्रेता-द्वापर कलियुग बनते चले गए। राजा और विद्वान बनने की लालसा-आकांक्षा से त्रेता काल बन गया। राजा जब घमंडी, लुटेरे और काला बाज बनने लगा तो प्रकृति क्रोध से द्वापर बन गया। भौतिकता और मशीनों का राज आया तो कलियुग बन गया। इस काल में प्रकृति और संस्कृति की संपूर्ण अनदेखी कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने करनी शुरू कर दी। प्रकृति-संस्कृति के मानव प्रेम बोध-भाव को मार दिया। कृत्रिम बुद्धिमता ने हमारी प्राकृतिक बुद्धिमता को खाकर नष्ट करना शुरू कर दिया है। भूमि, गगन, वायु, अग्नि और नीर सृष्टि के आधार हैं। यही आध्यात्म और विज्ञान का संगम है। जब इनका संतुलन बिगड़ता है, तब प्रकृति संकट में पड़ती है। आज भौतिकता, मशीनों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव ने प्रकृति और संस्कृति की अनदेखी शुरू कर दी है, जिससे बाढ़, सूखा और मानव निर्मित आपदाएं बढ़ रही हैं। विकास के नाम पर विनाश हो रहा है। लोग गांव छोड़कर शहरों में लाचार, बेकार, बीमार असुरक्षित जीवन जीने को मजबूर हैं। शहरों में इनका जीवन नरक हो रहा है। यदि इस शहरीकरण को बबार्दीकरण से बचना है, तो हमें अपने आदि ज्ञान की ओर लौटना होगा।

आदिज्ञान पंचमहाभूतों के योग से बना भगवान भ-भूमि, ग-गगन, व-वायु, अ-अग्नि, न-नीर यह हमारे अध्यात्म और विज्ञान के संबंध को सिद्ध करता है। ये पंचमहाभूत ही हमे सृष्टि पृथ्वी, नदी, पहाड़, जंगलों को बनाते है। यह प्राचीन भारतीय आदिज्ञान ही है। जब यही व्यवहार-संस्कार जीवन में आता है, तभी जीवन प्रकृतिमय बनने लगता है। इसीमूल ज्ञान ने विकास की बबार्दी से मुझे मोड़कर सनातन-समृद्ध-प्राकृतिक पुनर्जनन की राह पकडाई है। इसी से हम सनातन सत्य को समझकर पृथ्वी पर हो रही बबार्दी रोकते हैं। सत्य की अभिव्यक्ति ही हमारी संस्कृति है। इसी से प्रकृति पोषण का हमारा जीवन जुड़ा था। हमारी आस्था में निर्मित व्यवहार एवं संस्कार बना है। मेरे व्यवहार ने उजड़े गांवों की सभ्यता को पुनर्जीवित किया है। मेरे काम के संस्कार से भारतीय संस्कृति समृद्ध हुई है। यही मेरे जीवन को प्रकृति-संस्कृति के साथ जोड़ता चला गया। देशज ज्ञान से पोषित व्यवहार ने प्राकृतिक आस्थावान-संस्कारवान बनाकर अपने शास्त्रों और लोकविज्ञान से सीखकर, काम करने हेतु प्रकृतिप्रेमी बना दिया था। इसी ने प्राकृतिक शोषण खनन के विरुद्ध अंतिम क्षण तक सत्याग्रही बना दिया।


**- यह लेखक के अपने विचार हैं।**

# संक्रमण रोकने में सहायक है हाथों की स्वच्छता

## भारत विश्व हाथ स्वच्छता दिवस (5 मई) पर विशेष

संक्रमण की रोकथाम के लिए हाथों को स्वच्छ रखना जरूरी है। हाथ स्वच्छ रखने से काफी हद तक संक्रमण से बचाव संभव है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ)द्वारा हर साल ₹सेव लाइव्स,क्लीन योर हैंड₹ अभियान के तहत इसे मनाया जाता है। वर्ष 2026 में भी यह पांच मई को मनाया जाएगा।



तुषार कांति शीट

हाथों की सफाई छोटी सी आदत है, लेकिन इसका असर जीवन-मरण का फर्क ला सकता है। विश्व हाथ स्वच्छता दिवस का उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल में हाथ की स्वच्छता के महत्व को वैश्विक स्तर पर उजागर करना और लोगों को एक साथ लाकर इसमें सुधार करना है।

**क्यों जरूरी है हाथ की स्वच्छता**

अस्पतालों और क्लीनिकों में स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े संक्रमण हर दिन मरीजों के लिए खतरा बने रहते हैं। सही समय और सही तरीके से हाथ धोने से इनमें से बड़ी संख्या में संक्रमण को रोका जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि संक्रमण की रोकथाम और इस पर नियंत्रण, जिसमें हाथ की स्वच्छता शामिल है, बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। वर्ष 2026 के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन का जोर 'एक्शन सेव लाइव्स' पर है।




राष्ट्रीय स्तर पर यह लक्ष्य है कि सभी अस्पतालों में हाथ स्वच्छता अनुपालन की निगरानी और फीडबैक की व्यवस्था हो। पानी, साबुन, साफ तौलिया और अल्कोहल-आधारित हैंडरब की निरंतर उपलब्धता, शिक्षा और प्रशिक्षण के साथ इसे संभव बनाया जा सकता है।

**कैसे मनाएं और योगदान करें**

स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर, नर्स और अन्य स्टाफ विश्व स्वास्थ्य संगठन के पांच मोमेंट्स ऑफ हैंड हाइजीन का पालन करें। घर और समुदाय में साबुन से 40-60 सेकंड तक हाथ धोने की आदत डालें, खासकर खाना खाने से पहले और शौच के बाद। जागरुकता फैलाएं व सोशल मीडिया पर हैंड हाइजीन के साथ संदेश साझा करें। हाथ की स्वच्छता सिर्फ अस्पतालों तक सीमित नहीं है। बल्कि घरों, स्कूल, दफ्तर हर जगह स्वच्छ हाथ संक्रमण को रोकते हैं और जीवन बचाते हैं। इसलिए विश्व हाथ स्वच्छता दिवस के अवसर पर हमेशा अपने हाथों को स्वच्छ रखने और संक्रमण की रोकथाम में सहभागिता निभाने का संकल्प लें।

**- (लेखक श्रीरामकृष्ण सेवा संघ के सहायक सचिव एवं वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन रांची के सचिव हैं। ये उनके निजी विचार हैं।)**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**5 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.02 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मिथुन | 08.00 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.14 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 12.30 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 14.42 बजे से |
| शुक्र | वृष में | तुला | 16.53 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.07 ब.से |
| राहु | कुंभ में | धनु | 21.23 बजे से |
| केतु | सिंह में | मकर | 23.28 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | कुंभ | 01.15 बजे से |
| | | मीन | 02.48 बजे से |
| | | मेष | 04.18 बजे से |

**मंगलवार** 2026 वर्ष का 125 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 05.25 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** ज्येष्ठा 12.55 बजे को समाप्त। **योग** शिव 00.17 बजे रात्र को समाप्त। **करण** विष्टि 05.25 बजे तदनन्तर बव 18.38 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 16° 12' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872700 **जूलियन दिन** 2461165.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जिल्काद **तारीख** 17 **विशेष** एकदन्त संकष्टी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8851



**बाएँ से दाएँ**

1. शमशीर,कृपाण-4
4. उपद्रवी,आतंकी-4
6. अनुबंध,संधि-3
8. धोखा,छल,मक्कारी-3
9. चांदी-3
11. अश्रु-2
13. नीचता-5
15. कुंजी,जिससे ताला खोलते हैं-2
16. पुराना जुकाम-3
18. प्रश्न-3
19. चांदी-3
20. जहां ताजिये दफन किए जाते हैं-4
22. बोरिया-बिस्तर-4

**ऊपर से नीचे**

1. झगड़ा,कहासुनी-4
2. संगीत यंत्र-2
3. बहुत बड़ा,विशाल-3
4. अपनत्व,अपनापा-5
5. अनबन,झगड़ा-4
7. कपड़े धोनेवाला-3
10. तहजीबदार-5
12. अकस्मात,सहसा-4
14. दृष्टि,निगाह-3
17. बेमिसाल,अनूठा-4
18. बलवान-3
21. उम्मीद,आशा-2

**शब्द पहेली -8850 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | म | रा | य | ■ | सा | व | धा | न |
| रा | ■ | ह | म | स | फ | र | ■ | फ |
| ध | न | ■ | ■ | ली | ■ | ■ | का | र |
| ना | क | ■ | ना | का | रा | ■ | न | त |
| ■ | ब | हा | र | ■ | श | र | भ | ■ |
| खो | ज | ■ | द | ह | न | ■ | र | म |
| फ | न | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ना | न |
| ना | ■ | स | र | फ | रो | श | ■ | च |
| क | र | त | ब | ■ | ना | मा | व | ली |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7785** ★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7784 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |



भारती सिंह और


# शेखर सुमन को कोर्ट से बड़ी राहत

## रद्द की गई FIR



**बॉम्बे** हाई कोर्ट ने बुधवार को कमीडियन भारती सिंह और अभिनेता शेखर सुमन को बड़ी राहत देते हुए वर्ष 2010 में दर्ज एफआईआर को निरस्त करने का आदेश दिया है। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने स्पष्ट किया कि हास्य-व्यंग्य और तुकबंदी के उद्देश्य से की गई टिप्पणियों का ध्येय किसी समुदाय की भावनाओं को आहत करना नहीं होता। बुधवार को मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट की तरह से कहा गया कि जिन शब्दों को आपत्तिजनक बताया जा रहा है, वे हैं 'या अल्लाह! रसगुल्ला! दही भल्ला! याचिकाकर्ताओं का कहना है कि ये केवल तुकबंदी और हास्य के लिए इस्तेमाल किए गए शब्द हैं। उनका तर्क है कि 'दही भल्ला' और 'रसगुल्ला' आम खाद्य पदार्थ हैं, जो सभी समुदायों के लोगों द्वारा जाने और खाए जाते हैं, और इन अभिव्यक्तियों में कोई धार्मिक रंग नहीं है। इस तर्क को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सामान्य सामाजिक उपयोग में ये शब्द अपने आप में तटस्थ हैं। किसी हास्यपूर्ण कार्य में खाद्य पदार्थों का मात्र उल्लेख धर्म का अपमान नहीं हो सकता। यह साबित करने के लिए सबूत होने चाहिए कि इन शब्दों को अपमान के हथियार के रूप में चुना गया था। कोर्ट ने यह भी माना कि कलाकारों को टारगेट करना आसान हो गया है, क्योंकि उन तक पहुंच बहुत आसान है लेकिन आपराधिक कानून का इस्तेमाल गलत तरीके से करना भी गलत है। उन्होंने आगे कहा कि शो पारिवारिक मनोरंजन कार्यक्रम के रूप में प्रसारित होता था और काफी समय से चल रहा था। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि ऐसे कार्यक्रमों में कलाकारों और जजों का उद्देश्य हंसी पैदा करना होता है। कोर्ट के अनुसार, वर्तमान परिस्थितियां मामले के निस्तारण हेतु प्रासंगिक प्रतीत होती हैं। मंच पर प्रदर्शन करने वाला कलाकार प्रायः निर्धारित पटकथा (स्क्रिप्ट) के अनुरूप ही अभिनय करता है। उपलब्ध साक्ष्यों से यह स्पष्ट नहीं होता कि याचिकाकर्ता जजों ने उन संवादों को लिखा था। उनकी भूमिका इतनी सीमित है कि उन पर लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया सिद्ध नहीं होते। न्यायालय अभियोजन के उस व्यापक तर्क को स्वीकार नहीं कर सकता जिसमें ठोस आधार का अभाव हो। जब शिकायत में आवश्यक तथ्यों का अभाव हो और अपराध की पुष्टि न होती हो, तो ऐसी स्थिति में आपराधिक कार्यवाही जारी रखना न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।

# आशुतोष गोवारिकर फेस्टिवल डायरेक्टर नियुक्त



**मुंबई** भारतीय सिनेमा के लिए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत प्रसिद्ध फिल्म निर्माता अशुतोष गोवारिकर को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया के 57वें संस्करण का फेस्टिवल डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पहल के तहत की गई है, जो इस प्रतिष्ठित महोत्सव के साथ गोवारिकर के लंबे जुड़ाव को और मजबूत करती है। गौरतलब है कि आशुतोष गोवारिकर का IFFI के साथ रिश्ता दशकों पुराना है, जिससे यह नियुक्ति उनके निरंतर जुड़ाव का एक स्वाभाविक विस्तार मानी जा रही है। शुरुआती वर्षों में एक प्रतिभागी के रूप में शामिल होने से लेकर हाल के संस्करणों में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाने तक, जिसमें 2024 में इंटरनेशनल सिनेमा के ज्यूरी प्रेसिडेंट के रूप में उनकी भूमिका भी शामिल है, उनका सफर इस फेस्टिवल के साथ गहरे संबंध को दर्शाता है। अपनी खुशी व्यक्त करते हुए गोवारिकर ने कहा, 'इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया, गोवा के फेस्टिवल डायरेक्टर के रूप में सेवा करना मेरे लिए गर्व और खुशी की बात है। मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मैंने इस फेस्टिवल के विकास को करीब से देखा है।



# दिल्ली हाईकोर्ट ने संजय कपूर की संपत्ति बेचने पर लगाई रोक, करिश्मा कपूर को मिली राहत

**संजय** कपूर की संपत्ति मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर और उनके बच्चों समायरा और कियान को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने साफ किया है कि जब तक करिश्मा कपूर के बच्चों द्वारा दायर मामले का निपटारा नहीं होता है, तब भी संजय कपूर की संपत्ति को बेचा नहीं जा सकता। कोर्ट ने कहा, बैंक खातों के ट्रांजैक्शन की जानकारी भी कोर्ट को देनी होगी और इसकी जिम्मेदारी प्रिया कपूर की होगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि प्रिया कपूर संजीव कपूर की संपत्ति को बेच नहीं सकती। प्रिया कपूर को बच्चों द्वारा वसीयत की प्रमाणिकता पर उठाए गए शक को दूर करना चाहिए। अब प्रिया कपूर किसी भी प्रॉपर्टी को न तो बेच सकती हैं और न ही ट्रांसफर कर सकती हैं। मामले पर सुनवाई करते हुए जस्टिस ज्योति सिंह ने कहा, 'संपत्ति को खत्म नहीं किया जाना चाहिए। संपत्ति को बचाकर रखने की जरूरत है। कोर्ट ने बैंक अकाउंट्स के ऑपरेशन पर रोक लगा दी है। संजय कपूर के बैंक अकाउंट्स फ्रीज करने के आदेश भी दिए हैं। दिल्ली हाईकोर्ट का कहना है कि अगर ट्रायल स्टेज पर वसीयत जाली साबित होती है, तो यह समायरा और कियान के साथ अन्याय होगा। हाईकोर्ट ने कहा, करिश्मा कपूर और संजय कपूर की मां ने संजय की छोड़ी हुई वसीयत की वैलिडिटी और असली होने पर शक जताया है और इसलिए अब उन शकों को दूर करने की जिम्मेदारी प्रिया कपूर पर है।

कोर्ट ने कहा कि वसीयत कितनी असली है, यह अब ट्रायल का मामला है और इस बीच वसीयत करने वाले (संजय कपूर) की संपत्ति को सुरक्षित रखने की जरूरत है। कोर्ट ने प्रिया कपूर को भारतीय कंपनियों की इक्विटी या शेयरहोल्डिंग को अलग करने, ट्रांसफर करने, गिरवी रखने और बदलने से रोक लगा दी। कोर्ट ने संजय कपूर के बैंक खातों पर भी निगरानी रखने की बात कही हैं। कोर्ट ने संजय कपूर के विदेशी बैंक अकाउंट और क्रिप्टो करेंसी के ऑपरेशन पर भी रोक लगा दी है। मतलब प्रिया संपत्ति के साथ क्रिप्टो करेंसी को भी नहीं बेच पाएंगी।

# तब्बू ने दी फिल्म 'किंग 100' पर बड़ी जानकारी



### तब्बू और नागार्जुन फिर आएंगे साथ

आगामी फिल्म 'किंग 100'से तब्बू साउथ अभिनेता नागार्जुन के साथ लगभग 30 साल बाद नजर आएंगी। आखिरी बार एक्ट्रेस नागार्जुन के साथ साल 1996 में आई रोमांटिक फिल्म 'निन्ने पेल्लादाता' में काम किया था। बीते दिनों तब्बू ने सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म की जानकारी दी थी।

**अभिनेत्री** तब्बू जल्द नई फिल्म 'किंग 100' मे नजर आएंगी। हाल ही में अभिनेत्री ने सोशल मीडिया के जरिए फिल्म के पहले शेड्यूल के खत्म होने की बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं। जिसमें एक्ट्रेस अपने क्रू मेंबर्स के साथ मस्ती करती दिख रही हैं।

क्रू मेंबर्स के साथ खिंचवाई सेल्फी

तब्बू इन दिनों आगामी फिल्म 'किंग 100' को लेकर व्यस्त हैं। इंस्टाग्राम पर उन्होंने कुछ फोटोज शेयर किए हैं जिनमें वह अपनी फिल्म के क्रू के साथ दिखाई दे रही हैं। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने अपनी फिल्म की शूटिंग की जानकारी भी दी। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'शेड्यूल 1 का अंत'। यह इस बात का संकेत है कि फिल्म का पहला शेड्यूल पूरा हो चुका है।

# मनीषा रानी से शादी करना चाहता है ये एक्टर

**अभिनेत्री** मनीषा रानी के लिए एक एक्टर ने अपनी भावनाएं जाहिर की हैं। उनका कहना है कि अगर वह रोमांटिक रिश्ते में आए तो मनीषा से शादी कर लेंगे। 'द 50' की कंटेस्टेंट मनीषा रानी अपनी सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सुर्खियों रहती हैं। इस बार वह अगल वजहों से चर्चा में हैं। मामला उनकी शादी से जुड़ा है। एक एक्टर उनसे शादी करना चाहता है। उन्होंने उनके लिए अपनी भावनाएं भी जाहिर की हैं। यह एक्टर कोई और नहीं बल्कि उनके साथ 'द 50' में कंटेस्टेंट रहे सिद्धार्थ भारद्वाज हैं।





### सिद्धार्थ ने जाहिर की भावनाएं

हाल ही में एक इंटरव्यू में सिद्धार्थ ने मनीषा के लिए अपनी भावनाएं जाहिर की हैं। सिद्धार्थ ने मनीषा के लिए अपने प्यार का इजहार भी किया है। बातचीत में सिद्धार्थ भारद्वाज ने कहा 'मनीषा रानी बहुत अच्छी लड़की हैं, फिर भी वह मुझसे डरती हैं। उनके दिल में मेरे लिए प्यार है। उन्होंने मेरे लिए आंसू बहाए हैं, जिससे पता चलता है कि उन्हें मेरी परवाह है। वह यह भी समझती हैं कि मैं आजादी में विश्वास रखता हूं। उन्हें पहले भी प्यार में धोखा मिला है, और मुझे भी। मुझे पता है कि उनके दिल में मेरे लिए रोमांटिक भावनाएं हैं। मेरे दिल में भी उसके लिए वैसी ही भावनाएं हैं।'

### गायक से संगीतकार बनने की राह पर श्रेया घोषाल, कहा-

# हर गायक के अंदर छिपा होता है एक संगीतकार

**राष्ट्रीय** पुरस्कार विजेता पार्श्व गायिका श्रेया घोषाल ने हिंदी सिनेमा को कई शानदार और रोमांटिक गानों से नवाजा है। उनकी आवाज का जादू कानों में मिश्री घोल देता है लेकिन किसी सिंगर का सिर्फ अच्छा गायक होना ही जरूरी नहीं है बल्कि उसे अंदर से एक बेहतर संगीतकार होना भी जरूरी है। हाल ही में श्रेया घोषाल ने आईएएनएस से खास बातचीत में संगीत और संगीतकार के विजन के बारे में खुलकर बात की। गायक से संगीतकार बनने के संघर्षों पर बात करते हुए सिंगर ने आईएएनएस से कहा, 'यह संघर्ष कठिन है क्योंकि मैं लगातार ऐसा करती रहती हूँ। मैंने अपने द्वारा रचित कुछ सिंगल रिलीज़ किए हैं और मैंने ये अपने छोटे भाई के साथ मिलकर किया है।



हालांकि मैं कहूँगी कि एक गायिका के अंदर एक संगीतकार छिपा होता है।' उन्होंने आगे कहा कि ये दो अलग-अलग रास्ते नहीं हो सकते क्योंकि जब किसी गायक को कोई गाना दिया जाता है, तो सभी संगीतकार उनसे उस गाने का पूरी तरह से पालन करने के लिए नहीं कहते हैं। उन्होंने आगे कहा, 'आप यह भी सोचते हैं, 'मैं गाने में क्या जोड़ सकती हूँ?' जब आप माइक पर होते हैं, तो आप लगातार रचनात्मक होते हैं।

# मेरे जख्म मेरी कहानी बयां करते हैं

**टीवी** और फिल्म अभिनेत्री राजश्री देशपांडे ने ब्रेस्ट कैंसर से अपनी लड़ाई और जीत की कहानी को बेहद साहस के साथ सोशल मीडिया पर साझा किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें उन्होंने अपने शरीर पर बचे सर्जरी के निशानों को खुलकर दिखाया और उन्हें अपनी ताकत व हिम्मत का प्रतीक बताया। इंडस्ट्री में जहां दिखावे और परफेक्शन को बहुत महत्व दिया जाता है, राजश्री देशपांडे ने सच्चाई और साहस को चुनते हुए एक मजबूत संदेश दिया है। इंस्टाग्राम पर किए पोस्ट में राजश्री ने लिखा, 'मेरे जख्म मेरी जिंदगी की कहानी बयां करते हैं। हर एक जख्म इस बात की याद दिलाता है कि मैंने लड़ाई लड़ी, मैं जिंदा बची और मैंने जीत हासिल की।' उन्होंने आगे लिखा, 'ब्रेस्ट कैंसर ने अपने निशान तो छोड़े, लेकिन वह कभी भी मेरी हिम्मत को छू नहीं पाया।



### ● जीवन को पूरी तरह से जीना

हर उस महिला से, जो अपनी चमक को फीका कर रही है प्लीज उठो। तुम बहुत खूबसूरत हो और तुम्हारे जख्म कोई दाग नहीं हैं, बल्कि वे तुम्हारे साहस का ताज हैं। राजश्री देशपांडे ने कहा कि आज वे अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए पूरे आत्मविश्वास के साथ खड़ी हैं। उनके दिल में प्यार है और रूह में हिम्मत। उन्होंने सभी महिलाओं को संदेश दिया कि जीवन को पूरी तरह से जीना चाहिए और अपने जख्मों को शर्मिंदगी की जगह ताकत बनाकर आगे बढ़ना चाहिए। राजश्री की यह पोस्ट सोशल मीडिया पर काफी सराही जा रही है। कई महिलाएं और सेलिब्रिटी उनकी हिम्मत की तारीफ कर रहे हैं। उन्होंने मैसेज दिया है कि सौंदर्य सिर्फ बाहरी दिखावे में नहीं, बल्कि अंदर की ताकत और साहस में छिपा होता है। उन्होंने अपने संघर्ष को खुलकर साझा करके कई महिलाओं को हौसला दिया है। राजश्री की पोस्ट पर दिया मिर्जा, अमृता खानविलकर, शुभांगी लाटकर, शिल्पा तुलस्कर समेत कई सितारे व सोशल मीडिया यूजर्स भी खुलकर उनकी तारीफ करते नजर आए।



# 'ताल-2' के लिए नए कलाकारों की जरुरत : सुभाष घई

**निर्देशक** सुभाष घई जल्द ही दर्शकों के लिए अपनी म्यूजिकल ड्रामा फिल्म 'ताल' का सीक्वल लेकर आ रहे हैं। गुरुवार को उन्होंने फिल्म को लेकर चल रही कुछ अफवाहों पर विराम लगाया। गुरुवार को निर्देशक ने इंस्टाग्राम के जरिए अपने प्रशंसकों को बताया कि वे 'ताल' के सीक्वल पर काम कर रहे हैं। उन्होंने लिखा, 'ओल्ड और सीनियर में फर्क होता है। 'ताल' की ऑरिजिनल कास्ट के सभी कलाकार ऐश्वर्या राय बच्चन, अक्षय खन्ना और अनिल कपूर आज भी एक्टिव सुपरस्टार और मेरे अजीज मित्र हैं, लेकिन 'ताल-2' के लिए दर्शकों को कुछ नया चाहिए, जिसमें नई कहानी, नए चेहरे और एक भव्य म्यूजिकल अंदाज। यह कोई सीधा सीक्वल नहीं है।' उन्होंने अपनी बात को खत्म करते हुए लिखा, 'हम आज के समय का एक म्यूजिकल बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसमें मजबूत स्क्रिप्ट, सही कास्टिंग, शानदार म्यूजिक और बेहतरीन प्रोडक्शन के साथ बिल्कुल नए चेहरे होंगे, जिन्हें पहले कभी स्क्रीन पर नहीं देखा गया। उम्मीद है हम इस कोशिश में सफल होंगे।

## मंडल कारा में विशेष स्वास्थ्य शिविर, टीबी मुक्त भारत अभियान को मिला बल

एजेंसी

**किशनगंज।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को किशनगंज मंडल कारा में विशेष स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बंदियों की टीबी, एचआईवी, सिफिलिस एवं हेपेटाइटिस की जांच की गई, जिससे संभावित मरीजों की समय पर पहचान कर उन्हें उपचार से जोड़ा जा सके। कार्यक्रम का पर्यवेक्षण सीडीओ डॉ. मंजर आलम ने किया।उन्होंने शिविर में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए निर्देश दिया कि सभी बंदियों की जांच गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति जांच और उपचार से वंचित न रहे, खासकर ऐसे स्थानों पर जहां संक्रमण का खतरा




अधिक रहता है। सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि टीबी उन्मूलन के लिए जिले में लगातार स्क्रीनिंग, जागरूकता और उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी को दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार या कमजोरी हो, तो तुरंत जांच कराएं। जिलाधिकारी विशाल राज ने कहा कि प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग मिलकर अभियान को सफल बनाने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित कर संक्रमण की रोकथाम की जा रही है। साथ ही उन्होंने आम लोगों से लक्षणों को नजरअंदाज न करने और समय पर जांच कराने की अपील की। शिविर के दौरान बंदियों को टीबी, एचआईवी, सिफिलिस और हेपेटाइटिस के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में जागरूक किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि समय पर जांच और नियमित उपचार से इन बीमारियों को नियंत्रित किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग की इस पहल से यह स्पष्ट है कि टीबी मुक्त भारत अभियान को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है, जिससे एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

## बिहार के रोहतास में सड़क हादसा, पांच लोगों की मौत

एजेंसी

**रोहतास।** बिहार में रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत मठिया गांव में बीती देर रात सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई । मृतकों में एक कैमूर जिले के भगवानपुर का रहने वाला है,जबकि एक नटवार थाना क्षेत्र के मिश्रवालिया निवासी है। बाकी तीन लोग दिनारा के मठिया गांव के रहने वाले हैं। सभी लोग आपस में रिश्तेदार थे। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि सभी लोग चेनारी के लोधी गांव में अशोक कुमार की पुत्री का तिलक चढ़ाकर गांव लौट रहे थे। गांव के पास मोड़ पर खड़ी गई बस और पिकअप को अनियंत्रित



कंटेनर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत और दस लोग जख्मी हो गए हैं। कंटेनर को जब्त कर लिया गया है, जबकि चालक भाग गया है। मृतकों की सूची अशोक कुमार सिंह 45 वर्ष-ग्राम मठिया पिंटू कुमार 35 वर्ष-ग्राम मठिया रामेश्वर सिंह 38 वर्ष-ग्राम मठिया नटवार थाना क्षेत्र के मिश्रवालिया निवासी छोटू कुमार 20 वर्ष कैमूर जिला के भगवानपुर निवासी राम बरत सिंह 44 वर्ष शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### विक्रमशिला सेतु को लेकर सरकार को किया था आगाह : अजीत शर्मा

**भागलपुर।** विक्रमशिला पुल का हिस्सा ध्वस्त होने पर कांग्रेस के पूर्व विधायक अजित शर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए सरकार को घेरा है। अजित शर्मा ने सोमवार को कहा कि जब मैं विधायक था तब मैंने विधानसभा में आवाज उठाई थी, मैंने मंत्री से जवाब मांगा था कि विक्रमशिला सेतु के एक्सपेंशन जॉइंट का गैप बढ़ रहा है, कभी भी हादसा हो सकता है। इस पर तत्कालीन मंत्री ने जबाब भी दिया था कि विक्रमशिला पुल की स्थिति सही है और अभी यातायात सुगम है। इसपर टीम भी जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि 10 माह पहले ये जवाब मिला लेकिन इसपर काम नहीं हुआ है। अभी आवागमन बाधित हो गया है। अगर कोई इमरजेंसी होती थी तो वहाँ से लोग तुरन्त मायागंज पेशेंट को लेकर आते थे। लेकिन इसके टूट जाने से परेशानी बढ़ गयी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द इस पुल को दुरुस्त किया जाए जिससे आवागमन सुगम हो पाए और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाए।

### विक्रमशिला सेतु का टूटना बिहार सरकार की घोर लापरवाही और भ्रष्टाचार का परिणाम : राजेश राम

**पटना।** भागलपुर जिले में स्थित विक्रमशिला सेतु के टूटने की घटना पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्य सरकार को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि यह घटना सरकार की घोर लापरवाही और व्यापक भ्रष्टाचार का परिणाम है। राजेश राम ने कहा कि विक्रमशिला पुल का रख-रखाव और मेंटेनेंस की पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होती है, लेकिन इस मामले में सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। समय-समय पर पुल की निगरानी और मरम्मत नहीं किए जाने के कारण आज यह महत्वपूर्ण पुल क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे लाखों लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई है। राजेश राम ने कहा कि करोड़ों रुपये की लागत से बने इस महत्वपूर्ण पुल का इस तरह क्षतिग्रस्त होना बेहद चिंताजनक है। यह पुल न केवल भागलपुर बल्कि पूरे सीमांचल और कोसी क्षेत्र के लोगों के लिए जीवनरेखा के समान है। इसके बावजूद सरकार द्वारा इसकी समय-समय पर उचित देखरेख और गुणवत्ता की जांच नहीं कराई गई, जिसका खामियाजा आज आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

# बेतिया से बिहार की राजनीति में नई शुरुआत निशांत कुमार की सद्भाव यात्रा से बढ़ी सरगर्मी

एजेंसी

**बेतिया।** ऐतिहासिक धरती बेतिया एक बार फिर बिहार की राजनीति में नई शुरूआत की गवाह बन रही है। जदयू नेता निशांत कुमार की सद्भाव यात्रा ने पश्चिम चंपारण मे राजनीतिक हलचल तेज कर दी है। इस यात्रा को केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक संवाद, संगठन सुदृढ़ीकरण और विकास के व्यापक संकल्प से जोड़ा जा रहा है। निशांत कुमार ने यात्रा के दौरान समाज के विभिन्न वर्गों से सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने लव-कुश की पावन भूमि को नमन करते हुए पार्टी के पुराने और समर्पित कार्यकताओं से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। इस पहल से कार्यकताओं में नया जोश देखने को मिला और संगठन में ऊर्जा का संचार हुआ। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा स्थापित त्याग, सेवा और नैतिक राजनीति की परंपरा को आगे बढ़ाने की दिशा में निशांत कुमार ने जनसंवाद को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि जिस तरह बिहार की जनता ने उनके पिता को दो दशकों तक



सेवा का अवसर दिया, उसी तरह वे भी राज्य की सेवा का अवसर चाहते हैं। उन्होंने समाज के हर वर्ग–गरीब, अमीर, दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा और अल्पसंख्यक–को साथ लेकर चलने और भाईचारे का संदेश देने पर जोर दिया। लक्ष्मीपुर रमपुरवा में यात्रा के दौरान थारू आदिवासी महिलाओं ने पारंपरिक झमटा-झुमर नृत्य प्रस्तुत कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर निशांत कुमार ने चंपारण के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने अपना पहला सत्याग्रह यहीं से शुरू किया था और उनके पिता ने भी कई महत्वपूर्ण यात्राओं की शुरूआत इसी भूमि से की थी। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने अपनी यात्रा चंपारण से शुरू की है। निश्चय रथ पर सवार यह यात्रा निशांत कुमार के जमीनी राजनीति में औपचारिक प्रवेश का संकेत मानी जा रही है। रथ पर लिखा संदेश ह्यबहन-बेटियों के सपने साकार, धन्यवाद नीतीश कुमारह्व राज्य सरकार की विकासोन्मुखी सोच को दशार्ता है। सोमवार की सुबह वाल्मीकिनगर में उनके कार्यक्रम का खास आकर्षण वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) का जंगल सफारी रहा। यहां उन्होंने हिरण, मोर, भालू और जंगली सूअरों को करीब से देखा और क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता की सराहना की। उन्होंने कहा कि वाल्मीकिनगर पर्यटन और रोजगार की दृष्टि से बेहद संभावनाओं वाला क्षेत्र है। सफारी के बाद उन्होंने कन्वेंशन सेंटर में महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख-शांति की कामना की। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह यात्रा सियासी दृष्टि से भी काफी अहम है। पश्चिम चंपारण और सीमावर्ती इलाकों में पार्टी की पकड़ मजबूत करने और आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए इसे रणनीतिक कदम के रूप में देखा जा रहा है। उसके बाद बेतिया में ऑडिटोरियम मे सभा भी किया।

## बिहार के भागलपुर में गंगा नदी के विक्रमशिला सेतु का स्लैब टूटा, आधी रात से आवाजाही बंद



**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर में गंगा नदी पर बना विक्रमशिला सेतु एक बार फिर खतरे की जद में आ गया है। आधी रात करीब 12:50 बजे पुल के पिलर नंबर 133 के पास सड़क का एक बड़ा स्लैब अचानक टूटकर गंगा में गिर गया। गनीमत रही कि मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों और प्रशासन की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया। उस समय पुल पर कई वाहन मौजूद थे। लेकिन समय रहते सभी को पीछे हटाकर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर विक्रमशिला सेतु पर आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया है। पुल के दोनों छोर पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। साथ ही तकनीकी विशेषज्ञों की टीम को जांच के लिए बुलाया गया है। एसएसपी प्रमोद यादव ने बताया कि सभी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों की ओर डायवर्ट किया जा रहा है। अब भागलपुर से नवगछिया और सीमांचल जाने वाले लोगों को मुंगेर और सुल्तानगंज के रास्ते यात्रा करनी होगी। उल्लेखनीय है कि विक्रमशिला सेतु उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इसके बंद होने से आम लोगों की आवाजाही और व्यापारिक गतिविधियों पर असर पड़ सकता है।

### विक्रमशिला सेतु बंद होने का असर : फल, सब्जी और दूध के कारोबार पर संकट

**भागलपुर।** भागलपुर का लाइफलाइन माने जाने वाला विक्रमशिला सेतु क्षतिग्रस्त होने के बाद अब इसका सीधा असर आम जनजीवन के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियों पर भी दिखने लगा है। खासकर फल, हरी सब्जी और दूध के कारोबार पर इसका गहरा प्रभाव पड़ रहा है। दरअसल रोजाना ग्रामीण इलाकों से किसान अपना उत्पाद लेकर साइकिल और मोटरसाइकिल के जरिए करीब 30 किलोमीटर का सफर तय कर भागलपुर शहर पहुंचते थे और अपने उत्पाद बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते थे लेकिन पुल बंद होने के बाद अब उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई किसान अब मजबूरी में निजी नाव का सहारा लेकर गंगा पार कर रहे हैं जिससे जोखिम भी बढ़ गया है। वहीं मालवाहक गाड़ियों को अब लंबा वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ रहा है। जिससे समय के साथ-साथ परिवहन लागत भी बढ़ गई है। इसका असर सीधे तौर पर बाजार में कीमतों पर भी पड़ सकता है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगातार माइकिंग कर लोगों को वैकल्पिक रास्तों की जानकारी दी जा रही है और विक्रमशिला सेतु की ओर न जाने की अपील की जा रही है। कुल मिलाकर पुल के बंद होने से न सिर्फ यातायात प्रभावित हुआ है।

### तुष्टिकरण के ताबूत की आखिरी कीलः चुनावी नतीजों ने किया विभाजनकारी राजनीति का अंत : ऋतुराज सिन्हा

**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने पश्चिम बंगाल सहित चार राज्यों के चुनाव परिणामों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज भारत की राजनीति से 'वोट बैंक' और 'तुष्टिकरण' का दौर हमेशा के लिए समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की सत्ता से विदाई इस बात का जीवंत प्रमाण है कि जनता अब उस मॉडल को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी, जहां अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के नाम पर बहुसंख्यक समाज के साथ दोहरा व्यवहार किया जाता है। बंगाल की माताओं-बहनों ने अपनी असुरक्षा और युवाओं ने अपने भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ का पाई-पाई का हिसाब आज 'वोट की चोट' से चुकता कर दिया है। सिन्हा ने कहा कि तमिलनाडु और केरल में जो लोग 'सनातन धर्म' और भारतीय संस्कृति को अपमानित कर अपनी राजनीति चमका रहे थे, उन्हें जनता ने कड़ा सबक सिखाया है। दक्षिण भारत अब परिवारवाद और छद्म-धर्मनिरपेक्षता के चंगुल से आजाद होकर राष्ट्रवाद की मुख्यधारा से जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज आया यह प्रचंड जनादेश विपक्षी गठबंधन' के उन दलों के मुंह पर करारा तमाचा है, जो जाति और धर्म के नाम पर समाज को बांटकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का मुगालता पाले हुए थे। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने साफ संदेश दे दिया है कि उन्हें विभाजनकारी राजनीति नहीं, बल्कि सुरक्षित माहौल और सुशासन चाहिए। जो दल आज भी 'वोट जिहाद' जैसे हथकंडों के भरोसे बैठे हैं, उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि अब देश में केवल वही टिकेगा जो ह्लसबका साथ, सबका विकासह्व के पथ पर चलेगा। तुष्टिकरण की राजनीति का चैप्टर अब इस देश में हमेशा के लिए क्लोज हो चुका है।

## आवागमन की वैल्कपिक व्यवस्था को लेकर शासन और प्रशासन सक्रिय : ई शैलेन्द्र

एजेंसी

**भागलपुर।** रविवार की रात लगभग एक बजे उत्तर को दक्षिण बिहार की जोड़ने वाली और लाइफलाइन कहे जाने वाले भागलपुर-नवगछिया विक्रमशिला सेतू के पीलर नंबर 132 से 133 के बीच करीब 35 मीटर स्लैब गिरकर नदी में समा गया है। जिसके बाद न सिर्फ पुल होकर आवागमन पर बल्कि क्षेत्र के आमजन जीवन के रोजगार और अर्थव्यवस्था को भी ठप कर दिया है। उक्त बातें बिहपुर विधानसभा के भाजपा विधायक



ई .शैलेंद्र ने कही। विधायक ने लोगों से न घबराने की अपील की है। विधायक ने लोगों को आश्वस्त किया कि आवागमन की वैल्कपिक व्यवस्था को लेकर शासन और प्रशासन सक्रिय है। शासन और प्रशासन का सहयोग करें और कुछ दिन में ही वैल्कपिक व्यवस्था उपलब्ध हो जाएगा।

## बिहार में बारिश के बाद मौसम हुआ सुहावना, 12 जिलों में बारिश–वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट

एजेंसी

**पटना।** बिहार में हुई बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया है, लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। तापमान में गिरावट के साथ वातावरण में ठंडक महसूस की जा रही है। इसी बीच राज्य के आपदा प्रबंधन विभाग ने सावधानी बरतने की चेतावनी जारी की है। विभाग की ओर से सोमवार दोपहर बाद से शाम 4:45 बजे तक के लिए राज्य के 12 जिलों में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। इस दौरान तेज हवा के साथ मध्यम



बारिश, मेघ गर्जन और वज्रपात की संभावना जताई गई है। जिन जिलों में यह अलर्ट जारी किया गया है, उनमें औरंगाबाद, अरवल, गया, गोपालगंज, जहानाबाद, पटना, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, बक्सर, भोजपुर, रोहतास और सीवान शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार इन क्षेत्रों में अचानक मौसम बिगड़ सकता है, जिससे जनजीवन प्रभावित होने की आशंका है। आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें और मौसम की स्थिति पर नजर बनाए रखें। विशेष रूप से वज्रपात के खतरे को देखते हुए लोगों को खुले स्थानों से दूर रहने, पेड़ों के नीचे शरण न लेने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और जारी दिशा-निदेर्शों का पालन करने का आग्रह किया है।

## विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने के बाद बिहार सरकार ने जारी किया वैकल्पिक मार्ग और मरम्मत योजना

**विक्रमशिला सेतु की मरम्मती में आईआईटी, पटना से लिया जाएगा सहयोग**

**मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से भी पुल की मरम्मती में मांगा सहयोग**

एजेंसी



**पटना।** भागलपुर से उत्तर बिहार को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण विक्रमशिला सेतु रविवार देर रात क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद बिहार राज्य पुल निर्माण निगम ने दक्षिण बिहार को उत्तर बिहार से जोड़ने के लिए मुंगेर के श्रीकृष्ण सिंह सेतु और खगड़िया स्थित गंगा पुल को वैकल्पिक मार्ग के रूप में उपयोग करने की सलाह दी है। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने सोमवार को सूचना भवन के सभागार में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि विक्रमशिला सेतु का एक स्पैन गिर गया है, जिसे दुरुस्त करने में लगभग तीन महीने का समय लग सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस वर्ष दिसंबर तक विक्रमशिला सेतु के समानांतर बन रहे नए पुल पर वाहनों का परिचालन शुरू किए जाने की संभावना है। उन्होंने भागलपुर जिला प्रशासन द्वारा दिखाई गई तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं होती तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में त्वरित कदम उठाते हुए पुल निर्माण निगम के कार्यपालक अभियंता को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि पुल पर यातायात का अत्यधिक दबाव था और हाल ही में पटना से भेजी गई जांच टीम ने भी इसमें कई तकनीकी खामियां पाई थीं। मरम्मत कार्य में आईआईटी पटना का सहयोग भी लिया जाएगा। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत उत्तर बिहार जाने वाले वाहनों को मुंगेर के श्रीकृष्ण सिंह सेतु से और उत्तर बिहार से भागलपुर आने वाले वाहनों को खगड़िया स्थित गंगा पुल से गुजरने की सलाह दी गई है। फिलहाल भागलपुर और नवगछिया के बीच पीपा पुल बनाने की योजना को मानसून को देखते हुए स्थगित कर दिया गया है। वहीं, नवगछिया से भागलपुर के बीच स्टीमर सेवा शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

## सारण पुलिस ने विशेष अभियान में 46 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

एजेंसी

**सारण।** पुलिस ने अपराधियों और शराब माफियाओं के खिलाफ अपने तेवर कड़े कर लिए हैं। वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देशन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाए गए 24 घंटे के विशेष अभियान में कुल 46 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें 23 वारंटी और 8 शराब कारोबारी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार इस अभियान का मुख्य उद्देश्य असामाजिक तत्वों की धरपकड़ और शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करना था। गिरफ्तार किए गए




अभियुक्तों में हत्या के प्रयास के चार, अपहरण का एक, धोखाधड़ी का एक, और बंधुआ मजदूर अधिनियम व अवैध खनन से जुड़े एक-एक आरोपी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पुलिस ने शराब का सेवन करने वाले सात लोगों को भी हिरासत में लिया है। अभियान के दौरान पुलिस ने न केवल गिरफ्तारियाँ कीं बल्कि अवैध शराब भी जब्त की है। कुल 214.98 लीटर शराब बरामद की गई, जिसमें 212.400 लीटर देशी और 2.580 लीटर विदेशी शराब शामिल है। इसके साथ ही पुलिस ने दो ट्रक, दो मोटरसाइकिल, एक मोबाइल और एक मॉनिटर भी जब्त किया है। एक अपहृता को सुरक्षित बरामद करना पुलिस के लिए उपलब्धि रही। पुलिस ने इस अवधि में 67 वारंट और 26 कुर्की का निष्पादन किया। वहीं सड़क सुरक्षा और अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से की गई वाहन चेकिंग में 42 वाहनों से कुल 86,500 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए इस तरह के अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे।

## सीवान में आरजेडी विधायक ओसामा शहाब के ठिकानों पर पुलिस का छापा

एजेंसी

**सीवान।** जिले में भूमाफियाओं के खिलाफ पुलिस ने बड़ा एक्शन लेते हुए सोमवार सुबह रघुनाथपुर विधानसभा के राजद विधायक ओसामा शहाब के ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई सारण क्षेत्र के डीआईजी नीलेश कुमार और एसपी पुरन कुमार झा के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम ने हुसैनगंज थाना क्षेत्र के प्रतापपुर स्थित पैतृक आवास और नगर



थाना क्षेत्र के नया किला स्थित घर पर एक साथ दबिश दी। सीवान स्थित आवास पर करीब 40 मिनट तक सघन तलाशी ली गई। छापेमारी के बाद डीआईजी नीलेश कुमार ने साफ शब्दों में कहा कि सीवान के भूमाफिया अब शहर छोड़ दें, क्योंकि पुलिस उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई के मूड में है। उन्होंने बताया कि महादेवा थाना क्षेत्र में एक डॉक्टर की जमीन रंगदारी के बल पर कब्जा करने का मामला सामने आया था। इस मामले में पुलिस जांच के दौरान विधायक ओसामा शहाब समेत कई लोगों के नाम उजागर हुए हैं। डीआईजी के मुताबिक, पुलिस को इस केस में पर्याप्त साक्ष्य मिले हैं, जिसके आधार पर न्यायालय से छापेमारी वारंट प्राप्त कर कार्रवाई की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### पुणे रेप मर्डर पर सीएम फडणवीस का बड़ा ऐलान, आरोपी को मिलेगी फांसी की सजा

**पुणे, एजेंसी।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को नासरापुर बलात्कार-हत्या मामले में पीड़िता के पिता को विरोध प्रदर्शन वापस लेने और अधिकारियों के साथ सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया, साथ ही त्रासदी का फायदा उठाने के प्रयासों के खिलाफ चेतावनी भी दी। पुणे जिले के भोर तालुका के नासरापुर में 1 मई को एक साढ़े तीन साल की बच्ची के साथ कथित तौर पर बलात्कार और हत्या करने के आरोप में 65 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जिससे व्यापक आक्रोश फैल गया था। विरोध प्रदर्शनों और सड़क अवरोधों के बीच, मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार इस मामले में आरोपियों के लिए मृत्युदंड की मांग पूरी करेगी। फडणवीस ने कहा कि कुछ लोग स्थिति का फायदा उठाकर इसे दूसरी दिशा में मोड़ने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, मैं लड़की के पिता का आभारी हूं। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा पीड़ित के घर जाकर संवेदना व्यक्त करने के बीच, मृतक नाबालिग लड़की के पिता ने राजनीतिक नेताओं से फिलहाल उनके घर न आने की अपील की है, क्योंकि उनका कहना है कि परिवार का पूरा ध्यान न्याय सुनिश्चित करने पर केंद्रित होना चाहिए। इस बीच, राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस घटना का स्वतः संज्ञान लिया है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे बेहद दुखद और मानवता पर कलंक बताया है। उन्होंने कहा कि इस क्रूर अपराध ने समाज को झकझोर दिया है।

### रोहतास में बस-कंटेनर की जोरदार टक्कर, पांच लोगों की मौत, 10 की हालत गंभीर

**रोहतास, एजेंसी।** रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के मठिया मोड़ के पास सोमवार सुबह एक भीषण हादसा हो गया, जिसमें लोगों की मौत हो गई और करीब 10 लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, मठिया गांव के लोग चेनारी इलाके के लोधी गांव में अशोक कुमार की पुत्री का तिलक चढ़ाकर बस से गांव लौट रहे थे। इस दौरान मठिया मोड़ के पास बस की कंटेनर से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव में जुट गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कई लोग घायल भी बताए जा रहे हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। इस घटना के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभाला। पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि हादसा किन कारणों से हुआ। वहीं, रोहतास से एक और घटना सामने आई है, जहां शिवसागर थाना क्षेत्र के गिरधरीया गांव में एक मामूली विवाद ने खतरनाक रूप ले लिया। बताया जा रहा है कि नाली का पानी बहाने और बिजली के खंभे को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई थी। धीरे-धीरे यह विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में पप्पू सिंह नामक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि वकील सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल का फिलहाल इलाज चल रहा है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया, जिसे देखते हुए पुलिस तुरंत सक्रिय हो गई। शिवसागर थानाध्यक्ष के मुताबिक, पुलिस ने इस मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए एक महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक के शव को सासाराम सदर अस्पताल भेजा गया है, जहां पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पांच मई को राष्ट्रपति से मिलेंगे सांसद राघव चड्ढा, सीएम मान से पहले मिला मुलाकात का समय

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा पांच मई को राष्ट्रपति से मिलेंगे। इसी दिन सीएम भगवंत मान भी महामहिम राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे। राघव चड्ढा को सीएम मान से पहले का समय मिला है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान पांच मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलेंगे। इस प्रस्तावित मुलाकात से पहले राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा तीन अन्य सांसदों के साथ राष्ट्रपति से मिलेंगे। ये सभी सांसद हाल ही में भाजपा में शामिल हुए हैं। राष्ट्रपति कार्यालय ने इन सांसदों को 5 मई को सुबह 10.40 बजे का समय दिया है। बताया जा रहा है कि यह सांसद पंजाब सरकार पर राज्य मशीनरी के कथित दुरुपयोग का मुद्दा उठाएंगे। उनका आरोप है कि राजनीतिक प्रतिशोध के तहत उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री मान उसी दिन दोपहर 12 बजे राष्ट्रपति से मिलेंगे। उन्होंने आम आदमी पार्टी के छह सांसदों को रिकॉल करने के मुद्दे पर समय मांगा है। पार्टी की ओर से 80 विधायकों को दिल्ली भेजने की तैयारी है।

# बरेली के सदर बाजार में 'पाकिस्तान समर्थक' नारेबाजी: 14 के खिलाफ FIR, तनाव के बाद भारी पुलिस बल तैनात



**बरेली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बरेली जनपद में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक व्यस्त बाजार क्षेत्र में मोटरसाइकिल सवार युवकों द्वारा कथित तौर पर पाकिस्तान के पक्ष में नारेबाजी की गई। इस घटना के बाद सदर बाजार इलाके में दहशत फैल गई और सुरक्षा के लिहाज से दुकानदारों को अपनी दुकानें आंशिक रूप से बंद करनी पड़ीं। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 से अधिक लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह घटना रविवार दोपहर कैंटोनमेंट थाना क्षेत्र अंतर्गत सदर बाजार में हुई, जहां मोटरसाइकिल पर सवार युवकों ने कथित तौर पर नारे लगाए, जिससे डर और भ्रम के बीच दुकानदारों को आंशिक रूप से दुकानें बंद करनी पड़ीं। पुलिस के मुताबिक घटना का मुख्य आरोपी पूर्व पार्षद तहसीन का बेटा काशिफ, मौलाना तौकीर रजा की इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) से जुड़ा है। रजा पिछले साल 27 सितंबर से जेल में बंद हैं।

आई लव मोहम्मद'' पोस्टर पर विवाद के बाद एक दिन पहले 26 सितंबर को बरेली में हिंसक झड़पें हुई थीं जिसके बाद से रजा जेल में हैं। पुलिस ने कहा कि घटना के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है और अब तक लगभग 14 आरोपियों की पहचान की जा चुकी है। शिकायत के आधार पर, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत दो नामित आरोपियों और कई अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। कैंटोनमेंट थाना के इंस्पेक्टर संजय धीर ने कहा कि कई स्थानों पर रात भर छापेमारी के बाद दो नाबालिगों सहित छह आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि इसमें शामिल अन्य लोगों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करने के बाद काशिफ के आवास पर छापेमारी की गई, लेकिन वह फरार पाया गया। काशिफ के समर्थकों के जमा होने के बाद हिंसा भड़क गई, इस दौरान भीड़ ने कथित तौर पर पुलिस पर हमला कर दिया। पुलिस ने कहा कि घटना में शामिल पाए गए सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय निवासी विकास द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, वह रविवार दोपहर करीब 12 बजकर 20 मिनट एक कंप्यूटर की दुकान के पास खड़ा था, तभी मोटरसाइकिलों पर क्रिकेट बैट लेकर युवाओं का एक समूह नारे लगाते हुए गली से गुजरा। विकास ने बताया कि जब उसने विरोध किया, तो उन्होंने कथित तौर पर उसके साथ दुर्व्यवहार किया, उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (शहर) मानुष पारीक ने कहा कि सोमवार सुबह से छावनी क्षेत्र में पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है और कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य बनी हुई है।

## होर्मुज जलडमरूमध्य में दोहरे हमले से बढ़ा तनाव, कुछ घंटों में दो जहाजों को बनाया गया निशाना

**दुबई, एजेंसी।** पश्चिम एशिया के संवेदनशील समुद्री मार्ग होर्मज जलडमरूमध्य में एक बार फिर सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कुछ ही घंटों के अंतराल में दो जहाजों पर हमले की घटनाओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ा दी है। ब्रिटेन की समुद्री सुरक्षा एजेंसी यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (चस्र्क्ष्ह)ने सोमवार को बताया कि रविवार देर रात करीब 11:40 बजे संयुक्त अरब अमीरात के फुजैरा तट के पास एक तेल टैंकर को अज्ञात प्रोजेक्टाइल से निशाना बनाया गया। एजेंसी के अनुसार, हमले में जहाज के सभी चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं और किसी तरह का पर्यावरणीय नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि, हमले के पीछे किसका हाथ है, इसे लेकर अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले रविवार को ही इसी जलडमरूमध्य में एक अन्य जहाज पर भी हमला किया गया था। लगातार हो रही इन घटनाओं ने क्षेत्र में अस्थिरता को और बढ़ा दिया है, खासकर ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव के बीच।विशेषज्ञों के मुताबिक, होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति का प्रमुख मार्ग है, जहां से दुनिया का बड़ा हिस्सा कच्चा तेल गुजरता है। ऐसे में यहां किसी भी तरह की सुरक्षा चूक या हमला वैश्विक बाजारों और समुद्री व्यापार पर व्यापक असर डाल सकता है।

## जालौन में भीषण सड़क हादसा, छह की मौत; चार गंभीर रूप से घायल

**जालौन, एजेंसी।** जालौन जनपद के कालपी कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा जोल्हुपुर मोड़ के पास हुआ, जहां अयोध्या से उरई लौट रही एक कार चालक को झपकी आने से अनियंत्रित होकर आगे चल रहे वाहन से जा भिड़ी।

मिली जानकारी के अनुसार, ललितपुर जनपद के महरौनी निवासी शशिकांत तिवारी अपने परिजनों के साथ अयोध्या दर्शन करने गए थे। दर्शन के बाद सभी लोग कार से वापस लौट रहे थे। सोमवार सुबह करीब 6 बजे जैसे ही उनकी कार कालपी क्षेत्र के जोल्हुपुर मोड़ के पास पहुंची, चालक को अचानक झपकी आ गई, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सामने चल रहे वाहन से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद घायलों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कुछ घायल करीब एक घंटे तक कार के केबिन में फंसे रहे, जिन्हें स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से बाहर निकाला गया। कार में कुल 10 लोग सवार थे, जिनमें शशिकांत तिवारी, कृष्णकांत, दीपक तिवारी, हरिमोहन तिवारी, भूषण तिवारी, अंशुल तिवारी, स्वामी प्रसाद तिवारी, मनोज और देशराज शामिल बताए जा रहे हैं। सभी एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कालपी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों को लेकर एम्बुलेंस मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी के बाहर पहुंची, लेकिन मरीज को उतारने के लिए वहां पर कोई भी वार्ड बॉय नहीं नहीं था।


## खालिस्तानी चरमपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा, कनाडा की खुफिया रिपोर्ट में बड़ा खुलासा; अब कसेगा शिकंजा!




**टोरंटो, एजेंसी।** भारत और कनाडा के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनावपूर्ण संबंधों के बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। कनाडा की मुख्य खुफिया एजेंसी, कैनेडियन सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस ने अपनी वर्ष 2025 की वार्षिक रिपोर्ट में खालिस्तानी चरमपंथियों को देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा घोषित कर दिया है। इस रिपोर्ट के आने के बाद अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और सुरक्षा गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। कनाडा सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी इस रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे किए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ खालिस्तानी चरमपंथी कनाडाई नागरिकों और वहां के संस्थानों के साथ गहराई से जुड़े हुए हैं। ये तत्व कनाडाई संस्थानों का लाभ उठाकर समुदाय के निर्दोष और भोले-भाले सदस्यों से भारी मात्रा में धन इकट्ठा करते हैं। चिंताजनक बात यह है कि इस धन का उपयोग बाद में हिंसक चरमपंथी एजेंडे को बढ़ावा देने और भारत के खिलाफ गतिविधियों को संचालित करने के लिए किया जाता है। भारत सरकार ने पहले ही इन अलगाववादी समूहों को आतंकवादी संगठनों की सूची में डाल रखा है, जो भारत के भीतर 'खालिस्तान' नाम से एक अलग देश की मांग करते हैं। यह रिपोर्ट एअर इंडिया की उड़ान संख्या 182 (कनिष्क) में हुए भीषण बम विस्फोट की 40वीं वर्षगांठ के ठीक एक साल बाद आई है। बता दें कि यह विस्फोट कनाडा के इतिहास का सबसे घातक आतंकवादी हमला माना जाता है जिसमें 329 बेगुनाह लोगों की जान चली गई थी। जिनमें अधिकांश कनाडाई नागरिक थे। रिपोर्ट में यह साफ बताया गया है कि इस हमले के पीछे कनाडा में मौजूद खालिस्तानी तत्वों का ही हाथ था। हालांकि, खुफिया एजेंसी ने यह भी कहा है कि केवल वे लोग जो हिंसा को बढ़ावा देते हैं या उसकी योजना बनाते हैं उन्हें ही चरमपंथी माना जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, खालिस्तान के समर्थन में शांतिपूर्ण और अहिंसक तरीके से अपनी बात रखना उग्रवाद की श्रेणी में नहीं आता है। भारत और कनाडा के संबंध साल 2023 में उस वक्त अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए थे, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत पर आरोप लगाए थे। भारत ने इन आधारहीन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था।

हालांकि, अब सत्ता परिवर्तन के बाद प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नेतृत्व में दोनों देशों के बीच संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की कोशिशें की जा रही हैं।

## नागपुर हाईकोर्ट का अहम फैसला: 8 साल की बच्ची की कस्टडी याचिका खारिज, बच्चे का हित सर्वोपरि



**नागपुर, एजेंसी।** नागपुर हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में 8 साल की बच्ची की कस्टडी मांगने वाले पिता की बंदी प्रत्यक्षीकरण (हेबियस कार्पस) याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि बच्ची जन्म से ही अपने ननिहाल में है, इसलिए इसे अवैध हिरासत नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा कि बच्ची का कल्याण सर्वोपरि है और कस्टडी के मामलों को केवल संपत्ति की तरह हस्तांतरित नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ता सुनील परतेती का विवाह 4 मई 2017 को सुवर्णा सरेयाम के साथ हुआ था। 6 अप्रैल 2018 को उनकी एक बेटी का जन्म हुआ। वैवाहिक विवादों के कारण सुवर्णा अपनी बच्ची के साथ छिंदवाड़ा (मध्य प्रदेश) स्थित अपने मायके में रहने लगी थीं जहां 19 जून 2020 को उनका निधन हो गया। इसके बाद सुनील ने 26 दिसंबर 2021 को दूसरी शादी कर ली। अवैध हिरासत नहीं, बच्ची का कल्याण है सर्वोपरि हाई कोर्ट ने फैसले में कहा कि 'बंदी प्रत्यक्षीकरण' रिट केवल तभी लागू होती है जब बच्चे की हिरासत अवैध हो या बिना किसी कानूनी अधिकार के हो। बच्ची जन्म के बाद से ही अपनी मां और मां की मृत्यु के बाद से अपने नाना-नानी (अंकुश और लीलाचाई) और मामा-मौसी के पास रह रही है। अदालत ने कहा कि बच्ची ने जन्म से ही अपने पिता को नहीं देखा है। ऐसे में अचानक उसकी कस्टडी पिता को सौंपने से बच्ची मानसिक रूप से परेशान हो सकती है। हाई कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि पिता के पास कस्टडी हासिल करने के लिए फैमिली कोर्ट (गार्जियंस एंड वार्ड्स एक्ट) में जाने का कानूनी विकल्प मौजूद है। हालांकि बच्ची के सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखते हुए अदालत ने मिता को अपनी बेटी से मिलने की अनुमति दी है। अदालत के आदेशानुसार पिता अब हर 15 दिन में एक बार (कार्यकारी शनिवार को) सुबह 11 से दोपहर 2 बजे के बीच सौसर (छिंदवाड़ा) के तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के कार्यालय में अपनी बेटी से मिल सकेंगे।

## केरल के मंदिर उत्सव बने खौफनाक मंजर, बेकाबू हाथियों ने ढ़ाया कहर



**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल में धार्मिक आयोजनों के बीच उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब आस्था के प्रतीक माने जाने वाले हाथी अचानक बेकाबू होकर तबाही का कारण बन गए। कुछ ही घंटों के अंतराल में दो अलग-अलग मंदिर आयोजनों में हुई इन घटनाओं ने न सिर्फ उत्सव का माहौल मातम में बदल दिया, बल्कि मंदिरों में हाथियों की मौजूदगी को लेकर सुरक्षा इंतजामों पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए।

**उत्सव के दौरान हाथी का कहर :** पहली घटना राज्य के एक मंदिर समारोह में सामने आई, जहां उत्सव के दौरान मौजूद एक हाथी अचानक आक्रामक हो उठा। देखते ही देखते शांत माहौल चीख-पुकार में बदल गया। मौके पर मौजूद श्रद्धालु जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस भगदड़ और हमले में हाथी को लेकर पहुंचे वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसे नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे एक अन्य कर्मचारी को गंभीर चोटें आईं।

**बेकाबू हाथी ने कई गाड़ियों को किया क्षतिग्रस्त :** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हाथी ने बेकाबू होने के बाद आसपास खड़े कई वाहनों को नुकसान पहुंचाया। कुछ चारपहिया और दोपहिया वाहन उसकी चपेट में आकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया और स्थानीय लोगों ने तुरंत प्रशासन को सूचना दी।

**दवा देने के बाद काबू में आया हाथी :** स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग और प्रशिक्षित बचाव दल को मौके पर बुलाया गया। टीम ने काफी देर तक हाथी को शांत करने की कोशिश की, लेकिन वह लगातार उग्र बना रहा। आखिरकार विशेषज्ञों की मदद से उसे शांत करने के लिए विशेष दवा दी गई, जिसके बाद काफी मशक्कत के बाद उसे नियंत्रित किया जा सका। हैरानी की बात यह रही कि यह हाथी पहले कई बड़े धार्मिक आयोजनों में शामिल हो चुका था और उसका व्यवहार सामान्य माना जाता था। घटना के बाद विशेषज्ञ यह जानने में जुटे हैं कि आखिर अचानक उसके हिंसक होने की वजह क्या रही।

**दूसरी घटना में हाथी ने अपने केयरटेकर्स पर किया हमला :** इसी दिन राज्य के एक अन्य प्रसिद्ध मंदिर में भी ऐसा ही हादसा हुआ, जहां एक और हाथी ने अपने केयरटेकर्स पर हमला कर दिया। इस घटना में एक सहायक कर्मचारी की जान चली गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि हाथी को पहले से नियंत्रित हालत में रखा गया था, लेकिन अचानक उसने हमला बोल दिया।

## नागपुर में अवैध होर्डिंग्स पर सख्ती: मनपा का हाईकोर्ट में हलफनामा, 10 जोन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

**नागपुर, एजेंसी।** नागपुर शहर की सुंदरता को बिगाड़ने वाले अवैध होर्डिंग्स, बैनर और पोस्टर्स के खिलाफ महानगरपालिका ने कड़ा रुख अपनाया है। हाई कोर्ट में चल रही अवमानना याचिका के संबंध में मनपा आयुक्त डॉ। विपिन इटनकर ने विस्तृत हलफनामा दायर कर शहर में की गई कार्रवाई का ब्योरा दिया। अवैध विज्ञापनों पर नकेल कसने में लापरवाही बरतने पर मनपा ने अपने ही 10 जोन के सहायक आयुक्तों को 'कारण बताओ' नोटिस जारी कर दिया है। उल्लेखनीय है कि अवैध होर्डिंग्स को लेकर हाई कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं किए जाने के कारण दिनेश नायडू की ओर से अवमानना याचिका दायर की गई। याचिकाकर्ता की अधि। तुषार मंडलेकर ने पैरवी की।

**नाम, पता-ठिकाना ढूंढ रही मनपा :** मनपा आयुक्त द्वारा अदालत को दी गई जानकारी के अनुसार, 12 दिसंबर 2025 के बाद शहर में अवैध बैनर और होर्डिंग लगाने वाले 131 लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए है। हालांकि प्रशासन के सामने एक बड़ी समस्या यह है कि 807 अवैध होर्डिंग्स लगाने वालों का नाम और पता-ठिकाना मनपा के जोनल कार्यालयों को तमाम कोशिशों के बावजूद नहीं मिल पाया है जिसके कारण उन्हें नोटिस तामील नहीं किए जा सके,

**रात के अंधेरे में लगते हैं अवैध होर्डिंग, पुलिस से मदद की गुहार :** हलफनामे में इस बात पर जोर दिया गया है कि आमतौर पर शहर में अवैध बैनर और होर्डिंग्स रात के अंधेरे में लगाए जाते है, इसलिए मनपा ने पुलिस विभाग से अपील की है कि उनकी गश्ती इकाइया रात में ऐसे कृत्य करने वालों पर सीधे नजर रखें और उन पर तुरंत एफआईआर दर्ज करें। नागपुर मनपा ने अदालत से यह भी कहा है कि जिन 807 लोगों के पते नहीं मिल पाए है। पुलिस उनकी




पहचान करने और उन्हें ट्रेस करने में मदद करे, ताकि उन पर कानूनी कार्रवाई हो सकें।

**अधिकारियों पर गिरी गाज, 3 दिन का अल्टीमेटम :** कोर्ट के आदेशों की अवमानना और अपनी वैधानिक ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में मनपा के उपायुक्त मिलिद मेश्राम ने 12 मार्च 2026 को जोन-1 से लेकर जोन-10 तक के सभी वार्ड अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस थमा दिए है। इन नोटिसों में स्पष्ट रूप से अधिकारियों को फटकार लगाई गई है कि वे सार्वजनिक संपत्ति विदूपीकरण अधिनियम 1995 के तहत स्न्ढ्ढक्र दर्ज करने, होर्डिंग हटाने का खर्च और जुर्माना वसूलने में विफल रहे है।

साथ ही, दैनिक रूप से WhatsApp' के माध्यम से मिलने वाली शिकायतों पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। सभी अधिकारियों को 3 दिन के भीतर जवाब पेश करने का आदेश दिया गया है, अन्यथा उन्हें हाई कोर्ट की अवमानना का जिम्मेदार मानकर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

**जुर्माना बढ़ाने की तैयारी व नई तकनीक का इस्तेमाल :** वर्तमान में 20 फरवरी 2018 के एक प्रस्ताव के अनुसार अवैध होर्डिंग लगाने वालों पर मात्र 500 रु। का जुर्माना है। मनपा आयुक्त ने हलफनामे में स्वीकार किया है कि यह राशि बहुत ही मामूली है।

# भारत में निवेश का 'महाकुंभ', 5 साल में 76 लाख करोड़ की छलांग लगाने को तैयार इंडिया, दिग्गज फर्म का बड़ा दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और मध्य पूर्व में जारी संघर्ष के बीच वैश्विक ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली ने भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर एक बेहद सकारात्मक रिपोर्ट जारी की है। मॉर्गन स्टेनली का मानना है कि मौजूदा संकट भारत के लिए दीर्घकालिक निवेश वृद्धि का अवसर बन सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का इन्वेस्टमेंट-टू-जीडीपी रेशियो वित्त वर्ष 2030 तक बढ़कर 37.5 प्रतिशत हो सकता है, जो पहले के 36.5 प्रतिशत अनुमान से अधिक है। इसका मतलब है कि अगले 5 वर्षों में लगभग 800 अरब डॉलर (करीब 76 लाख करोड़ रुपये) का अतिरिक्त पूंजी निवेश हो सकता है।

ब्रोकरेज फर्म के अनुसार, इस निवेश चक्र से भारतीय शेयर बाजार को बड़ी मजबूती मिलेगी। जीडीपी में कॉर्पोरेट मुनाफे की हिस्सेदारी बढ़ेगी। इससे कंपनियों की कमाई में 15 प्रतिशत से ज्यादा ष्टत्रक्रकी वृद्धि हो सकती है। मॉर्गन स्टेनली का अनुमान है कि यह गति भारतीय बाजार को वित्त वर्ष 2031 की कमाई के 10 गुना तक ले जा सकती है।

भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत कच्चा तेल और 50 प्रतिशत प्राकृतिक गैस आयात करता है। मिडिल ईस्ट संकट ने इस निर्भरता के जोखिम को उजागर किया है। भारत रक्षा खर्च को जीडीपी के 2 प्रतिशत से बढ़ाकर वित्त वर्ष 2031 तक 2.5 प्रतिशत करने का लक्ष्य रख रहा है।

### एनर्जी सेक्टर में आत्मनिर्भरता की ओर भारत




इसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी और 'मेड इन इंडिया' हथियारों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। डेटा लोकलाइजेशन नीतियों और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण वैश्विक कंपनियां अपना डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर भारत ला रही हैं। भारत की डेटा सेंटर क्षमता वर्तमान के 1.8 जीडब्ल्यू से बढ़कर वित्त वर्ष 2031 तक 10.5 जीडब्ल्यू होने का अनुमान है। डीएपी और एमओपी जैसे आयातित इनपुट्स पर निर्भरता कम करने के लिए घरेलू यूरिया उत्पादन बढ़ाया जा रहा है और आयात के स्रोतों में विविधता लाई जा रही है।

## सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एमसीएक्स से शुरुआती कारोबार में सोने की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। चांदी का रेट भी नीचे आ गया है। डॉलर की मजबूती और महंगाई बढ़ने की आशंका का असर




सोने और चांदी की कीमतों पर दिखाई दे रहा है। इसके अलावा कच्चे तेल का रेट लगातार 100 डॉलर के ऊपर ही बना हुआ जिसकी वजह से भी गोल्ड की रफ्तार पर असर पड़ा है। एमसीएक्स गोल्ड जून फ्यूचर्स 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 151005 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर ट्रेड कर रहा है। वहीं, एमसीएक्स सिल्वर जुलाई फ्यूचर्स का रेट 0.15 प्रतिशत की गिरावट के बाद 250549 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ट्रेड कर रहा है। बता दें, आज डॉलर इंडेक्स में 0.06 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। जिसका असर गोल्ड मार्केट पर दिख रहा है। मनोज कुमार जैन कहते हैं, 'गोल्ड को 4632 डॉलर से 4600 रुपये के स्तर पर सपोर्ट दिखा रहा है। वहीं, 4700 से 4740 डॉलर पर रेसिस्टेंस दिखा रहा है। सिल्वर का सपोर्ट प्राइस 74.40 डॉलर या 72 डॉलर है। वहीं, 78.80 डॉलर से 80.40 डॉलर प्रति ट्रॉय रेसिस्टेंस दिखा रहा है।' रविवार को ट्रंप ने कहा था कि अमेरिके प्रतिनिधियों की ईरान के साथ काफी पॉजिटिव बातचीत हुई है। पश्चिम एशिया में हुए घमासान की वजह से सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। पिछले हफ्ते यूएस फेड रिजर्व ने ब्याज दरों को 3.5 प्रतिशत से 3.75 प्रतिशत तक बरकरार रखा था। आंकड़ों के अनुसार पर्सनल कंजम्पशन एक्सपेंडिचर प्राइस इंडेक्स में 0.70 प्रतिशत का इजाफा हुआ था। जोकि मार्च 2022 के बाद सबसे बड़ी बढ़ोतरी है। गुरुवार को इंडियन बुलियंस ज्वैलर्स एसोसिएशन की रिपोर्ट 24 कैरेट गोल्ड का रेट 148652 रुपये था। 23 कैरेट गोल्ड का रेट 148057 रुपये, 22 कैरेट गोल्ड का रेट 136165 रुपये, 18 कैरेट गोल्ड का रेट 111489 रुपये और 14 कैरेट गोल्ड का रेट 86961 रुपये प्रति 10 ग्राम था। बता दें, गुरुवार को चांदी का रेट 236882 रुपये प्रति किलोग्राम था।

## पेट्रोल 82.46 रुपये, डीजल 78.05 रुपये, कीमतों में कोई इजाफा नहीं किया गया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑयल मार्केटिंग कंपनियों की तरफ से आज एक बार फिर से लोगों को राहत दी गई है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज सोमवार को भी कोई इजाफा नहीं किया गया है। कीमतें अपने पुराने स्तर पर बरकरार हैं। कच्चे तेल की कीमतों में जारी तेजी की वजह से ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को हर दिन घाटा हो रहा है। बता दें, 2022 के बाद से ही सरकारी तेल कंपनियों की तरफ से सामान्य पेट्रोल और डीजल के रेट में कोई इजाफा नहीं किया गया है। दिल्ली में आज सोमवार को पेट्रोल 94.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं, पोर्टब्लेयर में पेट्रोल का रेट 82.46 रुपये और डीजल 78.05 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। सरकार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 4 से 5 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया जा सकता है। एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भी बढ़ोतरी की संभावना है। सबसे पहले नायरा एनर्जी ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा किया था। कंपनी ने मार्च पेट्रोल की कीमतों में 5 रुपये और डीजल की कीमतों में 3 रुपये का इजाफा किया था। इसके बाद शेल इंडिया लिमिटेड ने पेट्रोल का रेट 7.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल का रेट 25.01 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। युद्ध की वजह से कच्चे तेल का रेट 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर ही बना हुआ है। जिसकी वजह से तेल कंपनियों के ऊपर काफी दबाव है। युद्ध से पहले कच्चे तेल का रेट 70 डॉलर प्रति बैरल के आस-पास था।

## एलपीजी सप्लाई पर सरकार ने दिया बड़ा अपडेट, 46000 मीट्रिक टन गैस लेकर आ रहा टैंकर 13 मई को पहुंचेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में एलपीजी सप्लाई को लेकर केंद्र सरकार ने रविवार को बड़ा अपडेट दिया। सरकार ने कहा कि देश में एलपीजी की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है और शनिवार को लगभग 47.7 लाख एलपीजी सिलिंडरों की बुकिंग हुई और करीब 47 लाख सिलिंडर डिलीवर किए गए। वहीं सरकार ने कहा कि 46000 मीट्रिक टन रसोई गैस लेकर आ रहा टैंकर 13 मई को विशाखापत्तनम पहुंचेगा। इससे देश में गैस की सप्लाई और बढ़ेगी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बयान में कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के बावजूद, सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि घरेलू एलपीजी, घरेलू पीएनजी और सीएनजी (ट्रांसपोर्ट) के लिए 100 प्रतिशत आपूर्ति की जा रही है। विदेश मंत्रालय खाड़ी और पश्चिम एशिया की स्थिति पर चौबीसों घंटे नजर रख रहा है। भारतीय दूतावास और वाणिज्य दूतावास स्थानीय सरकारों के साथ संपर्क में हैं और हेल्पलाइन के माध्यम से नागरिकों की मदद कर रहे हैं। इस दौरान सरकार ने लोगों को सलाह भी दी। डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। साथ ही कहा कि अफवाहों से सावधान रहें और सही जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें। मंत्रालय ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने 3 अप्रैल 2026 से अब तक 5 किलोग्राम के एफटीएल सिलेंडरों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए 10,100 से ज्यादा शिविर आयोजित किए।

## टाटा ग्रुप में थम नहीं रहा विवाद, टाटा संस के बोर्ड से बाहर हो सकते हैं वेणु श्रीनिवासन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने टाटा ग्रुप में विवाद बढ़ता जा रहा है। टाटा ट्रस्ट्स ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के बोर्ड में अपने रिप्रजेंटेशन की समीक्षा करने की तैयारी में है। इससे




टाटा संस के बोर्ड से दिग्गज उद्योगपति और टाटा ट्रस्ट्स के वाइस चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन बाहर हो सकते हैं। श्रीनिवासन ने हाल में टाटा संस की लिस्टिंग की वकालत की थी। टाटा ट्रस्ट्स का इस कंपनी में मैज्योरिटी स्टेक है। सूत्रों के मुताबिक ट्रस्ट्स ने 8 मई को होने वाली बैठक के एजेंडे में इसका प्रस्ताव रखा है।

ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक एजेंडे में ट्रस्ट्स के दो वाइस चेयरमैन विजय सिंह और श्रीनिवासन के बयानों का भी जिक्र किया गया है। इन बयानों से विवाद बढ़ा है क्योंकि उन्होंने टाटा संस की लिस्टिंग की वकालत की थी। पूर्व डिफेंस सेक्रेटरी विजय सिंह को पिछले साल टाटा संस के मेंबर के तौर पर रिन्यू नहीं किया गया था। मीटिंग के एजेंडे में टाटा संस में टाटा ट्रस्ट्स के रिप्रजेंटेशन की समीक्षा भी शामिल है। एक सूत्र ने कहा कि लिस्टिंग के सवाल पर चल रहे मतभेद को नजरअंदाज करना मुश्किल है। इस विवाद की जड़ में यह सवाल है कि टाटा संस को प्राइवेट रखा जाना चाहिए या उसकी लिस्टिंग होनी चाहिए। विजय सिंह और वेणु श्रीनिवासन ने लिस्टिंग की वकालत की थी जबकि चेयरमैन नोएल टाटा समेत अधिकांश मेंबर इसे प्राइवेट रखने के पक्ष में हैं। बोर्ड में रिप्रजेंटेशन की औपचारिक समीक्षा करने का फैसला इस बात का संकेत है कि ट्रस्ट्स सदस्यों के बीच आपसी तालमेल को मजबूत करना चाहते हैं। साथ ही वे यह भी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उनके नॉमिनी का रुख ट्र्स्ट्स के अनुरूप हो। हालांकि श्रीनिवासन को हटाना आसान नहीं होगा। इसकी वजह यह है कि कॉर्पोरेट वर्ल्ड में उनका अपना एक कद है और ट्रस्ट्स की लीडरशिप में भी उनकी अहम भूमिका है। यही वजह है कि 8 मई की बैठक को अहम माना जा रहा है। देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने टाटा ग्रुप में टाटा संस की लिस्टिंग का विवाद बढ़ता जा रहा है इस बीच टाटा संस के बोर्ड में अपने रिप्रजेंटेशन की समीक्षा करने की तैयारी में है टाटा ट्रस्ट्स टाटा संस से दिग्गज उद्योगपति और टाटा ट्रस्ट्स के वाइस चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन बाहर हो सकते हैं श्रीनिवासन और पूर्व डिफेंस सेक्रेटरी विजय सिंह ने टाटा संस की लिस्टिंग की वकालत की थी टाटा ट्रस्ट्स की 8 मई को होने वाली बैठक के एजेंडे में इससे जुड़े प्रस्ताव को शामिल किया गया है।

# बड़े विकासशील देशों की जरूरतों के लिए अपनी पूंजी बढ़ाए एडीबी : पंकज चौधरी

एजेंसी

**समरकंद (उजबेकिस्तान)/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को कहा कि एशियाई विकास बैंक (एडीबी) को अपनी पूंजी विस्तार के उपायों को बढ़ाना होगा ताकि भारत जैसे बड़े विकासशील सदस्य देशों के विकास वित्तपोषण में उधारी सीमा कोई बाधा न बने। पंकज चौधरी ने एडीबी की यहां आयोजित वार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत जैसे देश अपनी उधारी सीमा के करीब पहुंच सकते हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि पूंजी विस्तार के जरिए एडीबी की ऋण देने की क्षमता को बढ़ाई जाए, जिसमें हाइब्रिड और कॉलेबल पूंजी शामिल है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने एडीबी की सालाना बैठक में अपने संबोधन में यह भी कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच इस



बहुपक्षीय फंडिंग संस्था को टिकाऊ और मजबूत क्षेत्रीय विकास को समर्थन देने के लिए ₹ज्यादा बदलाव लाने वाला नजरिया₹ अपनाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक माहौल कई आपस में जुड़ी चुनौतियां पेश करता है, जिनमें ऊर्जा, भोजन, कर्ज, सप्लाई चेन और राजकोषीय संतुलन से जुड़ी चुनौतियां शामिल हैं। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने एक्स पर जारी एक पोस्ट में लिखा है कि आज उज्बेकिस्तान में एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) की वार्षिक बैठक के उद्घाटन सत्र के दौरान भूटान और उज्बेकिस्तान के सम्मानित प्रतिनिधियों के साथ शिष्टाचार भेंट की।


### भारत और कनाडा के बीच एफटीए पर वार्ता का दूसरा दौर शुरू

**नई दिल्ली।** भारत और कनाडा ने द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की बातचीत का दूसरा दौर शुरू किया है। यह वार्ता वस्तुओं, सेवाओं और नीतिगत क्षेत्रों में व्यापार पर केंद्रित है। दोनों देशों का लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है। अधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि भारत और कनाडा ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत का दूसरा दौर शुरू किया है, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना है। इस समझौते को आधिकारिक रूप से व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है। दोनों देश के बीच हो रही इस बातचीत में वस्तुओं, सेवाओं तथा अन्य पारस्परिक रूप से सहमत नीतिगत क्षेत्रों में व्यापार पर चर्चा की जाएगी।

## सेंसेक्स 355 अंक की तेजी के साथ 77,269 पर बंद, निफ्टी 24,119 पर

**मुंबई, एजेंसी।** घरेलू शेयर बाजार में दिन की शुरुआत जोरदार तेजी के साथ हुई लेकिन दोपहर तक बाजार ने अपनी अधिकांश बढ़त गंवा दी। BSE Sense& और Nifty 50 शुरुआती उछाल के बाद दबाव में आ गए। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 355.90 अंक की तेजी के साथ 77,269.40 के स्तर पर आ गया। निफ्टी में 121.75 अंक की तेजी रही, ये 24,119.30 के स्तर पर बंद हुआ।

सुबह कारोबार में बीएसई सेंसेक्स करीब 1.3त्न यानी लगभग 997 अंक की तेजी के साथ 77,910 के स्तर तक पहुंच गया था, जबकि निफ्टी 50 भी 292 अंक चढ़कर 24,300 के करीब




पहुंच गया था लेकिन दोपहर 1-08 बजे तक दोनों सूचकांक अपनी बढ़त गंवाकर सीमित दायरे में रह गए।

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार शुरुआती तेजी के बाद निवेशकों ने ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली शुरू कर दी, जिससे बाजार पर दबाव बढ़ गया। इसके साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी सेंटीमेंट को कमजोर किया। गुरुवार को ही FII ने भारी मात्रा में शेयर बेचे थे। बीजेपी को पश्चिम बंगाल चुनाव रुझानों में बढ़त मिलने से शुरुआती तेजी जरूर आई, लेकिन यह उत्साह जल्द ही ठंडा पड़ गया। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि चुनावी प्रभाव अल्पकालिक रहा।

**वैश्विक और मुद्रा दबाव-** अंतरराष्ट्रीय तनाव, खासकर अमेरिका-ईरान संबंधों को लेकर अनिश्चितता और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने भी बाजार पर असर डाला। ब्रेंट क्रूड करीब 110 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ है।

# 10 टुकड़े में बंटा पेनी स्टॉक, अब कंपनी बांटेगी 2 बोनस शेयर, 475 प्रतिशत चढ़ चुका है शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक छोटी कंपनी स्ट्रिंग मेटावर्स लिमिटेड ने अपने शेयरधारकों के लिए बड़े तोहफे का ऐलान किया है। स्ट्रिंग मेटावर्स ने निवेशकों को बोनस शेयर बांटने की घोषणा की है। कंपनी के बोर्ड ने आम शेयरधारकों को 2:9 के रेशियो में बोनस शेयर देने की मंजूरी दी है। यानी, कंपनी पब्लिक शेयरहोल्डर्स को हर 9 शेयर पर 2 बोनस शेयर देगी। कंपनी के प्रमोटर और प्रमोटर ग्रुप ने स्वैच्छिक रूप से बोनस शेयर इश्यू में शामिल होना छोड़ दिया है। ऐसे में बोनस शेयर का पूरा ही अलॉटमेंट विशेष रूप से पब्लिक शेयरहोल्डर्स के लिए होगा। यानी, कंपनी के आम निवेशकों को ही बोनस शेयर मिलेंगे। स्ट्रिंग मेटावर्स के शेयर 3 साल में 6721 पर्सेंट उछल गए हैं।

स्ट्रिंग मेटावर्स हाल में अपने शेयर का भी बंटवारा कर चुकी है। यह पेनी स्टॉक 10 टुकड़े में बंट चुका है। स्ट्रिंग मेटावर्स के शेयर 24 अप्रैल 2026 को स्टॉक स्प्लिट (शेयर का बंटवारा) की रिकॉर्ड डेट पर थे। स्ट्रिंग मेटावर्स ने अपने शेयर को 10 टुकड़ों में बांटा है। कंपनी ने 10 रुपये फेस वैल्यू वाले अपने शेयर का बंटवारा 1-1 रुपये फेस वैल्यू वाले 10 शेयरों में किया है।

स्ट्रिंग मेटावर्स ने पिछले हफ्ते अपने इक्विटी शेयरों के ऑफर फॉर सेल के



सफलतापूर्वक पूरा होने की घोषणा की थी। कंपनी के ऑफर फॉर सेल को सारी कैटेगरीज में मजबूत रिस्पॉन्स मिला। नॉन-रिटेल इनवेस्टर्स सेगमेंट को 149 पर्सेंट सब्सक्रिप्शन मिला। वहीं, रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 495 पर्सेंट सब्सक्राइब हुआ है।

स्ट्रिंग मेटावर्स के शेयर पिछले 2 साल से भी कम में 475 पर्सेंट चढ़ गए हैं। यह पेनी स्टॉक 8 नवंबर 2024 को 1.66 रुपये पर थे। स्ट्रिंग मेटावर्स के शेयर 4 मई 2026 को 9.55 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 32.44 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 7.20 रुपये है। सितंबर 2025 तिमाही के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के मुताबिक, कंपनी में प्रमोटर की हिस्सेदारी 81.29 पर्सेंट थी, जबकि पब्लिक शेयरहोल्डिंग 18.21 पर्सेंट रही। बीएसई पर उपलब्ध डेटा के मुताबिक, स्ट्रिंग मेटावर्स के शेयर पिछले 10 साल में 7858 पर्सेंट उछल गए हैं। वहीं, पिछले 5 साल में कंपनी के शेयरों में 3879 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। स्ट्रिंग मेटावर्स के शेयर पिछले 3 साल में 6721 पर्सेंट चढ़ गए हैं।

# बिटकॉइन फिर से 100000 डॉलर के पार पहुंचेगा? एक साल में 18 प्रतिशत से ज्यादा की आ चुकी है गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जब भी निवेशकों के बीच में क्रिप्टोकरेंसी की बात होती है, बिटकॉइन का जिक्र जरूर होता है। इसने निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दिया है। लेकिन पिछले कुछ समय से इसके प्रदर्शन में गिरावट आई है। पिछले साल अक्टूबर में एक बिटकॉइन की कीमत करीब 1.25 लाख डॉलर पहुंच गई थी। लेकिन बाद में इसमें गिरावट आनी शुरू हुई। इस समय एक बिटकॉइन 78,000 डॉलर से कुछ ही ऊपर है। ऐसे में निवेशकों के मन में सवाल है कि क्या यह फिर से एक लाख डॉलर के आंकड़े को पार कर पाएगा?

संडे शाम 6 बजे एक बिटकॉइन करीब 78,707 डॉलर पर कारोबार कर रहा था। पिछले 24 घंटे में इसमें मामूली तेजी आई है। वहीं एक हफ्ते में इसमें करीब 0.90 प्रतिशत का उछाल आया है। हालांकि एक महीने में इसमें कुछ तेजी दिखाई दी है और 17 फीसदी से ज्यादा उछल गया है। लेकिन एक साल में यह 18 फीसदी से ज्यादा गिर भी गया है।



पिछले साल उतार-चढ़ाव के बाद भी बिटकॉइन ने ऑल टाइम हाई (करीब 1.25 लाख डॉलर) का रेकॉर्ड बनाया था। अक्टूबर के शुरुआत तक इसमें तेजी बनी रही। लेकिन ऑल टाइम हाई पर पहुंचते ही इसमें उतार आना शुरू हो गया। करीब डेढ़ महीने में ही यह 90,000 डॉलर के नीचे आ गया। इस साल फरवरी के शुरुआत में स्थिति और ज्यादा खराब हो गई। उस समय एक बिटकॉइन की कीमत 65,000 डॉलर से नीचे आ गई थी। अपने ऑल टाइम हाई के मुकाबले बिटकॉइन इस समय करीब 37 प्रतिशत नीचे है।

कॉइनस्विच के को-फाउंडर आशीष सिंघल के मुताबिक बिटकॉइन में पिछले एक महीने से तेजी आ रही है। यह रिटेल और संस्थागत निवेशकों के नए विश्वास का संकेत देती है। हालांकि, फिलहाल बाजार 'वेट-एंड-वॉच' की स्थिति में है, जहां निवेशक आगामी एफओएमसी बैठक से मिलने वाले संकेतों जैसे नियामक घटनाक्रमों के रूप में सकारात्मक ट्रिगर्स की तलाश कर रहे हैं।

बाजार का सेंटिमेंट फिलहाल न्यूट्रल है, जो अत्यधिक उत्साह के बजाय रिकवरी का संकेत देता है। बिटकॉइन का मार्केट डोमिनेंस 60 प्रतिशत से ऊपर है, जिसका अर्थ है कि पूंजी अभी भी बड़े एसेट्स में केंद्रित है। हालिया तेजी स्पॉट बाइंग के बजाय फ्यूचर्स डिमांड से प्रेरित है, जिससे बाजार में उतार-चढ़ाव का जोखिम बना रह सकता है। रिया सहगल, रिसर्च एनालिस्ट, डेल्टा एक्सचेंज क्या बिटकॉइन 100000 डॉलर के पार पहुंचेगा? फिलहाल बिटकॉइन 78,000 डॉलर के आसपास ट्रेड कर रहा है। कई एक्सपर्ट ने बिटकॉइन के लिए सकारात्मक भविष्यवाणियां की हैं। अधिकांश विशेषज्ञों का मानना है कि साल 2026 के अंत तक बिटकॉइन 84,500 डॉलर से 1,18,400 डॉलर के बीच रह सकता है।

## तोरे ले मोंय तरसथों


– डॉ.लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक, तपकरा।

हाय रे ए राजा....
तोरे ले मोंय तरसथों,
आयके तनिक छतिया से
लगाय ले नी....
तोरे ले मोंय तरसथों।। ध्रु।।

भावे ना भोजन मोके,
रही-रही मन खोजे तोके,
गुणी- गुणी के रहथों,
एको कटि दरस देखाय दे नी
तोरे ले मोंय तरसथों।। 1।।
नयना में सुरति बसल,
अंगे- अंगे तोर प्रीत रचल,
सोंची- सोंची के कुहकथों,
एको तनिक सुधी मोरके ले ले नी
तोरे ले मोंय तरसथों।। 2।।

मन में तोरे धेयान,
कैसे करों मोंय ईके बयान,
तोरे नाम के जपथों,
मुरझल मने आयके जान डाईल दे नी
तोरे ले मोंय तरसथों।। 3।।

टुईट जाथे मोरे आस,
तोहें आहीस मोरले खास,
तोरे ले मोंय जीयथों,
*नारायण* मोरे लेगिन
एको घरी तो आय जा नी
तोरे ले मोंय तरसथों।। 4।।

## हाथी कर दवाई


रामदेव बड़ाईक, रांची

हाथी के भेत रहे,
बार-बार दिसा,
हाथी ज रहे नहीं, काचा - पइसा।

गेलैं हाथी डागडर ज,
करलैं जोहाइर ,
तले अपन दुख कर ऊ, करलैं गोहाइर।

डागडर बाबू हों करलैं,
जय - जोहाइर,
तले हाथी के पुछलैं ऊ, बात दू - चाइर।

देलैं डागडर दवाई उनके,
दुई - तीन बोरा,
पहिले खाय कहलैं, आठ-दस कांधी केरा।

तले डागडर खाय कहलैं,
दवई एक बोरा,
कहलैं दोसर दिन खाली पेट,
फिर एक बोरा ।

# रांची सदर अस्पताल में अग्नि सुरक्षा सप्ताह कर सुभारंभ

**नवनियुक्त स्वस्थ्यकरमीमन ले उनमुखीकरन कार्जकरम कर आयोजन**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** अग्नि सुरक्षा सप्ताह (4 से 10 मई, 2026) कर अवसर में रांची सदर अस्पताल में राइज अस्तरीय कार्जकरम कर आयोजन सोमार के करल गेलक। कार्जकरम कर सुभारंभ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर अभियान निदेसक शशि प्रकाश झा करलयं। ई अवसर में राइज स्तरीय पदाधिकारी, चिकित्सक, स्वास्थ्यकरमी आउर करमचारीमन के अभियान निदेसक अग्नि सुरछा कर सपथ खियालयं। सपथ कर माध्यम से सउब के अग्नि दुर्घटना कर रोकथाम, आपातकालीन इस्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया आउर सुरछा उपाय कर प्रति जागरूक करलयं।

ई बछर अग्नि सुरक्षा सप्ताह कर थीम ₹सुरक्षित स्कूल, सुरक्षित अस्पताल और अग्नि सुरक्षा जागरूक समाज-आग की रोकथाम के लिए मिलकर प्रयास₹ आहे। कार्जकरम कर दौरान अग्नि सुरछा कर महत उपरे बिसेस जोर देते सउब स्वास्थ्य संस्थानमन के सतर्क आउर तैयार रहेक कर संदेस देल गेलक।

अभियान निदेसक शशि प्रकाश झा सउब जिला अस्पताल आउर स्वास्थ्य केंद्र से अपील करलयं कि ऊमन ई हप्ताह के गंभीरता से मनाते अग्नि सुरछा कर प्रति जागरुकता फैलावयं। निर्धारित गतिबिधि में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करयं। कार्जकरम में सउब स्वास्थ्य संस्थान के अग्नि सुरछा मूल्यांकन कइर के उकर रिपोर्ट आईएचआईपी पोर्टल में अपलोड करेक कर निरदेस देल गेलक। संगे, सउब स्वास्थ्य केंद्र में फायर सेफ्टी ऑडिट अनिवार्य रूप से करेक आउर अग्निसमन उपकरन कर उपलब्धता आउर कार्जसीलता कर जांच सुनिश्चित करेक उपरे जोर देल गेलक। जन-जागरुकता बढ़ायेक कर उद्देस से बिभिन्न गतिबिधि आयोजित करल जाई, जेकर में पोस्टर मेकिंग प्रतिजोगिता, प्रस्नोत्तरी, निकासी मार्ग (एग्जिट प्लान) कर निरमान, आग से संबंधित संभावित खतरा कर जानकारी, स्वास्थ्यकरमीमन कर छमता निरमान आउर मॉक ड्रिल सामिल आहे।







राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर अंतर्गत नवनियुक्त स्वस्थ्यकरमीमन ले उनमुखीकरन कार्जकरम कर आयोजन सदर अस्पताल राँची मसीन करल गेलक। ई दौरान नवनियुक्त स्वस्थ्यकर्मी एएनएम, लैब टेक्नीसियन के रास्ट्र स्वास्थ्य मिशन कर अंतर्गत चलाल जायेक वाला बिभिन्न कार्जकरम कर बारे में बिस्तृत जानकारी देल गेलक। सिभिल सर्जन डॉ प्रभात कुमार कर द्वारा अग्नि सुरछा के लेइ के सपथ खियाल गेलक। कार्जकरम में राइज अस्तर से डॉ. प्रवीण कर्ण, राज्य महामारी बिसेसग्य, अतिन्दर उपाध्याय, परामर्शी-क्वालिटी सेल, जिला अस्तर से डॉ बिमलेश सिंह, उपाधीछक सदर अस्पताल,चिकित्सक, जिला कार्जकरम प्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह, हॉस्पिटल मैनेजर शाहनवाज, जिला कार्जकरम समन्वयक प्रीति, अन्य स्वास्थ्यकरमी आउर एएनएम इस्कूल कर छातरामन पहुंचल रहयं।

# मैट्रिक कर परीछा में उत्कृस्ट परदरसन करेक वाला छातर-छातरामन कर सम्मान

**सफलता कर ई पहिल सीढ़ी, मेहनइत करेक कर आदत राखु जारी : उपायुक्त**

**एजेंसी**

**लोहरदगा।** मैट्रिक कर बारसिक परीछा में उत्कृस्ट परदरसन करेक वला जैक बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड, आईसीएसई बोर्ड आउर मुख्यमंत्री उत्कृस्ट बिद्यालय कर छातर-छातरामन के आइज जिला परसासन सम्मानित करलक। कार्जकरम नया समाहरणालय भवन कर सम्मेलन कछा में भेलक।

ई अवसर में उपायुक्त कहलयं कि सफलता कर ई पहिल सीढ़ी आहे। मेहनइत करेक कर ई आदत के आगे भी बनाय राखू। आपने कर सफलता में जिनकर जोगदान रइह हे, उनकर प्रति आपन कृतग्यता जरूर जाहिर करु। जिनगी में जे पद में पहुंचु, आपन बिद्यालय आउर गांव कर बिकास ले जरूर कुछ ना कुछ करु।





उपायुक्त कहलयं अइसन कार्जकरम परखंड आउर बिद्यालय अस्तर में भी आयोजित करल जाई, जिकर से दूसरमन के भी प्रेरना मिले। इकर से बिद्यालय अस्तर में हे छातर-छातरामन में प्रतिस्पर्द्धा आवी। ऊमन बेहतर करेक ले लगातार प्रयासरत होंबयं।

उपायुक्त कहलयं कि जे बिद्यालयमन में सिछकमन कर कमी आहे, ऊ बिद्यालय में ऑनलाईन कछा कर आयोजन कइर के सिलेबस पूरा करल जाई। ई बछर सिछकमन कर एगो पैनल तैयार करल जात हे, जे ऑनलाईन कछा लेंबयं। इकर से सिछकमन कर कमी दूर होवी। छउवामन के सिलेबस पूरा करेक में सहजोग मिली। कार्जकरम में जैक बोर्ड में जिला अस्तर में उत्कृस्ट परदरसन करेक वाला छातर-छातरामन में टॉप छह, सीबीएसई बोर्ड कर टॉप तीन, आईसीएसई बोर्ड कर टॉप तीन आउर मुख्यमंत्री उत्कृस्ट बिद्यालय में से टॉप तीन गो छातर-छातरामन के मेडल, प्रसस्ति पत्र आउर उपहार देइ के सम्मानित करल गेलक। ई अवसर में छातर-छातरामन कर द्वारा भी आपन बिचार बेक्त करलयं। ई अवसर में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परिजोजना निदेसक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमंडल दंडाधिकारी अमित कुमार, जिला सिछा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, जिला सिछा अधीछक अभिजीत कुमार संगे सउब छातर-छातरा आउर उनकर अभिभावकमन पहुंचल रहयं।





# राष्ट्रव्यापी अग्नि सुरक्षा सप्ताह कर सुभारंभ, संकल्प समारोह भी आयोजित

**संस्थानमन में सुरछा सुनिश्चित करेक सामूहिक जिम्मेदारी : श्रीवास्तव**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य आउर परिवार कल्याण मंत्रालय सुरछित स्वास्थ्य सेवा बाताबरन सुनिश्चित करेक कर आपन प्रतिबद्धता के सुदृढ़ करते राष्ट्रव्यापी अग्नि सुरक्षा सप्ताह कर सुभारंभ करलक। ई सउब राइज आउर केंद्र सासित प्रदेस कर संगे साझेदारी में आउर संबंधित केंद्रीय मंत्रालय आउर बिभाग कर समन्वय से करल गेलक। ई आयोजन कर उद्घाटन केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव श्रीमती पुण्य सलीला श्रीवास्तव कर नेतृत्व में ₹स्वास्थ्य सुविधा अग्नि सुरक्षा₹ बिसय उपरे राष्ट्रव्यापी संकल्प समारोह कर संगे करल गेलक, जेकर में अग्नि निवारन तैयारी आउर प्रत्युत्तर परनाली के मजबूत



करेक ले स्वास्थ्य संस्थान आउर हितधारकमन कर सामूहिक प्रतिबद्धता कर पुष्टि करल गेलक।

ई अवसर में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव श्रीमती पुण्य सलीला श्रीवास्तव कहलयं कि ई बछर कर अग्नि सुरक्षा सप्ताह कर बिसय ञसुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल और अग्नि



सुरक्षा के प्रति जागरूक समाजः अग्नि निवारण के लिए एकजुटञ आहे। ई बात के दरसायला कि हमिन कर संस्थान में सुरछा सुनिश्चित करेक एगो साझा आउर सामूहिक जिम्मेदारी आहे। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ई बात उपरे संतोस बेक्त करलयं कि सरकारी संस्थान संगे 50,000 से बेसी प्रतिभागी पहिलेहे आईजीओटी अग्नि सुरछा पाठ्यक्रम पूरा कइर चुइक हयं। ऊ ई किसिम कर प्रयास के बयापक स्तर में बढ़ायेक कर महत उपरे जोर देलयं। ऊ कहलयं कि जन भागीदारी कत माध्यम से देस भइर में अग्नि सुरछा के मजबूत करेक में सार्थक आउर स्थायी प्रभाव प्राप्त करल जाए सकेला। महानिदेसक (अग्निशमन सेवा) सुनील कुमार झा स्वास्थ्य सुबिधा में अग्नि सुरछा ले सक्रिय आउर परनाली-आधारित दृष्टिकोन कर महत उपरे जोर देलयं। ऊ बतालयं कि अस्पताल में बहुते संबेदनसील आउर जटिल बातावरण होवेला, जहां छोट-मोट चूक भी गंभीर परिनाम देइ सकेला। ऊ बतालयं कि अग्नि घटना के रोकेक आउर प्रभावी आपातकालीन प्रत्युत्तर सुनिश्चित करेक ले तैयारी, समन्वय आउर निरंतर सतर्कता महतपूर्न आहे। ई अवसर में, मंत्रालय स्वास्थ्य सुबिधा में अग्नि आउर जीवन सुरक्षा संबंधी राष्ट्रीय दिशानिर्देश (2026) कर आधिकारिक रूप से सुभारंभ भी करलक। ई दिसानिरदेस बिभिन्न प्रमुख संस्थान आउर अस्पताल कर बिसेसज्ञमन कर संगे बयापक परामर्स कर माध्यम से बिकसित करल जाए हे, जे स्वास्थ्य सुबिधा में अग्नि सुरछा के बढ़ायेक ले एगो मजबूत आउर बयापक ढांचा सुनिश्चित करयंना।

## हमर छोटा नागपुर


संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

**हिंया** कर धरती हरियर
हिंया कर सुन्दर बन,
कोइली कर बोली मिठा
झरना देवे बड़ी आनन्द।

अंगनई -डमकच,डाइर झुमइर
जोराय खेलैं धाइरे - धाइर,
मांदर ढांक नगेरा सहनाई बांसुरी
मोहे धोती फेटा,साड़ी लाल पाइर।

इसन हमर छोटा नागपुर
हिंया कर बोली,चिनी बातासा गुर,
रिसता इयार सहिया करम डाइर
एखनो ले जकड़ल है इ पेरेमक जेइर।

आउर बटे तरसैं,सेहो मिलेला हिंया
ना ना रकम कर साग तियन मन,
खाय के खेइल कर तो कहेके नखे
मुदा! भुलाय गेली आब बालपन।

हिंया कर धरती हरियर
हिंया कर सुन्दर बन,
कोइली कर बोली मिठा
झरना देवे बड़ी आनन्द।

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. JHABIL/2023/86791, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com